सर्वप्रथम साधक सोमवार की अमावस्या को खोदी हुई कुश घास का आसन बनाए। उसके बाद सूर्यग्रहण के समय में नदी तट पर अंजनी वृक्ष के नीचे बैठकर उक्त मन्त्र का जप करे। ऐसा करने से स्वामी वशीकरण होता है। साधक मन्त्र जपते हुए ध्यान रखे कि वह मन्त्र जपने के लिए केवल गंधोली फल की गुठलियों से बनी माला का ही प्रयोग करे। तभी यह सिद्धि सम्भव है अन्यथा यह मन्त्र सिद्धि सम्भव नहीं है।

[वेश्या वशीकरण मन्त्र]

ॐ कनक कामिनी आढा वाढा शूलमलाका पाजल पंचाल ॐ यं यं यः यः ।

साधक बिल्व (बेल) वृक्ष के नीचे काले मृगचर्म के आसन पर श्वेत काचली के पुष्प और बिल्वपत्र से उक्त मन्त्र का उच्चारण करते हुए हवन करे और हवन करते समय वेश्या की छवि को साधक ध्यान में रखे। यदि साधक

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

उस वेश्या का नाम जानता हो तो उसके नाम का भी उच्चारण करे तो वह वेश्या अवश्य ही साधक की दीवानी बन जाएगी।

[प्रेत वशीकरण मन्त्र]

ॐ साल सलीला मोसल ववाई काग पठंता धाई आई ॐ लं लं लं ठः ठः ।

साधक सबसे पहले उक्त मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। फिर साधक वसन्त ऋतु की शनिवार की रात्रि को बारह बजे वस्त्रहीन होकर बबूल के वृक्ष के तले आक की लकड़ी जलाकर काले तिल और काले उड़द की आहुति देते हुए हवन करे। हवन करते समय उक्त मन्त्रोच्चारण करता है। यदि साधक ऐसा करता है तो प्रेत साधक के सामने आ जाए तो भी साधक बिल्कुल भयभीत न हो अपितु अपने हाथ को थोड़ा चीरकर सात बूँदें रक्त की टपका दे। ऐसा करने से प्रेत साधक के वश में हो जाएगा।

[शत्रु वशीकरण मन्त्र]

ॐ नमो भगवते 'अमुकस्य' बुद्धि स्तंभन शत्रु फट् स्वाहा ।

साधक उक्त मन्त्र को वसन्त ऋतु की कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को पड़ने वाले शनिवार को श्मशान में जाकर शव की छाती पर काले कपड़े पहनकर स्फटिक माला से ग्यारह हजार बार जप करके सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक धतूरे के पके पत्ते और पीसी सरसों से एक सौ आठ बार हवन करे। 'अमुकस्य' की जगह साधक अपने शत्रु का नाम बाले। यदि साधक यह क्रिया विधिवत् सम्पूर्ण करता है तो उसे शत्रु की बुद्धि पलट जाएगी और शत्रु साधक के वश में हो जाएगा।

✪✪✪

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❀ स्तम्भन कर्म प्रयोग ❀

[जल स्तम्भन मन्त्र-१]

ॐ नमो भगवते जल स्तंभय स्तंभय ठः ठः स्वाहा ।

साधक उक्त मन्त्र से पद्माक्ष के चूर्ण को सात बार अभिमन्त्रित करके जल में डाल दे तब भी जल का स्तम्भन हो जाता है।

[जल स्तम्भन मन्त्र-२]

ॐ नमो भगवते रुद्राय जल स्तंभय ठः ठः ठः ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को एक लाख बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् प्रयोग के लिए केकड़े के पैर, दाँत और रक्त कछुए का दिल, सूंस की चर्बी और भिलावे के तेल को आग में पकाकर एक सौ आठ बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर साधक अपने शरीर पर लेप ले तो जल का स्तम्भन होता है अर्थात् जल में साधक का शरीर भीगता नहीं है। यदि साधक तोरई और लिसोड़े के बीजों तथा फलों को जल में पीसकर उक्त मन्त्र से एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित करके बहते हुए जल में डाल दे, तो भी जल का स्तम्भन हो जाता है। यदि जल में नमक डाल दिया जाए तो जल पुनः बहने लगता है।

[जल स्तम्भन मन्त्र-३]

ॐ नमो काला भैरों, कालिका का पूत ।
पगों खड़ाऊं हाथ, गुरुजी चलौ मन प्रभात ।
आक तू अगुरूं भरा तेरो न्यौती ।
मैं जहाँ करूं पूजा दिन सात ।
जो तू मन चीता कार्य कर दे मोहि ।
कुंकुम कस्तूरी केसर से पूजा करूं तुम्हारी ।
मोर मन चीत्यौ । मेरा कार्य करहु ।
गुरु गोरखनाथ की वाचा फुरै ।
शब्द सांचा, पिंड काचा ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सर्वप्रथम साधक पुष्य नक्षत्र काल में रविवार से पहले अर्थात् शनिवार की सन्ध्या को सफेद आक (मदार) को आमन्त्रित करके आए। तत्पश्चात् रविवार को सुबह उसकी जड़ उखाड़ लाए। अब साधक उस जड़ की खड़ाऊ बनाकर उक्त मन्त्र से एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित कर पहन कर जल पर चले तो साधक जल में डूबेगा नहीं। बल्कि ऐसे चलेगा जैसे वह थल मार्ग पर चल रहा हो।

[जल स्तम्भन मन्त्र-४]

ॐ थं थं थं थापि थाहि ।

यदि साधक दुलारा नामक पक्षी का पंख लाकर एक सौ आठ बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर बहते हुए जल में डाल दे तो जल का स्तम्भन हो जाता है अर्थात् जल का बहाव रूक जाता है।

[जल स्तम्भन मन्त्र-५]

ॐ अस्फोटपति धारा उल्मलूका क्रां क्रां क्रां ।

साधक रविवार को खटकुली पक्षी का पंख लाकर उसे उक्त मन्त्र से एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित कर अपनी क़ांख में दबाकर नदी के ठीक बीच में खड़ा हो जाए तो भी जल का स्तम्भन हो जाता है।

[अग्नि स्तम्भन मन्त्र-१]

जल बांधौं थल बांधौं आगी की लपट बांधौं दुहाई हनुमान की, दुहाई महावीर की, दुहाई लोना चमारिन की ।

साधक पहले उक्त मन्त्र को दीपावली की रात में एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। उसके बाद साधक यदि कहीं आग लगी हो तो उक्त मन्त्र को बोलते हुए अग्नि की परिक्रमा करे। ऐसा करने से अग्नि शान्त हो जाएगी।

[अग्नि स्तम्भन मन्त्र-२]

ॐ ह्रीं महिष मर्दिनी लह लह लह कठ कठ स्तंभन स्तंभन अग्नि स्वाहा ।

साधक उक्त सिद्ध मन्त्र को खैर की लकड़ी हाथ में लेकर एक सौ आठ बार जपकर अग्नि में जाए तो अग्नि का स्तम्भन होता है अर्थात् साधक अग्नि में जलता नहीं है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[अग्नि स्तम्भन मन्त्र-३]

ॐ नमो अग्नये ज्वालामुखी सहाय, शंकर सहाय, अग्नि शीतल हो जाय, पार्वती जी की दोहाई, लोना चमारिन की दोहाई, गुरु गोरखनाथ की दोहाई, शब्द सांचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक उक्त मन्त्र को शिशिर ऋतु में बृहस्पतिवार को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक आवश्यकता पड़ने पर स्नान करके शुद्धतापूर्वक एक लोटा कुएं का जल इस प्रकार खींचे कि लोटे और रस्सी का स्पर्श धरती से न हो। फिर लोटे को हाथ में लेकर साधक मन्त्र पढ़ते हुए लोटे के जल के छींटे अग्नि पर दे। ऐसा करने से अग्नि शान्त हो जाएगी।

[अग्नि स्तम्भन मन्त्र-४]

ॐ नमः अग्निरूपाय मे देहि स्तंभय कुरु कुरु स्वाहा ।

साधक मेढक की चर्बी को उक्त सिद्ध मन्त्र से एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित कर अपने शरीर पर लेप ले तो साधक पर अग्नि का जरा भी असर नहीं होता है।

[अग्नि स्तम्भन मन्त्र-५]

ॐ अहो कुंभकर्ण महाराक्षस कैकसी गर्भ संभूतं परसैन्य भंजन महारुद्रो भगवान रुद्र आज्ञा अग्नि स्तंभय ठः ठः ।

साधक शिशिर ऋतु में दो लाख बार मन्त्र का जप कर सिद्ध कर ले। प्रयोगकाल में जल को एक सौ बार अभिमन्त्रित कर इस जल की छींटे अग्नि पर डालने से जलती हुयी अग्नि भी बुझ जाएगी।

[अग्नि स्तम्भन मन्त्र-६]

अपार बांधौं विज्ञान बांधौं घोरा घाट अरू कोटी वैसंदर बांधौं हस्त हमारे भाई आनाहि देखे झझके मोंहि देखे बुझाइ हनुमंत बांधौं पानी हाइ जाइ अग्नि भवने के भवै जस मदमाती हाथी हो वैसंदर बांधौं नारायण भाषौ मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधक उक्त मन्त्र को विधिवत् दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। उसके बाद साधक को जब कभी भी अग्नि का स्तम्भन करना हो तो उक्त मन्त्र से जल को सात बार अभिमन्त्रित कर छींटे मार दे। ऐसा करने से अग्नि शान्त हो जाएगी।

[अग्नि स्तम्भन मन्त्र-७]

ॐ नमो अग्निरूपाय मम शरीरे स्तंभनं कुरु कुरु स्वाहा ।

साधक दीपावली की रात में उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक उक्त मन्त्र से एक सौ आठ बार सोंठ, काली मिर्च, पीपल को अभिमन्त्रित कर चबाने के पश्चात् यदि अपने मुँह में जलता हुआ कोयला भी रख ले तो भी उसका मुँह नहीं जलता। इसी प्रकार केले और ग्वारपाठे के रस को मिश्रित कर उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर शरीर पर लेप लगाने से भी साधक का शरीर नहीं जलेगा।

[अग्नि शान्त करने का मन्त्र-८]

ॐ फः फः फः ।

साधक उक्त मन्त्र को शिशिर ऋतु में एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक बाज पक्षी की चोंच को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर अग्नि में डाल दे तो अग्नि शान्त हो जाती है।

[अग्नि शान्त करने का मन्त्र-९]

ॐ उत्तरस्यां दिग्वभोग मारीचौनाका राक्षसः तस्य मूत्रपुरीषाभ्यां हुतः वह्निः स्तंभय स्वाहा ।

साधक सर्वप्रथम इस मन्त्र को पहले मन्त्रानुसार ही दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् आवश्यकता पड़ने पर साधक गरम जल को अपने अंजुली में भरकर अग्नि के बीच में डाल दे तो अग्नि शान्त हो जाती है।

[अग्नि शान्त करने का मन्त्र-१०]

ॐ नमो कोरा करिया, जल सों भरिया, लै गोरा के सिर पर धरिया, ईश्वर वाले गौर नहाय, जलती अग्नि शीतल हो जाय, शब्द सांचा पिंड कांचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा सत्य नाम आदेश गुरु का ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को शीत ऋतु में विधिवत् एक लाख बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक को जब कभी भी इसका प्रयोग करना हो तो मिट्टी के कोरे कलश के जल से स्नान करके उसी कलश के जल को इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर छींटे मारे। जल के छींटे जितनी अधिक दूर तक जाएंगे उतनी दूर की अग्नि शांत हो जाएगी। अग्नि शान्त होने के बाद साधक इक्कीस ब्राह्मणों को भोज कराए और उक्त मन्त्र की एक सौ आठ आहुति देकर हवन करे।

[मुख स्तम्भन मन्त्र]

ॐ ह्रीं रक्षके चामुंडे कुरु कुरु अमुक मुखं स्तंभय स्वाहा ।

सर्वप्रथम साधक उक्त मन्त्र को नदी तट के एकान्त स्थान पर एक लाख बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक पलाश की जड़ को एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित कर तालु में रखकर अपने शत्रु के सामने जाए तो शत्रु का स्तम्भन होता है। इसी प्रकार साधक अर्जुन वृक्ष की छाल और जड़ को उक्त मन्त्र से इक्कीस बार अभिमन्त्रित कर अपने मुँह में रखकर जाए तब शत्रु का मुख स्तम्भन होता है अर्थात् साधक के शत्रु की बोलती बन्द हो जाएगी।

[मेघ स्तम्भन मन्त्र-१]

ॐ थं थ थ थाहि थाहिः ।

साधक शीत ऋतु के किसी भी शुभ बृहस्पतिवार को उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक अग्नि और जल को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर भूमि में गाड़ दे तो बारिश नहीं होती अर्थात् मेघ का स्तम्भन हो जाता है।

[मेघ स्तम्भन मन्त्र-२]

ॐ मेघान् स्तंभनं कुरु कुरु स्वाहा ।

साधक श्मशान की भस्म में नई ईंट पर चार रेखाएं बराबर-बराबर खींचकर उस पर एक ईंट और रखकर उक्त मन्त्र से एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित कर सूने स्थान पर उन ईंटों को दबा दे। ऐसा करने से मेघ स्तम्भन होता है जिसके फलस्वरूप वर्षा नहीं होती।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[पति स्तम्भन मन्त्र]

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मम पतिं स्तंभयं कुरु कुरु स्वाहा ।

स्त्री सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को निर्जन स्थान में दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् स्त्री प्रयोग हेतु शनिवार के दिन केसर, महावर, गोरोचन की स्वाही बनाकर उक्त मन्त्र को भोजपत्र पर लिखकर अपने गले में ताबीज बनाकर पहन ले। ऐसा करने से उसके पति का स्तम्भन हो जाता है।

[आसन स्तम्भन मन्त्र]

ॐ नमो दिगंबराय अमुकासनं स्तंभनं कुरु कुरु स्वाहा ।

सबसे पहले साधक नदी अथवा सरोवर के तट पर जाकर एकान्त में बैठकर उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक श्मशान से अग्नि लाकर नमक की आहुति देते हुए उक्त मन्त्र का एक सौ आठ बार जप करे। जप के समय साधक 'अमुक' के स्थान पर उस व्यक्ति के नाम का उच्चारण करे जिसका स्तम्भन वह चाहता है तो उसका आसन स्तंभित होता है। इसी प्रकार श्मशान से मृत व्यक्ति का सिर लाकर उसमें सफेद घुंघची के बीच बोए और रोज दूध से सींचता रहे। जब पेड़ तैयार हो जाए तब पेड़ की टहनी, जड़, लता को एक सौ आठ बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर साधक जिस भी व्यक्ति के मुँह में डालेगा उसी का आसन स्तंभित हो जाएगा।

[बुद्धि स्तम्भन मन्त्र-१]

ॐ नमो भगवते मम शत्रुं बुद्धिं विनष्टाय आगच्छ स्वाहा ।

सर्वप्रथम साधक को उक्त मन्त्र एक हजार बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् साधक हरताल और हल्दी को जल में पीकसर भोजपत्र पर अनार की टहनी की लेखनी से उक्त मन्त्र लिखकर हरे कपड़े में ताबीज बनाकर शत्रु के भवन-द्वार पर गाड़ दे। यदि साधक ऐसा करे तो शत्रु की बुद्धि का स्तम्भन हो जाता है अर्थात् साधक के शत्रु बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है।

[बुद्धि स्तम्भन मन्त्र-२]

ॐ नमो भगवते शत्रुणां बुद्धिं स्तंभय स्तंभय स्वाहा ।

सर्वप्रथम साधक को उक्त मन्त्र को एक लाख बार जपकर सिद्ध कर

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

लेना चाहिए। तत्पश्चात् साधक प्रयोग के लिए उल्लू की बीट को छाया में सुखाकर एक रत्ती बीट अनुमान से एक सौ आठ बार उक्त मन्त्र के द्वारा अभिमन्त्रित कर शत्रु को पान में खिला दे तो उस शत्रु की बुद्धि भ्रष्ट हो जाएगी।

[विष स्तम्भन मन्त्र-१]

ॐ नमो समुद्र, समुद्र में कमल, कमल में विषहर, बिच्छू कहूं तेरी जात, गरुड़ कहे मेरी अठारह जात, छह काला-छह कांबरा, छह कूं कूं बान, उतर रे उतर, नहीं तो गरुड़ पंख हंकारे आन, सर्वत्र बिसन मिलई, उतर रे बिच्छू उतर, मेरी भक्ति, गुरु की शक्ति, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा।

यदि किसी व्यक्ति को बिच्छू ने डंक मार दिया हो तो ऐसे व्यक्ति को उक्त मन्त्र सात अथवा इक्कीस बार जपकर बिच्छू द्वारा डंक मारे गये जगह पर हाथ रखकर झाड़ देने से वह व्यक्ति स्वस्थ हो जाता है।

[विष स्तम्भन मन्त्र-२]

ॐ नमो कामरू देश कामाक्षी देवी।
जहां बसे इस्माईल जोगी।
इस्माईल जोगी ने पाली कुत्ती।
दश काली दश कांबरी।
दश पीली दश लाल।
रंग बिरंगी दश खड़ी।
दश टीको दे भाल।
इनका विष हनुमंत हरै।
रक्षा करै गुरु गोरख बाल।
सत्य नाम आदेश गुरु को।

यदि किसी को पागल कुत्ते ने काट लिया हो तो कुत्ते के विष स्तम्भन के लिए उक्त मन्त्र से उपले की भस्म को सात बार अभिमन्त्रित करे। फिर इसे रोगी के उस स्थान पर लगा दे जहाँ कुत्ते के काटने से घाव बन गया हो ऐसा करने से विष का स्तम्भन हो जायेगा और रोगी स्वस्थ हो जायेगा।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[विष स्तम्भन मन्त्र-३]

धर पटकि ।
धसनि धसनि सार ।
ऊपरे धसानि ।
विष नीचे जाये ।
काहे विष तू इतना रिसाये ।
क्रोध तो तोर नहीं पानी ।
हमरे थप्पड़ तोर नाहीं ठिकानी ।
आज्ञा देवी मनसा माता की ।
विषहरी राई की दुहाई ।

साँप के डसने पर उक्त मन्त्र को सात अथवा इक्कीस बार बोलकर सर्प द्वारा डसे हुए व्यक्ति को थप्पड़ मारने से साँप के जहर का स्तम्भन हो जाता है।

[विष स्तम्भन मन्त्र-४]

परवत ऊपर सुरही गाई ।
ते करे गोबरे बीछी बिआई ।
छः कारी । छः गोरी ।
छः को जोता उतारिकै ।
बिधा बिछिठा वहिया ।
आठि गाठि नव पोर ।
बीछी करे अजोर, बलि चलु चलाई ।
करवाऊ ईश्वर महादेव के दुहाई ।
जहां गुरु के पांव सरके ।
तहदि गुरु के कुश कजुरी ।
तहदि विष्णुपुरी निर्माजाई कै दुहाई ।
महादेव गुरु के ठावहिं ठाव बीछी पार्वती ।

यदि बिच्छू ने किसी व्यक्ति को डंक मार दिया हो, तो उसके विष

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

स्तम्भन के लिए उक्त मन्त्र को इक्कीस बार बोलते हुए झाड़ने से विष का स्तम्भन हो जाता है और वह व्यक्ति स्वस्थ हो जाता है।

[विष स्तम्भन मन्त्र-५]

थाला पड़ि धूल पड़ि ।
धां धीं वलिये ।
अमुकेर अंगेर विष पाला उड़िये ।
थाला पड़ि धूल पड़ि ।
धां धीं स्वाहा ।
अमुकेर अंगे विष लागे तलगै थारूगा ।
कार आज्ञा कंसासुर नृ पितर आज्ञै ।
धनपति स्वाहा ।

कांसे की स्वच्छ थाली लेकर उक्त मन्त्र से नौ बार अभिमन्त्रित कर वह थाली सर्प द्वारा डसे हुए व्यक्ति के पीठ पर रख देने से विष का स्तम्भन होता है। जब तक शरीर से पूरा विष न निकल जाये तब तक थाली हटती नहीं है।

[विष स्तम्भन मन्त्र-६]

चूण चूण चूण विषेर पाणी ।
हाडेर मितर भासरे कूंड़े ।
मर विष तुई चूणे पूड़े ।

यदि किसी को बर्रे ने डंक मार दिया हो तो उसके विष स्तम्भन के लिए उक्त मन्त्र को इक्कीस बार जपकर फूंक मारने से विष का स्तम्भन हो जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[विष स्तम्भन मन्त्र-७]

तागा तागा तागा ।
ब्रह्मा विष्णु महेश्वर ।
तिन देव लागा ।
ऐ तागा नड़े चढ़े ।
ईश्वरी करतार करे ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सर्प द्वारा डसे हुए व्यक्ति को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित धागा बांध देने से साँप के जहर का स्तम्भन होता है।

[सिंह स्तम्भन मन्त्र-१]

ॐ वं वं वं हं हं हं ध्रां ठः ठः ।

सर्वप्रथम साधक उक्त मन्त्र को नदी तट पर निर्जन स्थल में दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। उसके बाद साधक रविवार अथवा मंगलवार को निगोही के बीज लाकर उक्त मन्त्र से इक्कीस बार अभिमन्त्रित कर सिंह के सामने फेंक दे तो पूर्ण रूप से सिंह का स्तम्भन हो जाएगा।

[सिंह स्तम्भन मन्त्र-२]

क्रीं ह्रीं ॐ ह्रीं ह्रीं ।

साधक निर्जन स्थान में उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। उसके बाद साधक लोहे की छड़ को एक सौ आठ बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके शेर की ओर फेंक दे तो सिंह का स्तम्भन हो जाता है।

[सिंह स्तम्भन मन्त्र-३]

ॐ ह्रीं ह्रीं ह्रीं श्रीं श्रीं स्वाहा ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को किसी एकान्त स्थल पर एकाग्रचित्त होकर दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक शस्त्र को एक सौ आठ बार मन्त्र से अभिमन्त्रित कर शेर के सामने फेंक दे। ऐसा करने से सिंह का स्तम्भन हो जाता है।

[बाघ स्तम्भन मन्त्र]

बैठी बैठा कहां चल्यौ ।
पूर्व देश चल्यौ ।
आंखि बांधौ ।
तीनों कान बांधौ ।
तीनों मुंह बांधौ ।
मुंह केत जिह्वा बांधौ ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अधौ डांड बांधौ ।
चारिउ गोड बांधौ ।
तेरी पोंछि बांधौ ।
न बांधौ तो मेरी आन ।
गुरु की आन ।
वज्र डांड बांधौ ।
दोहाई महादेव पार्वती के ।

यदि साधक सिद्धि कर रहा हो अथवा एकान्त जंगल से होकर यात्रा कर रहा हो तो चार कंकरों को उक्त मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित करके अपने चारों तरफ रखकर साधना करे तो बाघ का स्तम्भन होता है। ऐसा करने से वह साधक के निकट भी नहीं भटक सकता है।

[कड़ाही स्तम्भन मन्त्र]

ॐ नमो जल बांधूं जलवाई बांधूं बांधूं कुआ खाई, नौ सौ गांव का वीर बुलाऊं बांधे तेल कड़ाही, जती हनुमंत की दुहाई, शब्द सांचा पिंड काचा, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा, सत्य नाम आदेश गुरु का ।

साधक उक्त मन्त्र को दीपावली की रात में एक हजार आठ बार जपकर सिद्ध कर ले। उसके बाद साधक रास्ते से सात कंकड़ चुनकर ले आए और हर कंकड़ को सात-सात बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर कड़ाही पर मारे। ऐसा करने से कड़ाही का स्तम्भन होता है यानि कितनी भी तेज आग जलाई जाए, कड़ाही गरम होगी ही नहीं।

[तुरही स्तम्भन मन्त्र]

ॐ नमो बादी आया बांद करता कूं बैठाया बड़ पीपल की छाया रहुरे बादी बादी न कीजै बांधूं तेरा कंठ और काया बांधूं पूंगी और नाद बांधूं योगी और साधु बांधूं कंठ की पूंगी और मसान की बानी अब तो रह रे पूंगी सुजान तलै बांधे नरसिंह ऊपर हनुमंत गाजै मेरी बांधी पूंगी बाजै तो गुरु गोरखनाथ लाजै शब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध करने के पश्चात् साधक उड़द के इक्कीस दानों को एक सौ आठ बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर तुरही (वाद्य यंत्र) पर मारे। इस क्रिया को करने से तुरही का स्तम्भन होगा यानि उससे स्वर निकलना बंद हो जाएगा।

[सर्प स्तम्भन मन्त्र-१]

सर्पाप सरं भद्रं ते दूरम गच्छ महाविष ।
जनमेजय यज्ञान्ते आस्तिक्य वचनं स्मर ।।
आस्तिक्य वचनं स्मृत्वा यः सर्पो न निवर्तते ।
सप्तता त्रिधते मूर्ध्नि शिश वृक्षं फलं यथा ।।

साधक उक्त मन्त्र को सबसे पहले निर्जन स्थान में दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक इक्कीस बार उक्त मन्त्र बोलकर साँप पर फूंक मार दे। ऐसा करने से साँप का विलक्षण स्तम्भन होता है।

[सर्प स्तम्भन मन्त्र-२]

बजरी बजरी बजर कीवाड़ ।
बजरा कीलूं आस पास ।
मरै सांप होय खाक ।
मेरा कीला पत्थर कीलै ।
पत्थर फूटै न मेरा कीला छूटै ।
मेरी भक्ति ।
गुरु की शक्ति ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक थोड़े से कंकड़ अथवा मिट्टी को उक्त मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित कर साँप पर धीरे से मार दे। ऐसा करने से साँप का स्तम्भन हो जाता है यानि वह रेंग नहीं पाता तथा जहाँ की तहाँ स्थिर रहता है।

[सर्प स्तम्भन मन्त्र-३]

ॐ नमो तक्षक कुलाये सर्प स्तंभने कुरु कुरु स्वाहा ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधक दीपावली की रात में निर्जन स्थल पर उक्त मन्त्र को इक्कीस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। उसके बाद साधक मिट्टी के सात ढेले इक्कीस बार इस मन्त्र से अभिमन्त्रित कर साँप की तरफ फेंक दे तो साँप का स्तम्भन हो जाता है।

[गर्भ स्तम्भन मन्त्र-१]

ॐ नमो थाथो मोथो ।
मेरा कहा कीजिए ।
'अमुक' का गर्भ ।
जाते राखि लीजिए ।
गुरु की शक्ति ।
मेरी भक्ति ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

कीदृशी राक्षसी की पूजा अर्चना करने के पश्चात् काले धागे को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर गर्भवती स्त्री की कमर में पहना दे तो उसके गर्भ का स्तम्भन हो जाता है अर्थात् उस स्त्री का गर्भ गिरता नहीं।

[गर्भ स्तम्भन मन्त्र-२]

ॐ नमो आदेश गुरु का ।
जय जय जय जयकार ।
गोरख बैठा घोरूवार ।
जब लग गोरख जाप जपै ।
जब लग राज विभीषण करै ।
गौरा कात्या कातना ।
ईश्वर बांध्या गंडा ।
राखु राखु श्री हनुमंत बजरंग ।
जो छिटका परता ।
अंडा दूध पूत ।
ईश्वर की माया ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पड़ता गर्भ श्री गोरखनाथ जी रखाया ।
मेरी भक्ति ।
गुरु की शक्ति ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

काले रंग के धागे को इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर गर्भवती स्त्री की कमर में पहना देने से उस स्त्री के गर्भ का स्तम्भन हो जाता है।

[शस्त्र स्तम्भन मन्त्र-१]

ॐ नमो भैरवे नमः । मम शत्रु शस्त्र स्तंभने कुरु कुरु स्वाहा ।

साधक उक्त मन्त्र को सभी प्रकार से युक्त सिद्धि योग में श्मशान भूमि में वस्त्रहीन होकर इक्कीस हजार बार जपकर भैरव देव का पूजन अर्चन कर, मांस-मदिरा अर्पित करके और बलि देकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक खरमंजरी के बीजों को इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके शत्रु के समक्ष फेंक दे। ऐसा करने से शत्रु का शस्त्र लिया हुआ हाथ उठा का उठा ही रह जायेगा, यानि शस्त्र का स्तम्भन होने के कारण शत्रु शस्त्र को चला नहीं पायेगा।

[शस्त्र स्तम्भन मन्त्र-२]

बांधो तूपक, अवनि बार न धरे, चोट न परे घाऊ, रक्षा करे श्री गोरखराऊ ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक इस मन्त्र से जल को सात बार अभिमन्त्रित कर अपने शरीर पर छिड़क ले। ऐसा करने से शस्त्र का स्तम्भन हो जाता है यानि यदि कोई शत्रु शस्त्र से वार करता भी है तो साधक को चोट नहीं लगती है।

[शस्त्र स्तम्भन मन्त्र-३]

ॐ नमो धार धार, अधर धार ।
बांधौं सात बार ।
आनि बांधौं तीन बार ।
कटै रोम न भीजै चीर ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

खांडा की धार को ले गया यती हनुमंत वीर ।
शब्द सांचा, पिंड काचा ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् यदि साधक को रास्ते में जाते समय किसी के चाकू आदि शस्त्र से प्रहार करने की आशंका हो तो उक्त मन्त्र को सात बार जपकर फूंक मार दे तो वह चाकू इत्यादि शस्त्र स्तंभित हो जाता है।

[शस्त्र स्तम्भन मन्त्र-४]

ॐ नमो भगवते महाबल पराक्रमाय शत्रूणां शस्त्र स्तंभनं कुरु कुरु स्वाहा ।

साधक को सर्वप्रथम उक्त मन्त्र जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् साधक रविवार के पुष्य नक्षत्र में अपामार्ग की जड़ लाए तथा उसे पीसकर इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके शरीर पर लेप लगा ले। ऐसा करने से शस्त्र का स्तम्भन होगा यानि शस्त्र प्रभावहीन हो जायेगा। यदि साधक किसी भी शुभ दिन में खजूर की जड़ को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर अपने हाथ-पैरों में बाँध ले तो भी शस्त्र का स्तम्भन हो जाता है।

[शस्त्र स्तम्भन मन्त्र-५]

ॐ नमो आदेश गुरु का ।
जल बांधूं, जलवाइ बांधूं ।
बांधूं खाती ताई ।
सवा लाख अहेढ़ी बांधूं ।
गोली चले तो हनुमंत यती की दुहाई ।
शब्द सांचा, पिंड काचा ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को एक हजार आठ बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् एक रंग की गाय के दूध को इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर बन्दूक, पिस्तौल, तोप इत्यादि पर छिड़क दे तो इन सब चीजों का स्तम्भन

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

हो जाता है। कहने का तात्पर्य यह है कि इनको चलाने पर भी ये शस्त्र नहीं चल पाते हैं।

[घाव स्तम्भन मन्त्र]

ॐ नमो आदेश कामाख्या देवी का ।
काली बैठी लिये कटारी ।
जिसे देख दुष्ट भयकारी ।
कटारी गुण तोरे बलिहारी जाई ।
कटारी के बंदन से घाव सुखाई ।
'अमुक' की पीड़ा ।
मां काली के वरदान से न रहे ।
बिहड़ वन बस लुकान ।
आज्ञा हाड़ी दासी चंडी की दुहाई फिरै ।

साधक उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। इसके बाद साधक एक कटोरी में जल लेकर उक्त मन्त्र से इक्कीस बार अभिमन्त्रित कर घाव हुए रोगी को जल के छींटे मारे तथा थोड़ा-सा जल पिला दे तो घाव से बहने वाला खून रूक जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है। साधक मन्त्र को पढ़ते समय 'अमुक' के स्थान पर जिस व्यक्ति को घाव हुआ है उस रोगी का नाम लेना चाहिए।

[दृष्टि स्तम्भन मन्त्र]

ॐ नमो काला भैरों घुंघर वाला ।
हाथ खड्ग पुष्पों की माला ।
चौंसठ योगिनी संग में चाला ।
देखो खोलि नजर का ताला ।
राजा परजा ध्यावै तोही ।
सबकी दृष्टि बंधा दे मोही ।
मैं पूजौं तुमको नित ध्याय ।
राजा परजा मेरे पांय लगाया ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

भरी अथाई सुमिरौं ताही ।
तेरा किया सब कुछ होय ।
देखूं भैरों तेरे मंत्र की शक्ति ।
चलै मंत्र ईश्वरो वाचा ।
शब्द सांचा, पिंड काचा ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक रविवार को रात में श्मशान जाकर भैरव देव की पूजा अर्चना कर उक्त मन्त्र को एक हजार आठ बार जपकर सिद्ध कर ले। यदि साधक के भैरव देव इष्ट हों तो अति उत्तम है। फिर साधक एक चुटकी भस्म लाकर उसे उक्त मन्त्र से इक्कीस बार अभिमन्त्रित कर किसी सभा अथवा व्यक्ति पर फूंक मारे। ऐसा करने से दृष्टि स्तंभित हो जाती है यानि साधक के क्रियाकलाप लोगों को दिखाई नहीं देते।

[हिंसक जीव-जन्तु स्तम्भन मन्त्र]

फकीर चले परदेश को ।
कुत्तक मन में भावे ।
बाघ बांधूं, बघाइन बांधूं ।
बाघ के सातों बच्चे बांधूं ।
सांपा चोरां बांधूं ।
दांत बंधाऊं, बाट बांध देऊ ।
दुहाई लोना चमारी की ।

साधक सबसे पहले उक्त मन्त्र को एकान्त स्थान पर एक हजार आठ बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक जब कभी हिंसक जीव-जन्तुओं से वन इत्यादि में घिर जाए तो उक्त मन्त्र को इक्कीस बार जपकर सभी दिशाओं में फूंक मारे। ऐसा करने से हिंसक जीव-जन्तुओं का स्तम्भन हो जाता है और साधक की रक्षा होती है।

[सेना स्तम्भन मन्त्र]

ॐ नमः चंडिकायै अरि सैन्य स्तंभनं कुरु कुरु स्वाहा ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधक उक्त मन्त्र को किसी भी नवरात्र में दुर्गा माता के मन्दिर में रात के समय इक्यावन हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक को शत्रु सैन्य आक्रमण का डर हो तो सात जोड़े लौंग इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर आक्रमण के लिए आती हुई शत्रु की सेना पर फेंक दे। ऐसा करने से शत्रु की सेना का स्तम्भन होता है।

[भूख स्तम्भन मन्त्र-१]

ॐ नमो सिद्धि रूप मे देहि कुरु कुरु स्वाहा ।

साधक सूर्य अथवा चन्द्रग्रहण में नदी के जल के मध्य खड़ा होकर उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक अपामार्ग के बीज इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर खीर बनाकर खाये तो भूख का स्तम्भन होता है। कहने का तात्पर्य यह है कि उसको भूख नहीं लगती है।

[भूख स्तम्भन मन्त्र-२]

ॐ गाजुहदरूयां उन्मुख मुख मांसरु छिल ताली अहुम ।

साधक उक्त मन्त्र को रविवार के हस्त नक्षत्र में किसी भी मंदिर में जाकर एकाग्रचित्त होकर दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक रविवार को चर्चिका के बीजों को इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर सेवन करे। ऐसा करने से क्षुधा (भूख) का स्तम्भन होता है यानि उसे भूख नहीं लगती है।

[बकरा स्तम्भन मन्त्र]

काले तिल कवेला तिल गुजरी बैठी वीर पसारे सुई न देधे मधाई पीर न आवै काली करू इमती भारी दुष्य तिबुकिलार अवनी बांधो सुई अवषांडे की धार आवे न लोहू न फुटे घाउ रक्षा करे श्री गोरखराउ ।

साधक उक्त मन्त्र को सर्वप्रथम सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक इक्कीस बार उड़द के दानों को इस मन्त्र से अभिमन्त्रित कर बकरे पर फेंके तो बकरे का स्तम्भन हो जाता है यानि कसाई यदि चाहे तो भी उस बकरे को नहीं मार पाता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[चूहा-सूअर स्तम्भन मन्त्र]

ॐ हनिवंत धावति उदरहि ल्यावे बांधि अब खेत खाय सूअर घर मा रहे मूस खेत घर छांडि बाहर भूमि जाई दुहाई हनुमान कै जो अब खेत महं सूअर, घर महं मूस जाई ।

साधक को उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् प्रयोग के समय साधक पाँच गाँठ वाली हल्दी के टुकड़े और थोड़े-से चावल लेकर स्नान करने के बाद इक्कीस बार इस मन्त्र से अभिमन्त्रित कर वहाँ डाले जहाँ सूअर और चूहे अधिकतर आते हैं। इस क्रिया को करने से उनका आना बन्द हो जाता है।

[जलन स्तम्भन मन्त्र]

ॐ नमो आदेश गुरु को ।
कामरू देश कामाख्या देवी ।
जले तेल रेल तेव महातीरे ।
'अमुक' लहर पील मल में कारे ।
मंत्र पढ़े नरसिंह देव कुटिया में बैठके ।
श्री रामचंद्र रहि रहि फूंक के ।
जाय 'अमुक' की जलन ।
एक एलन में जाय ।
खाय सागर की नोर नान में ।
आज्ञा हाड़ि दासी की । फुरो मंत्र चंडी वाचा ।

यदि कोई व्यक्ति किसी कारणवश आग से जल गया हो तो उस व्यक्ति के जलन का स्तम्भन अर्थात् जलन को शान्त करने के लिए उक्त मन्त्र से सरसों का तेल अभिमन्त्रित कर शरीर के जले हुए भाग पर लगा देने से उस व्यक्ति के जलन का स्तम्भन हो जाता है और रोगी ठीक हो जाता है।

मन्त्र में 'अमुक' की जगह साधक उस व्यक्ति का नाम ले जो आग से जल गया है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[निद्रा स्तम्भन मन्त्र]

अलक बांधूं पलक बांधूं सारा खलक बांधूं गुरू गोरखनाथ की दुहाई, मेरी निद्रा दे भगाई छू छू छू ।

साधक उक्त मन्त्र को सूर्यग्रहण के समय में नदी के तट पर वस्त्रहीन होकर दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् प्रयोग के समय साधक ककड़ी और महुवे की जड़ को जल में पीसकर सूंघे तो निद्रा का स्तम्भन हो जाता है।

[अखाड़ा स्तम्भन मन्त्र]

ॐ नमो आदेश कामरू कामाक्षा देवी को ।
अंग पहनूं भुजंग पहनूं, पहनूं लोह शरीर ।
आवते के हाथ तोड़ूं, चालते के पांव तोड़ूं ।
सहाय हो हनुमंत वीर, उठ अब नरसिंह वीर ।
तेरो सोलहा सौ श्रृंगार, मेरी पीठ लागे नहीं वार ।
हो मेरी हार तो हनुमंत वीर लजाने ।
तूं लेहु पूजा, पान सुपारी नारियल सिंदूर ।
अपनी बेह, सकल मोही कर देहु ।
मेरी भक्ति, गुरु की शक्ति । फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

इस मन्त्र को सिद्ध करने के लिये हनुमान जी की पूजा अर्चना करना आवश्यक है। साधक हनुमान जी की मूर्ति के समक्ष तेल का दीपक जलाकर उनको लंगोट आदि चढ़ाये। तत्पश्चात् दस हजार बार मन्त्र को जपकर सिद्ध कर ले। इसके बाद साधक सरसों के तेल को एक सौ आठ बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके शरीर पर मालिश करे। उसके बाद लंगोट पहन कर अखाड़े में जाये तो अखाड़े का स्तम्भन हो जाता है और साधक की जीत होती है।

[नकसीर स्तम्भन मन्त्र]

ॐ नमो गुरु की आज्ञा सार सार माहागरे बांधूं सात बार फिर बांधूं तीन बार लोहे की सार बांधे हनुमंत वीर पाके न फूटे तुरत सूखे ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधक उक्त मन्त्र को सिद्ध करने के बाद प्रयोग के समय भस्म को सात बार अभिमन्त्रित कर रोगी को झाड़ा दे तो नकसीर (नाक से खून आना) का स्तम्भन होता है।

[मोच स्तम्भन मन्त्र]

ॐ नमो आदेश गुरु को । श्रीराम को मचक उड़ाई ।
इसके तन से तुरंत पीर भागि जाई ।
न रहे रोग पीड़ा फूंक से हुई सब पानी ।
'अमुक' की व्यथा छोड़ भाग तू मचकानी ।
न भागे पीड़ा तो महादेव की दुहाई ।
आदेश सिया राम लखन गुसांई ।

साधक को उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। फिर प्रयोग के समय साधक सरसों का तेल इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर शरीर के उस स्थान पर मालिश करे जिस स्थान पर मोच आयी हो। ऐसा करने से मोच की पीड़ा का स्तम्भन होता है यानि मोच का दर्द ठीक हो जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[लंगोट स्तम्भन मन्त्र]

ॐ अजर कर बजर कर ।
बजर को बंध कर ।
तलै धरती, ऊपर सिंधु ।
श्यामसुन्दर दो बाला ।
सात समुद्र एक ही प्याला ।
चौंसठ योगिनी कुमार कटका करे ।
सत की लंगोटी, संतोष का धागा ।
मूंज की आड़बंध, कमर सों लागा ।
नाग पहिरे नागमणि ।
हनुमान पहिरे लाल लंगोट ।
बाल गोपाल पहिरे कोपीन ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

नवनाथ चौरासी सिद्धन की ओट ।
पवन से डरे तो अग्नि की आन ।
खिसक जाये तो पृथ्वी की आन ।
चूक जाए तो लक्ष्मण यती की आन ।

साधक उक्त मन्त्र को एक हजार आठ बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् प्रयोगार्थ इक्कीस बार लंगोट को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर पहन ले तो लंगोट का स्तम्भन होता है यानि लंगोट की गाँठ नहीं खुलती है।

भूत उतारने का स्तम्भन मन्त्र

ॐ नमो काला गौरा भेरू ॐ नमो देवी दुर्गा सर्व दुष्टानां, भूतादिक, प्रेतादिक स्तम्भय स्तम्भय अन्धय अन्धय, मूकत्व कारय, हन हन ह्रीं ॐ स्वाहा।

एक चिपटी, लोबान, एक मोती, लाल मिर्च, नमक हल्दी आदि लेकर १०८ बार उक्त मंत्र की आहुति दे। आहुति देने के बाद यज्ञ भस्मी को जिस व्यक्ति को भी तिलक लगावेंगे, वह भूतादि बाधा से मुक्त हो जायेगा।

✪✪✪

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❀ उच्चाटन कर्म प्रयोग ❀

[उच्चाटन मन्त्र-१]

ॐ शिनि शिनि स्वाहा ।

उक्त मन्त्र को सिद्ध करने के लिए साधक गूलर की चार अंगुल लम्बी लकड़ी लेकर उक्त मन्त्र को इक्कीस बार अभिमन्त्रित कर ले। फिर साधक जिसके भी घर में वह लकड़ी दबा देगा उसका उच्चाटन हो जाएगा।

[उच्चाटन मन्त्र-२]

भंवर वीर तू चेला मेरा, बांध दुकान कहा कर मेरा, उठे न डंडी, बिके न माल, न भंवर वीर सो खेकर जाय ।

उक्त मन्त्र सिद्ध होने के बाद साधक काले उड़द की दाल को एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित कर जिस किसी दुकान पर डाल दे तो उस दुकान से ग्राहक का अवश्य उच्चाटन हो जाता है इसका मतलब है कि ग्राहक उस दुकान पर नहीं आता। ऐसा करने से बिक्री भी नहीं हो पाती।

[उच्चाटन मन्त्र-३]

ॐ दह दह लह स्वाहा ।

सर्वप्रथम साधक उक्त मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक उल्लू की एक अंगुल लम्बी हड्डी को लेकर उक्त मन्त्र के द्वारा सात बार अभिमन्त्रित कर ले। ऐसा करने के बाद साधक उस हड्डी को जिस किसी व्यक्ति के भी घर में गाड़ देगा तो उसका उच्चाटन हो जाएगा।

[उच्चाटन मन्त्र-४]

ॐ नमो भगवते रुद्राय हुं दंष्ट्राकरालाय अमुकं सपुत्र बांधवैः सह हन हन दह दह पच पच शीघ्रं उच्चाटय उच्चाटय हुं फट् स्वाहा ठः ठः ।

साधक उक्त मन्त्र का उच्चारण करते हुए कौवे और उल्लू के पंखों से जिसका भी नाम लेकर हवन करेगा, उसका अवश्य ही उच्चाटन होगा।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[उच्चाटन मन्त्र-५]

ॐ हस्तअली हस्तों का सरदार, लगी पुकार, करो स्वीकार। हस्तअली तेरी फौज चली, भूत-प्रेतों में मची खलबली। हस्तअली मेरे हाथों के साथ तेरे भूतप्रेत करे मेरी सत्ता स्वीकार। पाक हस्त की सवारी, तड़पता हुआ भागे जब मैंने चोट मारी। आकाश की ऊंचाइयों में, धरती की गहराइयों में लेना तू खोज खबर, सब पर जाए तेरी नजर। इन हाथों पर कौन बसे, नाहर सिंह वीर बसे। जाग-जाग रे नाहरअली, हस्तअली की आन चली। मारूं जब भी मैं चोट, भूत प्रेत किये कराये लगे लगाये अला बला की खोट। जादू गुड़िया, मंत्र की पुड़िया, श्मशान की खाक, मुरदे की राख, सभी दोष हो जाएं खाक। शब्द सांचा, पिंड काचा। फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा।

सर्वप्रथम साधक सूर्यग्रहण के समय लोबान जलाकर चमेली के पुष्प के पास रखकर लगातार मन्त्र को जपकर सिद्ध कर ले। इस प्रकार सिद्धि साधक के हाथ में आती है। तत्पश्चात् साधक अपने हाथ से ही मन्त्र को अभिमन्त्रित कर सकता है। इस तरह साधक जिसे भी मारेगा उसके दोषों का उच्चाटन हो जाएगा और वह अपने हाथ से जिस किसी को स्पर्श करेगा तो वह शत्रुता भूल जाएगा।

[उच्चाटन मन्त्र-६]

ॐ ह्रीं दंडिनीं ह्रीं महादंडी नमस्ते ठः ठः।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् प्रयोगार्थ सात अंगुल लम्बी मनुष्य की हड्डी को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर जिस किसी के भी घर में गाड़ देगा, उसी का उच्चाटन हो जाएगा।

[उच्चाटन मन्त्र-७]

सफेद कबूतर, काले कबूतर।
काट काट कर मैं तुझे चढ़ाता।
काली के बेटे तुझे बुलाता।
लौंग सुपारी ध्वजा नारियल।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मदिरा की मैं भेंट चढ़ाता ।
काली विद्या मैं चलाता ।
बावन भैरों चौंसठ योगिनी ।
बने इस काज सहयोगिनी ।
ॐ नमो आदेश ! आदेश !! आदेश !!!

इस मन्त्र की सिद्धि बड़ी सावधानी से करनी चाहिए। यदि संभव हो तो साधक योग्य गुरु का दिशा-निर्देशन अवश्य प्राप्त कर ले। इसे साधक कालरात्रि से लेकर सूर्य उदय होने तक लगातार जपे तथा होली के दिन श्मशान में जाकर काला कबूतर की बलि दे। इसी प्रकार वह दीपावली की रात्रि में उक्त मन्त्र को पुनः लगातार जपे तथा श्वेत कबूतर काटकर उसका पंजा अपने समीप रखकर बचे हुए भाग को श्मशान में ही छोड़ दे। इसके बाद साधक किसी भी शनिवार की कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को श्मशान में जाकर जलती हुई चिता के समक्ष बैठकर लगातार उक्त मन्त्र को जपे तथा सुबह जल्दी ही वहाँ से राख लेकर लौटे। इस प्रकार साधक वह राख उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर जिस किसी व्यक्ति को भी स्पर्श करा देगा, उसी का उच्चाटन हो जाएगा।

[उच्चाटन मन्त्र-८]

ॐ श्रीं श्रीं श्रीं अमुक शत्रुं उच्चाटनं स्वाहा ।

साधक उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में सात अंगुल लम्बी कुंकुम की लकड़ी लाकर उसे इसी नक्षत्र में उक्त मन्त्र से एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित करे और शत्रु के घर के मुख्य द्वार पर दबा दे। ऐसा करने से सात दिन के अन्दर ही साधक के शत्रु का उच्चाटन हो जाएगा।

[उच्चाटन मन्त्र-९]

ॐ हं हं वां ह्रं ह्रं ठः ठः ।

साधक को किसी शुभ नक्षत्र में उक्त मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् प्रयोगकाल में सधक चार अंगुल लम्बी कौवे की हड्डी को एक सौ आठ बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर जिस किसी के भी घर में डाल देगा उसी का उच्चाटन हो जाएगा।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[उच्चाटन मन्त्र-१०]

ॐ घुं घूति ठः ठः स्वाहा ।

साधक उक्त मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक प्रयोगकाल में अरूवा वृक्ष की टहनी को एक सौ आठ बार इस मन्त्र से अभिमन्त्रित कर जिस किसी के भी घर में डाल देगा, उसी का उच्चाटन हो जाएगा।

[उच्चाटन मन्त्र-११]

ॐ कारी कमरी मौनी रात, ढूंढो सरप अपनी बाट, जो सरप बिच्छा पर परे लात, वह सरप बिच्छा करे न घात, दुहाई ईश्वर महादेव की, गोरां पार्वती की ।

साधक सबेरे उठते ही उक्त मन्त्र का सात बार उच्चारण करे तो जहरीले जीव-जन्तुओं का उच्चाटन होता है। रास्ते में चलते समय साधक यदि उक्त मन्त्र जपे तो जहरीले जीव-जन्तु दूर भाग जाते हैं।

[उच्चाटन मन्त्र-१२]

ॐ वीर वीर महावीर सात समुद्र का सोखा नीर
देवदत्त के ऊपर चौकी चढ़े हियो फोड़ चोटी ।
चढ़े सांस न आवे पड्यो रहे काया माहि जीव
रहे लाल लंगोट तेल सिंदूर पूजा मांगे महावीर ।
अंतर कपड़ा पर तेल सिंदूर हजरत वीर की चौकी ।
रहे ॐ नमो आदेश ! आदेश !! आदेश !!!

यह प्रयोग मारण की तरह ही खतरनाक है। इसलिये इस मन्त्र को किसी व्यक्ति के अहित के लिए प्रयोग नहीं करना चाहिए। उक्त मन्त्र में जहाँ 'देवदत्त' आया है, वहाँ उस व्यक्ति के नाम का उच्चारण करना चाहिए जिसका उच्चाटन करना हो। इस मन्त्र को किसी चौराहे पर स्थित हनुमान जी के मन्दिर में मंगलवार की रात्रि में जाकर सिद्ध कर लेना चाहिए। प्रयोगकाल में अपने शत्रु के कपड़े पर तेल, सिन्दूर लगाकर शत्रु का चित्र बनाना चाहिए और प्राणप्रतिष्ठित कर उस वस्त्र को कलश में रखकर उसका मुख बंद कर किसी निर्जन स्थान पर

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मिट्टी के नीचे दबा देना चाहिए। साधक के द्वारा ऐसा करने से उसके शत्रु की श्वासों का उच्चाटन होगा। अतः जब साधक को अपने शत्रु को स्वस्थ करना हो तो कलश को मिट्टी से बाहर निकाल ले। कलश को मिट्टी के नीचे से किसी नुकीले अथवा धारदार वस्तु से नहीं निकालना चाहिये अन्यथा उसके शत्रु के जीवन को हानि भी हो सकती है।

[उच्चाटन मन्त्र-१३]

ॐ लोहिते मुख स्वाहा ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् प्रयोग के समय साधक चार अंगुल चित्रक वृक्ष की टहनी पुनर्वसु नक्षत्र में लाकर सात बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर जिस किसी के भी घर में डालेगा, उसी का उच्चाटन हो जाएगा।

[उच्चाटन मन्त्र-१४]

ॐ एक ही आदि है जगधारा ।
सदा स्मरण करूं ओंकारा ।
ओंकार से मैं काम चलाऊं ।
ठहरे पर्वत मैं हिलाऊं ।
ओंकार से उपजी वायु ।
वायु का बेटा है हनुमान ।
तेरा हूँ मैं एक ही दासा ।
सदा रहो रघुवर के पासा ।
पान बीड़ा तुझे चढ़ाऊं ।
देवदत्त को मैं भगाऊं ।
मेरा भागा न भगे ।
रामचंद्र की दुहाई ।
सीता सतवंती की दुहाई ।
लक्ष्मण यती की दुहाई ।
गौरा पार्वती की दुहाई ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

शब्द सांचा पिंड काचा ।

फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक रावनवमी के दिन हनुमान जी की सिद्धि के लिए विशेष पूजा करके प्रतिदिन चालीस दिन तक उक्त मन्त्र का एक हजार जप करे। साधक ब्रह्मचर्य का पालन करे। जपकाल में यदि साधक को विचित्र अनुभूति हो तो साधक डरे नही। मन्त्र सिद्धि के बाद काले उड़द को मन्त्र से अभिमन्त्रित कर शत्रु पर मारने से शत्रु का उच्चाटन हो जाएगा।

[उच्चाटन मन्त्र-१५]

फरीद चले परदेश को कुत्तक जी के भाव सांपा चोरां नाहरां तीनों दांत बंधान ।

साधक को उक्त मन्त्र होली, दीपावली के समय एक सौ आठ बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। इसके बाद साधक को जब कभी भी जंगल के रास्ते से जाना पड़े तो उक्त मन्त्र को सात बार बोलकर वह अपने ऊपर फूंक मारकर तीन ताली बजा दे। इस प्रकार करने से जंगली जीव-जन्तुओं का उच्चाटन होता है।

[उच्चाटन मन्त्र-१६]

ॐ नमो अमुकस्याय अमुकस्य गृहे उच्चाटनं कुरु कुरु स्वाहा ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् प्रयोग के समय साधक मंगलवार को उस स्थान की मिट्टी अपने बाएं हाथ से उत्तर की ओर मुख कर लाए जिस स्थान पर गधा लेटा हो। साधक उस मिट्टी को इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर अपने शत्रु के घर में डाल दे। ऐसा करने से अवश्य ही साधक के शत्रु का उच्चाटन हो जाएगा।

[उच्चाटन मन्त्र-१७]

ॐ तुंग स्फुलिंग बक्रिम चार्चिका विद्धहन मांथ बने स्फर स्फर ॐ ठः ठः अमुकं ।

साधक रविवार अथवा मंगलवार की अमावस्या को अर्द्धरात्रि में ऊँट के चमड़े के आसन पर बैठकर गुंजा की माला से एक हजार अस्सी बार उक्त मन्त्र

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh
का जप करे तथा मन्त्र में अमुक की जगह अपने शत्रु के नाम का उच्चारण करे। ऐसा करने से शत्रु का उच्चाटन होता है।

[उच्चाटन मन्त्र-१८]

ॐ नमो आदेश गुरु को, सिद्धि सिद्ध करे सिद्धाई, कभी न होवे जग हंसाई। सिद्धि मेरी है रखवाली, सिद्धि है आसन, सिद्धि है बासन, सिद्धि है ताला, सिद्धि है चाबी। सिद्धि से मैं काम चलाऊं, भरकर प्याला खूब पिलाऊं। रक्त का टीका, सिद्धि का वासी, मुझसे भागे सारे पुरवासी। जो मैं चाहूं बाण चलाऊं, बिना तीर कमान के मैं काम चलाऊं। मेरा मारा ऐसा भागे, बिन कृपा मेरी वह कभी न छूटे। सिद्धि का चक्र मैंने चलाया, जिसको चाहा उसे मरवाया। मेरा चक्र न चले तो नवनाथ सिद्धों की दुहाई, माता वैष्णवी की दुहाई, काशी कोतवाल, भैरव की दुहाई, शब्द सांचा, पिंड काचा, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा।

सर्वप्रथम साधक उक्त मन्त्र को नवरात्र में वस्त्रविहीन होकर लगातार जपकर सिद्ध कर ले। इसके बाद साधक प्रयोग करते समय जिस किसी कार्य का चिन्तन करके मन्त्र का जाप करता है तो वह कार्य जरूर पूरा होता है। तत्पश्चात् साधक के द्वारा उच्चाटन के लिए उड़द के इक्कीस दानों को अभिमन्त्रित कर जिस किसी वांछित व्यक्ति पर फेकेगा उसका अवश्य ही उच्चाटन हो जाएगा।

[रोग उच्चाटन मन्त्र]

ॐ नमो भगवते नारसिंहाय अतुल वीर पराक्रमाय घोर रौद्र महिषासुर रूपायै त्रैलोक्य डंबराय रौद्र क्षेत्रपालाय ह्रीं ह्रीं क्रीं क्रीं क्रमित ताड़य ताड़य मोहय मोहय द्रभि द्रभि क्षोभय क्षोभय आभि आभि साधय साधय ह्रीं हृदये आशक्तये प्रीति ललाटे बंध यही हृदये स्तंभय स्तंभय किली किली ईं ह्रीं डाकिनीं प्रच्छादय प्रच्छादय शाकिनी प्रच्छादय प्रच्छादय भूतं प्रच्छादय प्रच्छादय अभूति अदूति स्वाहा राक्षसं प्रच्छादय प्रच्छादय ब्रह्म राक्षसं प्रच्छादय प्रच्छादय आकाशं प्रच्छादय प्रच्छादय सिंहनी पुत्रं प्रच्छादय प्रच्छादय ऐते डाकिनी ग्रहं साधय

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधय अनेन मंत्रेण डाकिनी शाकिनी भूत-प्रेत-पिशाचादि एकाहिक द्वाहिक त्र्याहिक चातुर्थिक पंचानिक वातिक पैत्तिक श्लेष्मिक सन्निपात केसरी डाकिनी ग्रहादि मुंच मुंच स्वाहा गुरु की भक्ति मेरी शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

यह त्रिभाषिक मन्त्र है अर्थात् इसमें तीन भाषाओं (हिन्दी, बंगला, संस्कृत) का प्रयोग है। यह अन्य शाबर मन्त्रों से भिन्न शाबर मन्त्र है। साधक उक्त मन्त्र से इक्कीस बार अभिमन्त्रित कर छप्पर का जल जिस किसी रोगी पर डाल देगा उस व्यक्ति के रोग का उच्चाटन हो जाएगा यानि रोग दूर हो जाएगा। चाहे उस व्यक्ति को किसी भी प्रकार का रोग हो। साधक उक्त मन्त्र के द्वारा रोगी को मयूर के पंख अथवा चाकू से भी इक्कीस बार झाड़ सकता है।

✪✪✪

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❀ विद्वेषण कर्म प्रयोग ❀

[स्त्री-पुरुष विद्वेषण मन्त्र]

आक ढाक दोनों बगराई ।
अमुका अमुकीं ऐसे लरे ।
जस कुकुर बिलाई ।
आदेश गुरु सत्य नाम को ।

साधक ढाक की सूखी टहनियाँ व धतूरे का ताजा पत्ता लाकर पत्ते पर काली स्याही से उक्त मन्त्र को लिखे। तत्पश्चात् साधक आधी रात में सूनसान जगह पर ढाक की टहनियाँ जलाए तथा उक्त मन्त्र का उच्चारण कर धतूरे का पत्ता अग्नि में डाल दे। ऐसा करने से स्त्री-पुरुष का विद्वेषण होता है। साधक के द्वारा जितना अधिक पत्ता डाला जाएगा, उतनी ही जल्दी विद्वेषण की प्रक्रिया होती है। साधक मन्त्र में अमुका-अमुकी की जगह उन स्त्री-पुरुष के नाम का उच्चारण करे जिनके बीच वह विद्वेषण कराना चाहता है।

[महाविद्वेषण मन्त्र]

ॐ नमो नारदाय अमुकस्य अमुकेन सह विद्वेषणं कुरु कुरु स्वाहा ।

साधक उक्त मन्त्र को एक लाख बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक प्रयोग के समय बिल्ली के नाखून और कुत्ते के बाल लेकर उक्त मन्त्र बोलते हुए जिस किसी भी स्थान पर डाल देगा, वहाँ पर रहने वाले सभी लोगों में विद्वेषण हो जाता है।

साही नामक जीव के काँटों पर उक्त मन्त्र को पढ़कर जिस किसी भी स्थान पर डाल देगा वहाँ के लोगों में विद्वेषण हो जाता है।

[सर्वजन विद्वेषण मन्त्र]

ॐ नमो महाभैरवाय श्मशानवासिन्यै अमुकामुकयो विद्वेषं कुरु कुरु क्रुं फट् ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधक बिलौटे और चूहे के मल से दो पुतले बनाकर उन पर नीला वस्त्र लपेट दे। तत्पश्चात् साधक को जिन लोगों में विद्वेषण कराना हो उनका नाम बोलकर उक्त महाभैरव मन्त्र का एक सौ आठ बार उच्चारण करे। यदि साधक ऐसा करता है तो उनमें विद्वेषण हो जाएगा, भले ही वे आपस में पिता-पुत्र या भाई ही क्यों न हों।

[गृहवासी विद्वेषण मन्त्र]

आं क्रीं क्रीं क्रीं क्रां क्रां क्रां स्फरें स्फरें धां धां ठः ठः ।

साधक सर्वप्रथम अमावस की रात्रि में श्मशान भूमि में जाकर खड़े उड़दों को हांडी में पकाकर व सुखाकर रख ले। उसके बाद प्रयोग के समय साधक रविवार अथवा मंगलवार को उक्त मन्त्र से एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित कर जिस किसी के भी घर में डाल देगा, उस घर में रहने वाले सभी लोगों के बीच विद्वेषण हो जाता है।

[मित्र विद्वेषण मन्त्र-१]

ॐ नमो आदेश गुरु सत्य नाम को ।
बारह सरसों, तेरहा राई ।
बार की मीठी, मसान की छाई ।
पटक मारूकर जलवार ।
अमुक फूटे देखे न अमुक द्वार ।
मेरी भक्ति, गुरु की शक्ति ।
फुरो मंत्र, ईश्वरो वाचा ।

सर्वप्रथम पीली सरसों, राई, मेथी को थोड़ी-थोड़ी मात्रा में इकट्ठा करे। तत्पश्चात् साधक आम और ढाक की सूखी लकड़ियों को श्मशान की जलती चिता की राख पर रखकर लकड़ियों की वेदी बनाये। इसके बाद उक्त मन्त्र बोलते हुए सभी सामग्रियों से एक सौ आठ बार आहुतियाँ दे। इसके बाद साधक को जिन दो व्यक्तियों में परस्पर विद्वेषण कराना हो उनके नाम बोले और हवन की राख को उस स्थान पर डाले द्रे जहाँ पर दोनों व्यक्ति उठते-बैठते हों। ऐसा करने से दोनों मित्रों में विद्वेषण हो जाता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[मित्र विद्वेषण मन्त्र-२]

राई राई तू है महामाई ।
जारी है जखीरी छाई ।
अमुकामुकं में होय लड़ाई ।

सर्वप्रथम साधक होली, दीपावली, सूर्य अथवा चन्द्रग्रहण अथवा किसी भी शुभ नक्षत्र में उक्त मन्त्र की इक्कीस मालाएं जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् प्रयोग के समय रात में श्मशान में जाकर जलती हुई चिता पर राई में सरसों मिलाकर साधक एक सौ आठ आहुतियाँ दे। मन्त्र में 'अमुकामुकं' के स्थान पर उन दो मित्रों का नाम लेना है जिनमें परस्पर शत्रुता करानी है।

✪✪✪

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❀ मारण कर्म प्रयोग ❀

[मारण मन्त्र]

ॐ नमो आदेश गुरु का हनुमंत बलवंता माता अंजनी का पूत हल हलंता आओ चढ़ चढ़ंता आओ गढ़ किला तोड़ंता आओ लंका जलंता बालंता भस्म करंता आओ ले लागूं लंगूर ते लिपटाए सुमिरते पटका औ चंदी चंद्रावली भवानी मिल गावैं मंगलाचार जीते राम लक्ष्मण हनुमान जी आओ, आओ जी तुम आओ सात पान का बीड़ा चाबत मस्तक सिंदूर चढ़ाये आओ मंदोदरी सिंहासन डुलाते आओ यहां आओ हनुमान आया जागते नरसिंह आया आगे भैरों किलकिलाय ऊपर हनुमंत गाजै दुर्जन को फाड़ अमुक को मार संहार हमारे सतगुरु हम सतगुरु के बालक मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक उक्त मन्त्र सिद्ध करने के लिए ऐसे हनुमान जी के मन्दिर का चुनाव करे जहाँ वह एकान्त में बैठकर मन्त्र को सिद्ध कर सके। इस मन्त्र को सिद्ध करने की क्रिया इकतालीस दिनों की है अर्थात् इकतालीस दिनों में यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है। फिर साधक उस मन्दिर में किसी भी मंगलवार बूंदी के सात लड्डू और सात पान के बीड़े हनुमान जी को अर्पित कर उक्त मन्त्र का दस हजार बार जप करे। जप करने के बाद साधक धूप, दीप, नैवेद्य आदि अर्पित करे, चोला चढ़ाए। ऐसा करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है। मन्त्र सिद्ध होने के बाद साधक श्मशान के कोयले से अपने शत्रु का चित्र धरती पर बनाए। साधक चित्र के सीने पर अपने शत्रु का नाम लिखे तथा हर अंग पर हनुमान जी का बीज़ मन्त्र लिखे। तत्पश्चात् साधक सात बार उक्त मन्त्र का उच्चारण करे तथा शत्रु के चित्र के सिर पर जूते मारे। ऐसा करने से शत्रु पागल हो जाता है और एक सप्ताह के भीतर मृत्यु को प्राप्त करता है। साधक को सदैव ध्यान रखना चाहिए कि चित्र के चारों ओर चार मोक की कीलें उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर चारों कोनों में गाड़े तथा हनुमान जी की आराधना कर बीज मन्त्र का लेखन पूर्वाभिमुख होकर करे और खीर का भोग लगाए।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[अश्व मारण मन्त्र]

ॐ पच पच स्वाहा ।

साधक घोड़े की सात अंगुल लम्बी हड्डी लाकर उसकी कील बनाकर अश्विनी नक्षत्र में घुड़साल में दबा दे तो घुड़साल के सभी घोड़े मर जाएंगे।

[मछली मारण मन्त्र]

ॐ जले स्वाहा ।

साधक पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में बेर की झाड़ी से आठ अंगुल लम्बी टहनी तोड़कर ले आए। तत्पश्चात् उक्त मन्त्र साधक सात बार इस टहनी को अभिमन्त्रित कर मछली घर में रख दे। ऐसा करने से सभी मछलियाँ मर जाती हैं।

[शत्रु मारण मन्त्र-१]

ॐ नमो वीर तो हनुमंत वीर भूरि मूठि चलावै तीर मैं की रूख नाखी तोड़ि लोहु सोखि मेरा वैरी तेरा भक्षिह तोड़ि कलेजा चाख सब धर्म की हाथई बजे धर्म की लाल में बलि तुम्हारे कहां गए भूरे बाल उलटि पछाड़ पछाड़े तो माता अंजनी की आन शब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक को सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् साधक प्रयोग के समय होली से पहले रात में बिना वस्त्र धारण किये निर्जन स्थान में उक्त मन्त्र की दस माला जपकर थोड़े से काले उड़दों को मन्त्र से अभिमन्त्रित कर शत्रु पर फेंक दे। ऐसा करने से कुछ दिनों में शत्रु की मृत्यु हो जाएगी।

[शत्रु मारण मन्त्र-२]

ॐ सुरेश्वराय स्वाहा ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक आश्लेषा नक्षत्र में एक अंगुल लम्बी सर्प हड्डी लाकर उसे उक्त मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित कर अपने शत्रु के घर में दबा दे। ऐसा करने से शत्रु की सन्तान मर जाएगी और शत्रु भी जीवित नहीं बचेगा।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[शत्रु मारण मन्त्र-३]

ॐ हुं हुं फट् स्वाहा ।

साधक चार अंगुल लम्बी घोड़े की अस्थि लाकर अश्विनी नक्षत्र में उक्त मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित कर शत्रु के घर में दबा दे तो शत्रु अपने पूरे परिवार सहित नष्ट हो जाएगा।

[शत्रु मारण मन्त्र-४]

ॐ ह्रीं फट् स्वाहा ।

साधक उक्त मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक प्रयोग के समय चार अंगुल की मानव हड्डी की कील बनाकर पुष्य नक्षत्र काल में उक्त मन्त्र से एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित करके अपने शत्रु के घर में दबा दे। ऐसा करने से साधक के शत्रु का पूरा वंश ही खत्म हो जाएगा यानि घर कोई भी सदस्य जीवित नहीं बचेगा।

[शत्रु मारण मन्त्र-५]

ॐ नमो अमुकस्य हन हन स्वाहा ।

साधक कनेर के फूलों को सरसों के तेल में भिगोकर उक्त मन्त्र से दस हजार बार हवन करे तो साधक का शत्रु निश्चय ही मर जाएगा।

[शत्रु मारण मन्त्र-६]

ॐ नमः कालरूपाय अमुकं भस्मी कुरु कुरु स्वाहा ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् आवश्यकता पड़ने पर साधक उक्त मन्त्र से सात बार मानव हड्डी के चूर्ण को अभिमन्त्रित कर पान में मिलाकर जिस किसी को खिला देता है उसकी मृत्यु हो जाती है।

[शत्रु मारण मन्त्र-७]

ॐ चांडालिनी कामाख्या वासिनी वन दुर्गे क्लीं क्लीं ठः ठः स्वाहा ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

तत्पश्चात् साधक शनिवार को कुंकुम और गोरोचन से भोजपत्र पर 'स्वाहा मारय हुं अमुकं ह्रीं फट्' लिखकर 'अमुक' की जगह अपने शत्रु का नाम लिखे तथा उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर गले में धारण कर ले। ऐसा करने से साधक के शत्रु की मौत हो जाएगी।

[शत्रु मारण मन्त्र-८]

ॐ नमो वीर तो हनुमंत वीर सूर्य का तेज शत्रु की काया अदीठ चक्र देवी कालिका चलाया चल रे बादी न कर बाद मैं करिहौं तेरे जीव का घात मैं न डरूं तेरे गुरु पीर सूं मारूं ताने एक तीर सूं मेरा मारा ऐसे घूमै जैसे भुजंग की लहर परै तोहि गिरता मारूं बाण फेरि चलो तो यती हनुमान की आन शब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् प्रयोग के समय साधक शनिवार के दिन अपने दाहिने हाथ में रात के समय उड़द लेकर सात बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर शत्रु पर फेंक दे। ऐसा करने से शत्रु कुछ ही दिनों में निश्चित रूप से मृत्यु को प्राप्त हो जाएगा।

[शत्रु मारण मन्त्र-९]

ॐ शु खले स्वाहा ।

साधक को सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् प्रयोग के समय साधक बिच्छू का डंक, छैबुदिंया कीड़ा और क्रौंच के बीजों को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर अपने शत्रु के वस्त्र पर डाल दे तो शत्रु एक सप्ताह में ही गुल्म रोग से ग्रस्त होकर मर जाएगा।

[शत्रु मारण मन्त्र-१०]

ॐ डं डां डिं डीं डुं डूं डें डैं डों डौं डं डः अमुकं गृह्ण गृह्ण हुं हुं ठः ठः ।

साधक मानव हड्डी को कील के आकार का बनाकर उक्त मन्त्र से एक हजार बार अभिमन्त्रित कर जलती हुई चिता में डाल दे। ऐसा करने से शत्रु असाध्य ज्वर से ग्रसित होकर मृत्यु को प्राप्त करता है अर्थात् मर जाता है। यदि

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधक मानव हड्डी को उक्त मन्त्र से एक हजार बार अभिमन्त्रित कर शत्रु के घर में अथवा श्मशान में दबा दे तो शत्रु परिवार सहित नष्ट हो जाता है।

[शत्रु मारण मन्त्र-११]

ॐ ऐं ह्रीं महा विकराल भैरवाय ज्वालाक्ताय मम शत्रु दह दह पच पच उन्मूलय उन्मूलय ॐ ह्रीं ह्रीं फट् स्वाहा ।

साधक श्मशान में जाकर भैंसे के चर्म के आसन पर बैठकर काले ऊन की माला से प्रतिदिन रात के समय एक सौ आठ बार उक्त मन्त्र का जप करे तथा मन्त्र का जप समाप्त होने पर साधक सवा सेर सरसों से हवन करे। ऐसा करने से साधक के शत्रु की अवश्य रूप से मृत्यु हो जाएगी।

[शत्रु मारण मन्त्र-१२]

खंग मारे कालिका भुजंग मारे भैरव झपट के मारे दुर्गा कहे अलमस्त वो ही पस्त जो मुझको सताये ।

साधक किसी भी शनिवार को श्मशान में जाकर वस्त्रहीन होकर उक्त मन्त्र का जलती चिता के समक्ष बैठकर रात भर जप करे तथा सूर्योदय से पहले ही चिता को नमस्कार कर कोयला और राख लेकर लौट आए। साधक राख में शत्रु के पैर की मिट्टी मिलाकर शत्रु का पुतला बनाए। साधक शत्रु का पुतला बनाने के लिए पीली मिट्टी का पुतला बनाए। तत्पश्चात् साधक शत्रु के पुतले को कोयलों के ढेरों पर रखकर श्मशान से लाया हुआ कोयला शत्रु के पुतले की छाती पर रखे तथा कोयलों से पूर्ण रूप से ढककर पुतले में आग लगाकर उक्त मन्त्र का जप करे। ऐसा करने से शत्रु का पुतला जैसे-जैसे आग से घिरता जायगा वैसे-वैसे ही शत्रु ताप-पीड़ा से ग्रस्त हो जाएगा। जब आग पूरी तरह से जलकर चटकने लगेगी तो शत्रु की मृत्यु हो जाएगी।

[शत्रु मारण मन्त्र-१३]

ॐ सुरेश्वराय स्वाहा ।

साधक को सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् साधक प्रयोग के समय सर्प की एक अंगुल लम्बी हड्डी की कील बनाकर उक्त मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित कर शत्रु के घर में दबा दे। इस प्रकार करने से शत्रु की संतान मर जाती है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[शत्रु मारण मन्त्र-१४]

ॐ नमो काला भैरों मसानवाला चौंसठ योगिनी करैं तमाशा रक्त बाण चल रे भैरों कालिया मसान मैं कहूं तो सों समुझाय सवा पहर में धुनि दिखाय मुवा मुरदा मरघट वास माता छोड़े पुत्र की आस जलती लकड़ी धुकै मसान भैरों मेरा वैरी तेरा खान सेली सिंगी रुद्र बाण मेरे वैरी को नहीं मारो तो राजा रामचंद्र लक्ष्मण यती की आन शब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

सर्वप्रथम साधक दस हजार बार मन्त्र को जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक श्मशान में जाते मुरदे की हांडी को किसी प्रकार प्राप्त करे। साधक साथ ही यह भी ध्यान रखे कि मुरदे को कहाँ जलाया जा रहा है। तत्पश्चात् साधक रात्रि में जाकर मुरदे की चिता पर हांडी को गरम करे। हांडी के गरम हो जाने पर साधक उसमें थोड़े-से उड़द के दाने डाल दे। जब उड़द भून जाए तो साधक हांडी को किसी साफ जगह पलटकर फूले उड़द एक ओर कर ले तथा जले हुए उड़द को अलग कर ले। अब साधक जले हुए उड़द को लेकर उक्त मन्त्र से इक्कीस बार अभिमन्त्रित कर शत्रु पर फेंक दे तो शत्रु की मृत्यु हो जाएगी। साधक ध्यान रखे कि यह सब कार्य प्रातः उठते ही करे यानि यह कार्य बासी मुँह करे।

[शत्रु मारण मन्त्र-१५]

ॐ नमः काल भैरों कालिका तीर मार तोड़ बैरी की छाती तोड़ हाथ काल जो काढ़े बत्तीसी यदि यह काज न करे नोखिनी योगिनी का तीर छूटे मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक काली कनेर के एक सौ आठ पुष्प और गुग्गुल के छोटे-छोटे एक सौ आठ टुकड़े लेकर श्मशान में जाए तथा वहाँ दक्षिण की ओर मुख कर जलती चिता में गुग्गुल और पुष्पों से हवन करे। ऐसा करने से साधक का शत्रु तीन सप्ताह के भीतर मृत्यु को प्राप्त हो जाएगा।

✪✪✪

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❀ विविध रोगनाशक मन्त्र ❀

[सर्वरोगहर निवारक मन्त्र]

पर्वत ऊपर पर्वत और पर्वत ऊपर फटिक शिला फटिक शिला ऊपर अंजनी जिन जाया हनुमंत नेहला टेहला कांख की कखराई पीछे की आदटी कान की कनफटे रान की बद कंठ की कंठमाला घुटने का डंहरू डाढ़ की डढ़शूल पेट की ताप तिल्ली फिया इतने को दूर करे भस्मंत नातर तुझे माता अंजनी का दूध पीया हराम मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा सत्य नाम आदेश गुरु का ।

सात शनिवार तक व्रतपूर्वक हनुमान जी को मूर्ति के सामने धूप-दीप जलाकर नैवेद्य अर्पित कर इस मन्त्र की प्रतिदिन एक माला जपने से मन्त्र प्रभावी हो जाता है। तत्पश्चात् कखनारी, बद, कंठमाला, दाढ़ का दर्द, कनफेड, नजर जैसे रोगों में मन्त्र से झाड़ा देना चाहिए। पेट की ताप, तिल्ली जैसे रोगों को छुरी अथवा चाकू से झाड़ना चाहिए। रोग निवृत्ति होने पर हनुमान जी को प्रसाद अवश्य चढ़ाना चाहिए।

[पीलियानाशक मन्त्र]

ॐ नमो वीर बैताल असराल नारसिंह देव तुषादि पीलिया कूं मिटाती कारै झारै पीलिया रहै न नेक निशान जो कहीं रह जाय तो हनुमंत की आन मेरी भक्ति, गुरु की शक्ति, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक इस मन्त्रानुष्ठान को हनुमान जी की मूर्ति के सामने एक हजार नित्य के क्रम से इक्कीस दिनों तक इक्कीस हजार बार जपकर चैतन्य कर ले। तत्पश्चात् जब कभी कोई पीलियाग्रस्त रोगी उसके पास आए तो रोगी को बैठाकर कांसे की कटोर में तेल भरकर रोगी के सिर पर रखे और हाथ में कुशा (एक प्रकार की घास) से तेल को हिलाते हुए मन्त्र को इक्कीस बार बोले। जब तेल पीला-पीला हो जाए तब कटोरी को रोगी के सिर से नीचे उतार ले। ऐसा कम से कम तीन दिनों तक करने से पीलिया रोग ठीक हो जाता है। रोग ठीक हो जाने के पश्चात् हनुमान जी को प्रसाद चढ़ाने के साथ-साथ गायों को भी घास व पक्षियों को अनाज देना चाहिए।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[दन्तपीड़ा निवारक मन्त्र]

ॐ नमो आदेश गुरु को वन में ब्याई अंजनी जिन जाया हनुमंत कीड़ा मकूड़ा माकड़ा ये तीनों करे भस्मंत गुरु गोरख की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

होली, दीपावली की रात में या ग्रहणकाल में इस मन्त्र को दो हजार सात (२००७) बार जप कर इतनी ही आहुति देकर इस मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर प्रयोग के समय नीम की टहनी से इकतीस बार झाड़ा देने से दाँत की पीड़ा दूर हो जाती है।

[आधासीसी निवारक मन्त्र-१]

शंकर शंकर खोजा नाई शंकर बैठे जंगल माई भूत बैताल जोगिनी नचाय सब देवन की जय जय मनाय गोरखनाथ के पूजे पाय अधकपारी दर्द छुड़ाय ।

होली, दीपावली अथवा ग्रहण के समय इस मन्त्र की दस माला जपकर एक सौ आठ बार लोबान की आहुति देने से यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है। फिर प्रयोग करते समय इकतीस बार मन्त्र को पढ़कर फूंकने से रोग दूर हो जाता है।

[आधासीसी निवारक मन्त्र-२]

ॐ नमो बन में बिआई बांदरी खाय दुपहरिया कच्चा फल कांदरी आधी खाय कै आधी देत गिराय हूंकत हनुमंत के आधासीसी चलि जाय ।

रोगी को अपने समक्ष बैठाकर धरती पर चाकू से सात रेखा खींचकर मन्त्र को सात बार पढ़ने से आधासीसी रोग दूर हो जाता है।

[सिरदर्द निवाकर मन्त्र]

ॐ नमो आदेश गुरु का
केश में कपाल कपाल में भेजा
भेजा में कीड़ा कीड़ा करे न पीड़ा
कंचन की छैनी रूपे का हथौड़ा

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पिता ईश्वर गाड़ इन श्रापे
को गोरखनाथ तोड़े
सबद सांचा पिंड काचा
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

किसी भी शुभ मुहूर्त्त में पड़ने वाले रविवार अथवा मंगलवार अथवा अमावस्या से प्रारम्भ करके इकतीस दिन तक प्रतिदिन एक सौ आठ (१०८) बार मन्त्र जाप तथा इकतीस बार मन्त्र की लोबान से आहुति देने पर मन्त्र सिद्ध हो जाता है। प्रयोगकाल में इक्यावन बार मन्त्र बोलते हुए सिर पर सात बार फूंक मारने से सिरदर्द दूर हो जाता है।

[पेट दर्द निवारक मन्त्र]

ॐ नून तूं सिंधु नून सिंधु वाया ।
नून मंत्र पिता महादेव रचाया ।।
महेश के आदेश मोही गुरुदेव सिखाया ।
गुरु ज्ञान से हम देऊं पीर भगाया ।।
आदेश देवी कामरू कामाक्षा माई ।
आदेश हाड़ी रानी चंडी की दुहाई ।।

सेंधानमक का एक टुकड़ा दाहिने हाथ की तीन उंगलियों से पकड़कर इस मन्त्र को तीन बार बोलकर अभिमन्त्रित करके टुकड़े को पेट दर्द के रोगी को खिला देने से पेट दर्द ठीक हो जाता है।

[मिरगी रोग निवारक मन्त्र]

ॐ हलाहल सरगत मंडिया पुरिया श्रीराम जी फूंके ।
मृगी बाई सूखे सुख होई ॐ ठः ठः स्वाहा ।।

साधक उक्त मन्त्र को भोजपत्र पर अष्टगंध से लिखकर मिरगी रोग से पीड़ित व्यक्ति के गले में बाँध दे। ऐसा करने से मिरगी रोग की निवृत्ति होती है।

[स्तनों में दूध बढ़ाने का मन्त्र]

गुरु गोरखनाथ दुग्धं कुरु कुरु स्वाहा ।

जिन स्त्रियों के बच्चे दूध का पान करते हों और उनके स्तनों का दूध

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सूख गया हो अथवा दूध कम आता हो तो इस मन्त्र का उच्चारण करने से लाभ होता है। इसके लिए मन्त्र को इकतीस बार दूध में पढ़कर पिलाना चाहिए। यह प्रयोग तीन दिन का है।

[मासिकधर्म पीड़ा निवारक मन्त्र]

आदेश श्री रामचंद्र सिंह गुरु को तोडूं गाठ औंगा ठाली तोड़ दूं लाय तोड़ि देऊं सरित परित देकर पाय यह देखि हनुमंत दौड़कर आय अमुक का देह शांति वीर भगाय श्री गुरु नरसिंह की दुहाई फिरै ।

पान के बीड़े को मन्त्र से तीन बार अभिमन्त्रित करके मासिकधर्म की पीड़ा से पीड़ित स्त्री को खिलाने से पीड़ा से निवृत्ति होती है।

[प्रसव पीड़ा निवारक मन्त्र]

ॐ मन्मथ मन्मथ वाहि वाहि लम्बोदर मुंच मुंच स्वाहा आं मुक्ता पाशा विपाशश्च मुक्ता सूर्य्येण रश्मयः मुक्ता सर्ध्व फयादर्भ एहि मारिच स्वाहा ।

एक हाथ में खींचे हुए कुएँ का जल लाकर उसे आठ बार मन्त्र से अभिमन्त्रित करके इस जल को गर्भवती स्त्री को पिला देने से प्रसव पीड़ा दूर हो जाती है और बच्चा सुख से पैदा हो जाता है। किन्तु ध्यान रखें कि उस जल को पृथ्वी पर कदापि नहीं रखना है।

[भूख-प्यास निवारक मन्त्र]

ॐ सा सं शरीर अमृत माषाय स्वाहा ।

साधक यह मन्त्र किसी भी शुभ मुहूर्त्त में दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् प्रयोग करते समय केसर व लटजीरा के बीज को समान मात्रा में लेकर, पीसकर, मीठी वस्तु में मिलाकर गोली बना ले। फिर एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित करके तांबे क यंत्र में भरकर मुँह में रख ले ऐसा करने से भूख प्यास नहीं लगती।

[बालरोग नाशक मन्त्र-१]

पानी तीनि पानी ब्रह्मा विष्णु महेश्वर जानी शिवशक्ति आदि

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

कुमारी अब छार मार सब तोही की ताई कहहु कतहुं का होउ धैले आउ बालक के तोके मोके पुण्य जब होय महादेव के जटा परे पार्वती के आंचर जो यह बालक दुख पावै ।

कांसे के कटोरे में शुद्ध जल लेकर इस मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित करके वह जल बाल रोगी को पिलाने से वह स्वस्थ हो जाता है।

[बालरोग नाशक मन्त्र-२]

ॐ सतनाम आदेश गुरु का आदेश पवन पानी का नाद अनाहद दुंदुभी बाजै जहां बैठी जोगमाया साजै चौंसठ योगिन बावन वीर बालक की हरै सब पीर आठों जात शीतल जानिये बंध बंध बारे जात मसान भूत बंध, प्रेत बंध, छल बंध, छलिद्र बंध सबको मारकर भस्मंत सतनाम आदेश गुरु का ।

उक्त मन्त्र का सात, ग्यारह अथवा इक्कीस बार उच्चारण करते हुए बाल रोगी को मोर पंख से झाड़ा देने से दोष अर्थात् रोग दूर हो जाता है तथा बालक स्वस्थ हो जाता है।

[मसानरोग नाशक मन्त्र]

सफेदा मसान, गुरु गोरख की आन ।
भयदंड मसान, काल भैरों की आन ।
सुकिया मसान, नोना चमारी की आन ।
फुलिया मसान, गौरे भैरों की आन ।
हलदिया मसान, ककोड़ा भैरों की आन ।
पीलिया मसान, दिल्ली की योगिनी की आन ।
कमेदिया मसान, कालिका की आन ।
कीकड़िया मसान, रामचंद्र की आन ।
सिलसिलिया मसान, वीर मोहम्मदा पीर की आन ।

बालकों को अक्सर मसान रोग हो जाता है। इस प्रकार के रोगी बालक को इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए झाड़ा देने से यह रोग दूर हो जाता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[सर्वरोग नाशक मन्त्र-१]

ॐ नमो आदेश गुरु का ।
काली कमली वाला श्याम ।
उसको कहते हैं घनश्याम ।
रोग नाशे, शोक नाशे ।
नहीं तो कृष्ण की आन ।
राधा मीरा मनावे ।
अमुक का रोग जावे ।

उक्त मन्त्र सभी रोगों के शमन के लिये है। जब यह न समझ में आए कि रोगी को कौंन सा रोग हुआ है तब उक्त मन्त्र को बोलकर झाड़ा देने से रोगी ठीक हो जाता है।

[सर्वरोग नाशक मन्त्र-२]

वन में बैठी वानरी, अंजनी जायो हनुमंत बाल डमरू ब्याही बिलाई आंख की पीड़ा मस्तक पीड़ा चौरासी बाई बलि बलि भस्म हो जाय पके न फूटे पीड़ा करे तो गोरख यती रक्षा करे गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

उक्त मन्त्र को एक सौ आठ बार बोलकर रोगी को झाड़ने से रोगी के सभी रोग दूर हो जाते हैं और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[सर्वरोग नाशक मन्त्र-३]

ॐ क्रीं क्षं सं सं सः ।

उक्त मन्त्र से गाय के घी को एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित कर तीस दिन तक प्रतिदिन एक पल मात्रा सेवन कर शहद पीने से रोगी के सभी रोग दूर हो जाते हैं और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[ज्वर नाशक मन्त्र-१]

मनसामेदाम नवमे कपटी बसे कपाल हावके भले हनुमंत की आन सीसी जंग पाठान बिचान मंत्र शांती गायत्री नाम सेन देवता

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मोहज्ञा राजा तिजाट एक ज्वरा तिन ज्वरा चारि ज्वरा पांच ज्वरा सात ज्वरा जोर है तो राजा अजयपाल का चक्र बहे तैंतीस कोटि देवता मेरे मंत्र की शक्ति से चलें चोंचन खंड में जाए चीर न मारे वाज न खाए क्षणे बाण क्षणे दक्षिण क्षणे आसे होर अचन सोरो स्मरिरे काया विख्यात होर ।

उक्त मन्त्र से सात बार झाड़ने से कैसा भी ज्वर क्यों न हो वह छू हो जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[ज्वर नाशक मन्त्र-२]

श्री कृष्ण बलभद्रश्च प्रद्युम्न अनिरुद्ध च । ऊषा स्मरण मात्रेण ज्वर व्याधि विमुच्यते ।।

उक्त मन्त्र को कोरे कागज पर लिखकर धूप-दीपक दिखाकर गले में पहन लेने से ज्वर दूर हो जाता है। उक्त मन्त्र का केवल जप करते रहने से भी ज्वर दूर हो जाता है।

[ज्वर नाशक मन्त्र-३]

ॐ नमो भगवते रुद्राय शूल पाणये ।
पिशाचाधिपतये आवेशय कृष्ण पिंगल फट् स्वाहा ।।

उक्त मन्त्र को कोरे कागज पर कोयले से लिखकर दाहिनी बांह में पहन लेने से रोज आने वाला ज्वर दूर हो जाता है।

[ज्वर नाशक मन्त्र-४]

ॐ नमो अजयपाल की दुहाई जो ज्वर रहे अमुक पिंडे तो महादेव की दुहाई फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

जो रोगी ज्वर से ग्रसित हो उसे उक्त मन्त्र से सात बार झाड़ा देने से ज्वर दूर हो जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[ज्वर नाशक मन्त्र-५]

कारी कुकरी सात पिल्ला ब्याई सातों दूध पिआई जिआई बाघ थन इलोकांश्च लाय के मंत्रे तीनों जाई ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

रोगी को एकटक देखते हुए उक्त मन्त्र को इक्कीस बार बोलकर फूंक मारने से रोगी को हर तीसरे दिन आने वाला बुखार खत्म हो जाता है।

[ज्वर नाशक मन्त्र-६]

ॐ नमो कामरूप देश कामाख्या देवी जहां बसे इस्माईल जोगी इस्माईल जोगी के तीन पुत्री एक तोड़े एक पिछोड़े एक तिजोरी तोड़े ।

जिसे तिजारी ज्वर आता हो साधक उस रोगी को अपने सामने खड़ा करके रोगी के शरीर को अपने हाथ से पकड़े जहाँ शीत लगती हो। तत्पश्चात् साधक उक्त मन्त्र से इक्कीस बार रोगी को झाड़े तो तिजारी ज्वर ठीक हो जाता है।

[वायु नाशक मन्त्र-१]

ॐ नमो आदेश गुरु का बाल में कपाल में भेजा में कीड़ा, कीड़ा करे न पीड़ा सोना का सलाबा रूपा का हथौड़ा ईश्वर गाड़ै गोर्या तोड़े इनको शाप श्री महादेव तोड़े, शब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

उक्त मन्त्र का सात बार उच्चारण कर गाय के उपलों की राख से झाड़ा देने पर सिर की वायु यानि मस्तिष्क वायु रोग ठीक हो जाता है।

[वायु नाशक मन्त्र-२]

कामरूप देश कामाख्या देवी जहां बसे इस्माईल जोगी इस्माईल जोगी के तीन पुत्र एक तोड़े एक पिछोड़े एक करेखन वाय को तोड़े शब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

उक्त मन्त्र तुरन्त प्रभावी वायुनाशक मन्त्र है। साधक को सर्वप्रथम किसी भी शुभ मुहूर्त में उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् साधक उक्त मन्त्र को सात बार बोलते हुए वायुरोगी को झाड़ दे। ऐसा करने से वायुरोग दूर हो जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[वायु नाशक मन्त्र-३]

कौन पुरवाई कहां चले ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

वन ही चले वागहे के कोयला ।
कोयला का करवेह सारी ।
पत्र खंड करवेहु ।
अष्टोत्तर दांत व्याधि काटे ।
सिर रावण का दश ।
भुजा रावण की बीस ।
ककुही वर वटी ।
वायु गोला बांधूं बांधूं मैं गुल्म ।
दुहाई महादेव गौरा पार्वती नीलकंठ की ।
लोना चमारिन की दुहाई, फुरो मंत्र खुदाई ।

जिस रोगी को वायुरोग हुआ हो उसे उक्त मन्त्र से सात बार झाड़ा देने से रोग दूर हो जाता है जिसके फलस्वरूप रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[बाय रोग झाड़ने का हनुमान मन्त्र]

ॐ नमो तडम उतड भड तेल करे ।
दीजे बाती तैल बरै गलत-सलत ।
तू बाई रोग निनाई रहै ।
तो यति हनुमन्त की दुहाई फिरै ।
शब्द सांचा पिण्ड काँचा ।
फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा ।

उक्त मन्त्र को ग्रहण-काल, होली, दीपावली में श्री बजरंगी विषयक सभी नियमों का पालन करते हुए ११ माला का जप करने से यह मन्त्र सिद्ध होगा, फिर इस मन्त्र से बाय वाले रोगी का झाड़ा "भस्म" से करें तो रोगी बाय-रोग से निदान पाये।

[बवासीर नाशक मन्त्र-१]

ॐ नमो नमो सिद्ध नमो चौरासी उदर जड़ी रक्त सड़ी चूवे मत खड़ी पड़ी तोहे देखे लोना चमारिन धूप गूगल की दी अग्यारी जो रहे बवासीर तो हजार हराम गुरु गोरखनाथ की शक्ति आन गौरां माई की ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सर्वप्रथम साधक को उक्त मन्त्र किसी भी त्यौहार के समय अथवा ग्रहण काल में जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् साधक को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित काली मिट्टी की पट्टी पेड़ू पर बाँधना चाहिए और अभिमन्त्रित किया हुआ लाल धागा कमर में बांधना चाहिए। इसके बाद रोगी शौच के जल को अभिमन्त्रित कर गुदा धोए तो उसके रोग में काफी आराम मिलता है।

[बवासीर नाशक मन्त्र-२]

ॐ काका कता क्रोरी कर्ता ।
ॐ करता से होय ।
यरसमा दश हूंस प्रकटे ।
खूनी बादी बवासीर न होय ।
मंत्र जान के न बताए ।
द्वादश ब्रह्म हत्या का पाप होय ।
लाख जप करे तो उसके वंश में न होय ।
शब्द सांचा । पिंड काचा ।
हनुमान का मंत्र सांचा ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

रात्रि के बासी फूल को उक्त मन्त्र से इक्कीस बार अभिमन्त्रित कर गुदा धोने से खूनी और बादी दोनों ही प्रकार का बवासीर रोग ठीक हो जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[बवासीर नाशक मन्त्र-३]

ॐ छाई छूई छलक छलाई आहुम आहुम क्लं क्लां क्लीं हुम् ।

बवासीर खूनी हो या बादी, बवासीर को समाप्त करने के लिए साधक उक्त मन्त्र से जल को अभिमन्त्रित कर सात रविवार और सात मंगलवार को आबदस्त ले। ऐसा करने से उसका रोग दूर हो जाएगा।

[अतिसार नाशक मन्त्र]

गंगा यमुना तीर्थेरपानि ये कहिलो काहिनी ये खाइलो पानी आइजो होइते दूर होहलो अमुकेर बन्ध्या तुलानि सिद्धि गुरु श्री रामेर आज्ञा ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

यह बंगला भाषा का शाबर मन्त्र है। साधक एक सौ आठ बार जपकर जल को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर रोज कुछ दिनों तक पी ले तो उसका अतिसार रोग ठीक हो जाता है और वह स्वस्थ हो जाता है।

[आधासीसी नाशक मन्त्र-१]

ॐ नमो आदेश गुरु का ।
काली चिड़ी चिग-चिग करे ।
धौली आवै वासै हरै ।
जती हनुमंत हांक मारे ।
मथवाई और आधासीसी नासै ।
गुरु की शक्ति । मेरी भक्ति ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

यदि साधक उक्त मन्त्र को इक्कीस बार बोलकर आधासीसी रोग से ग्रस्त रोगी को झाड़ा दे तो यह रोग ठीक हो जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[आधासीसी नाशक मन्त्र-२]

बन में जाई बांदरी जो आधा फल खाई ।
खड़े मुहम्मद हांकतें आधासीसी जाई ।।

सर्वप्रथम साधक को उक्त मन्त्र को दस हजार बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। उक्त मन्त्र ग्रहण के समय ही सिद्ध होता है। मन्त्र सिद्ध होने के पश्चात् साधक आधासीसी रोग से ग्रस्त रोगी को उक्त मन्त्र से इक्कीस बार झाड़ा दे तो रोग दूर हो जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[कंठवेल नाशक मन्त्र-१]

ॐ नमो कंठवेल तुम द्रुम दुराली सिर पर जकड़ी वज्र की ताली गोरखनाथ गाजता आया बढ़ती वेल को तुरंत घटाया जो कुछ बची ताही मुरझाया घट गई वेल बढ़ नहीं पावै बैठा तहां उठ नहीं पावै फूटे और पीड़ा करे तो गोरखनाथ की दुहाई फिरै मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधक उक्त मन्त्र को इक्कीस बार बोलते हुए कंठवेल रोग से ग्रस्त रोगी को झाड़ा देते हुए भूमि पर रेखाएं खींचता रहे। तत्पश्चात् साधक इक्कीसवां झाड़ा देते समय चाकू से सब रेखाएं काट दे तो कंठवेल रोग दूर हो जाएगा और रोगी स्वस्थ हो जाएगा।

[कंठवेल नाशक मन्त्र-२]

ॐ नमो कंठवेल महावेल तुम दरद दियो अब हिलो चलो तुरतहि जाओ सात लोक सात समुन्दर पार जा के डूबो हमें बचाओ न जाओ तो बहत्तर हजार चमार की नांद में गिरो दुहाई बाबा महादेव की माता गोरां की ।

साधक को सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को नवरात्र के समय रोज एक माला जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् प्रयोग के समय साधक मोरपंख से कंठवेल रोग से ग्रस्त रोगी को झाड़े। साधक झाड़ने की इस क्रिया को सोमवार से रविवार तक करे। ऐसा करने से रोगी का कंठवल सूख जाएगा।

[बाल नजर नाशक मन्त्र]

वावति वावति छोटी वावति लंबी केश वावति चलतीं कामरूप देश कामरूप देश से आइल भगाना सिर लोट पर चढ़े मसाना ठोकर मारी तीन दीख लेब छीन सत्यनाम कामरूप के, विद्या नोना योगिनी के सिद्ध गुरु के वंदौं पांव ।

यदि किसी बच्चे को नजर लग गई हो तथा व रो रहा हो, तो बच्चे के सिर पर हाथ रखकर उक्त मन्त्र को सात बार बोलकर फूंक मार देने से नजर दूर हो जाती है और बालक हँसने-खेलने लगता है।

[स्मरण शक्तिवर्द्धक मन्त्र-१]

ॐ नमो देवी कामाख्या ।
त्रिशूल खड्ग हस्त पांधा ।
पाती गरुड़ ।
सर्व लखी तू प्रीतये ।
समांगन । तत्त्व चिंतामणि ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

नरसिंह चल चल ।
क्षीन कोटि कात्यायनी तालब प्रसाद ।
के ॐ ह्रों ह्रीं क्रूं त्रिभुवन चालिया ।
चालिया स्वाहा ।

साधक सबेरे स्नान करने के पश्चात् तुलसी के पौधे में जल चढ़ाने के बाद तुलसी की ग्यारह पत्तियाँ तोड़कर उक्त मन्त्र का कुछ दिनों तक रोज जप करके खाए। ऐसा करने से साधक की स्मरणशक्ति तेज होती है।

[स्मरण शक्तिवर्द्धक मन्त्र-२]

ऐं बुद्धिवर्द्धय चैतन्यता देहि ॐ नमः ।

साधक उक्त मन्त्र की छः माला जप रोज इक्कीस दिन तक करे तो साधक की स्मरणशक्ति में वृद्धि होती है।

[नेत्र रोग नाशक मन्त्र-१]

ॐ नमो आदेश गुरु को श्रीराम की धुणी लक्ष्मण का बाण आंख वरद करे तो गुरु गोरखनाथ की आन मेरी भक्ति गुरु की शक्ति सत्यनाम आदेश गुरु को ।

साधक इस मन्त्र को दीपावली की रात्रि को एक हजार एक सौ नौ बार (१००९) जपकर इतनी ही संख्या में आहुति देकर सिद्ध कर ले। फिर प्रयोग करते समय इकतीस बार पढ़कर नेत्ररोग से ग्रस्त व्यक्ति को झाड़ा दे तो नेत्ररोग ठीक हो जाता है।

[नेत्र रोग नाशक मन्त्र-२]

ॐ नमः झिलमिल करे ताल की तलइया ।
पश्चिम गिरि से आई करन भलइया ।।
तहं आय बैठेउ वीर हनुमंता ।
न पीड़ै न पाकै नहीं फूहंता ।।
यति हनुमंत राखे होड़ा ।।

उक्त मन्त्र से सात दिन तक रोज सात बार नेत्र रोगी को झाड़ा देने से नेत्र रोग ठीक हो जाता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[नेत्र रोग नाशक मन्त्र-३]

ॐ अगाली बगाली अताल पताल गर्द मर्द अदार कदार फट् फट् उत कट ॐ हुं हुं ठः ठः ।

साधक को सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को किसी भी मंगलवार अथवा रविवार को एक सौ आठ बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् साधक जरूरत होने पर उक्त मन्त्र से नेत्र रोग से ग्रस्त रोगी को झाड़ा दे तो रोगी का नेत्र रोग ठीक हो जाएगा।

[नेत्र रोग नाशक मन्त्र-४]

ॐ नमो आदेश गुरु का ।
समुद्र, समुद्र में खाई ।
इस मरद की आंख आई ।
पाकै, फूटै न पीड़ा करे ।
गुरु गोरख की आज्ञा करे ।
मेरी भक्ति ।
गुरु की शक्ति ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक उक्त मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर मन्त्र सिद्ध होने के बाद साधक नमक की सात डली लेकर उक्त मन्त्र का उच्चारण करते हुए नेत्र रोग से पीड़ित रोगी को सात बार झाड़ा दे तो रोगी का नेत्र रोग दूर होकर वह स्वस्थ हो जाएगा।

[नेत्र रोग नाशक मन्त्र-५]

सातों रीदा सातों भाई सातों मिल के आंख बराई दुहाई सातों देव की, इन आंखिन पीड़ा करै तो धोबी की नांद चमार के चूल्है परै । मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक को सर्वप्रथम होली अथवा दीपावली की रात्रि से शुरू कर इक्कीस दिन तक उक्त मन्त्र को प्रतिदिन एक सौ आठ बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् प्रयोग के समय साधक जिसके आँख में दर्द हो, उसको

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

इक्कीस बार उक्त मन्त्र का उच्चारण करते हुए झाड़ा दे। ऐसा करने से रोगी का दर्द दूर हो जाएगा।

[नेत्र रोग नाशक मन्त्र-६]

ॐ नमो झलमल जहर भरी तलाई अस्ताचल पर्वत ते आई तहां बैठा हनुमंत जाई फूटै न पाकै करै न पीड़ा यती हनुमंत राखै हीड़ा शब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

सर्वप्रथम साधक को उक्त मन्त्र सिद्ध कर लेना चाहिए। उसके बाद जब नेत्र रोग से पीड़ित रोगी आए तो साधक नीम की हरी पत्तियों वाली टहनी से सात बार झाड़ा दे तो नेत्र रोग से पीड़ित रोगी पीड़ा से मुक्त होकर स्वस्थ हो जाएगा।

[नेत्र रोग नाशक मन्त्र-७]

उत्तर काल काहु सुत्त योग का बाछ ।
इस्माईल जोगी की दो बेटी ।
एक माथे चूल्हा, एक काटे फूला ।
दुहाई लोना चमारी की ।
शब्द सांचा, पिंड काचा ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को सिद्ध कर ले। उसके बाद जब कभी भी नेत्र के फूले से पीड़ित रोगी साधक के पास आए तब साधक लोहे की एक कील को इक्कीस बार मन ही मन उक्त मन्त्र पढ़कर भूमि पर ठोक दे तो नेत्रों का फूला स्वत: ही कट जाएगा और रोगी पूर्णरूप से स्वस्थ हो जाएगा।

[नेत्र बाधा निवारण मन्त्र]

'ओम अगाली गगाली अताल पताल गर्द मर्द अदार कार फट उत्कन हूठ।'

नेत्र बाधाओं युक्त रोगी को रविवार के दिन उक्त मन्त्र का जाप करते हुए नीम के पत्तों के झोहरे (डाल) से इक्कीस बार झाड़ा देवें तो नेत्र बाधा से मुक्ति मिल जाएगी।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[नेत्र पीड़ा नाशक मन्त्र]

नमो रामजी धनी लक्ष्मण के बान। आँख दर्द करे तो लक्ष्मण कँवर की आन। मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा, सत्य नाम आदेश गुरु का।

इस मन्त्र का जाप किसी शुभ मुहूर्त (पुष्य नक्षत्र, रवियोग, अमृत सिद्ध) योग के समय आरंभ करके इक्कीस दिवस तक १०००० जाप रोज करके, धूप, दीप और नैवेध आदि से पूरे मन से लक्ष्मण जी की पूजा करे तो यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है। प्रयोग की आवश्यकता पड़ने पर केवल १०८ बार मन्त्र पढ़कर जार देने से कैसा भी नेत्ररोग या नेत्र सम्बन्धी पीड़ा दूर हो जाती है।

[नेत्र पीड़ा निवारक हनुमान]

ॐ नमो झल-मल, जहर भरी-तलाई, अस्ताचल पर्वत ते आई, तहाँ बैठा हनुमन्त जाई, फूटे न पाकै करै न पीड़ा यती हनुमन्त राखै हीड़ा। शब्द सांचा पिण्ड कांचा, फुरो मन्त्र इश्वरो वाचा।।

इस मन्त्र का ग्रहण-काल में सात माला का जप, हनुमान जी के विषयक सभी नियम मानते हुए करने से यह मन्त्र सिद्ध होता है, फिर आवश्यकता के समय में निम्बू की टहनी लेकर इक्कीस बार रोगी के नेत्रों का झाड़ा मन्त्र जपते हुए करने से वह नेत्र पीड़ा से मुक्ति पाता है।

[नेत्र रोग नाशक हनुमान मन्त्र]

ॐ नमो वने बिआई, बानरी जहाँ-जहाँ।
हनुमन्त आँखि पीड़ा कषावरि गिहिया।
लाइ चरिउ जाइ भस्मन्तन।
गुरु की शक्ति मेरी भक्ति।
फुरो मन्त्र। ईश्वरो वाचा।

इस मन्त्र को ग्रहण-काल में श्री हनुमान जी विषयक सभी नियमों को मानते हुए १० माला का जाप करें तो यह सिद्ध होगा। फिर जब आवश्यकता हो तब नेत्र रोग से पीड़ित व्यक्ति के आँख पर हाथ फेरते हुए इक्कीस बार उक्त मन्त्र को जपते हुए फूँक मारें तो रोगी की व्यथा मिट जाएगी और वह सुखी होगा।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[आँखों का दर्द दूर करने का मन्त्र]

''सातों रीदा सातो भाई भातों मिल के आँख बराई दुहाई सातों देव की, इन आंखिन पीड़ा करै तो धोबी को नाँद चमार के चूल्हे परै। मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।''

उक्त मन्त्र को दीपावली या होली की रात्रि से प्रारम्भ कर इक्कीस दिवस तक नित्य एक सौ आठ बार जाप कर पूजन करने से यह सिद्ध हो जाता है और आवश्यकता के समय केवल इक्कीस बार मन्त्र पढ़ फूँक मार देने से दर्द देवता विदा हो जाते हैं।

[कान दर्द दूर करने का हनुमान मन्त्र]

आसमीन नगोर।
वन्ही कर्म न जायते।।
दोहाई महावीर की।
जो रहे कान की पीर।।
अंजनी-पुत्र कुमार।
वायु-पुत्र महाबल को मार।।
ब्रह्मचारी हनुमन्तई।
नमो-नमो।।
दुहाई महावीर की।
जो पीर मुण्ड की।।

इस मन्त्र की साधन दीपावली की रात्रि में हनुमान जी विषयक समस्त नियमों अर्थात् ब्रह्मचर्य आदि को ध्यान में रख कर पाँच माला का जप करें तो यह मन्त्र सिद्ध होता है।

फिर जब कोई कान दर्द से पीड़ित व्यक्ति आये तो साँप के बिल की मिट्टी लेकर इस मन्त्र को जपते हुए इक्कीस बार झाड़ा करे तो रोगी दर्द में आराम पाएगा।

[कर्णरोग नाशक मन्त्र-१]

ॐ कनक प्रहार धंधर छार ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

प्रवेश कर डार डार ।
पात पात झार झार ।
मार मार, हुंकार हुंकार ।
शब्द सांचा, पिंड काचा ।
ॐ क्रीं क्रीं ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर मन्त्र सिद्ध करने के बाद साधक सर्प के बिल की मिट्टी को इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर फिर से मन्त्र का सात बार जप करके वह मिट्टी कान दर्द से पीड़ित रोगी के कान में लगाए। ऐसा करने से रोगी का कान का दर्द दूर हो जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[कर्णरोग नाशक मन्त्र-२]

आसमीन नगोट वन्ही कर्ण पीड़ न जायते, दोहाई महावीर की जो रहे कान की पीर अंजनी पुत्र कुमारी वायुपुत्र महाबल को मारी ब्रह्मचारी हनुमंतई नमो नमो दोहाई महावीर की जो रहे पीर मुंड को ।

साधक उक्त मन्त्र को सात बार बोलकर कर्णरोग से पीड़ित रोगी के कान और माथे पर फूंक मारे। ऐसा करने से रोगी के कान का दर्द दूर हो जाएगा और रोगी स्वस्थ हो जाएगा।

[रतौंधी झाड़ने का मन्त्र]

मन्त्र पढ़-पढ़ के फूँके भाट भाटिन संग चली कहाँ जाव, जायेउ समुद्र पार, भाटिन कहा मैं विआयेऊ कुश की छाली विआयेऊ उपसमा छीकर मुद्रा अंडा धों सो हिलतारा सोहिल तारा राजा अजैपाल तर कर केदार पानी भरत रहै उन देखे पावा बालाउ गोडिया मेला उजाल तोके मैं अधोखी ईश्वर महादेव की दोहाई, हनुमान कै दोहाई यही समय उतरि जाइ।

सर्वप्रथम साधक मन्त्र को एक हजार आठ बार पढ़कर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् उक्त मन्त्र को पढ़कर सात बार झाड़ने से रतौंधी रोग दूर हो जाता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[रतौंधी नाशक मन्त्र]

ॐ भाट भाटिनी निकली ।
कहे चलि जाए उस पार ।
जाईब जाईब हम जाईब उस पार ।
भाटिनी बोली हम बिआईब ।
उसकी छाली बिआईब ।
हम उपस मादी पर मुंडा मुंडा ।
अंडा सोहिला तार ।
अजय पाल राजा उतर रहे पार ।
अजय पाल पानी भरत रहे मसकदार ।
यह देख बाबा बोलाऊ ।
गोडिया मेला उजाड़ ।
तके हम अधोखी, जाय रतौंधी ।
ईश्वर महादेव की दुहाई ।
रतौंधी उतर जाई ।
शब्द सांचा, पिंड काचा ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

सर्वप्रथम साधक उक्त मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर मन्त्र सिद्ध करने के बाद साधक रतौंधी रोग से पीड़ित रोगी को नीम की टहनी से सात बार झाड़ा दे। ऐसा करने से रोगी का रतौंधी रोग दूर हो जाएगा और रोगी स्वस्थ जाएगा।

[पसली रोग नाशक मन्त्र-१]

ॐ सत्यनाम आदेश गुरु का डंक खारी खंखरा कहां गया सवा लाख पर्वतो गया सवा लाख पर्वतो जाय क्या करेगा सवा भार को कोयला करेगा सवा भार कोयला कर क्या करेगा हनुमंत वीर नव चन्द्रहास खड़ग घड़ेगा नव चन्द्रहास खड़ग घड़ क्या करेगा जात न ढोंख पसली बाय काल कूट खारो समुद्र नखेगा जगदगुरु की शक्ति, मेरी भक्ति, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सर्वप्रथम साधक इस मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर मन्त्र सिद्धि करने के बाद साधक इस मन्त्र का सात बार मन्त्रोच्चारण करे और यदि पसली के रोगी को तिल्ली के तेल और असली सिन्दूर से झाड़ दे तो पसली रोग ठीक हो जाता है और वह रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[पसली रोग नाशक मन्त्र-२]

मंदिर के किनारे सुरहा गाय ।
गाय के पेट में बच्छा ।
बच्छा के पेट में कलेजा ।
कलेजा के पेट में ।
डब डबकर उमा बढ़े ।
दुहाई लोना चमारी की ।

सर्वप्रथम साधक को इस मन्त्र को किसी भी त्यौहार अथवा ग्रहण के समय लोबान जलाकर एक हजार आठ बार जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् साधक एक सेर लकड़ी उंगली भर सात तिनके लेकर इक्कीस बार उक्त मन्त्र बोलते हुए झाड़े तब पसली रोग अर्थात् डिब्बा रोग ठीक हो जाता है।

[आँव रोग नाशक मन्त्र]

झमकरि झमकरि झमकरि भूरिखंडा विखंडा तो धूमकरि घूस घुमाइया ताहे स्फटिकेर मुंडि मूल करि गरल भावह ह्यानुकिक अति बड़ भिड़ि ऐ ऐ वीर सो भट संभवे भरमहा धर्मेर आज्ञा पेट समान बाप खान भूमि गमने न छाडि दे दान विमातृ खानि सहोदर साक्षी माथेर हाथ बाड़ाइलि कानाजूम करि रत्नाकर समुद्रे दिले भाषाइया बात बात चात धूप खाओ अवतार कहे मोर महि मंडल भरकर एकांधे था किया पर कांधे पड़ मोर बोले आसिवि मोर बोले चालिवि मोर बोले जावि क्रीं कारे छांड़ियां जावि महाकालीर आज्ञा ।

उक्त मन्त्र को चुटकी मन्त्र भी कहा जाता है। साधक उक्त मन्त्र का सात बार उच्चारण करते हुए आँव रोगी को सर से पांव तक चुटकी बजाते हुए झाड़े तो रोगी का आँव रोग ठीक हो जाता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[नाभि बैठाने का मन्त्र]

ॐ नमो नाड़ी नाड़ी ।
नौ सो नाड़ी, बहत्तर कोठा ।
चलै अगाड़ी, डिगै न कोठा ।
चले नाड़ी रक्षा करे यती हनुमंत की आन ।
शब्द सांचा, पिंड काचा ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक को सर्वप्रथम दस हजार बार मन्त्र को जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। उसके बाद प्रयोग के समय साधक नौ गाँठ वाला पीला बाँस ले तथा रोगी को लेटाकर उसकी नाभि पर वह बाँस खड़ा करके उक्त मन्त्र को सात बार जपते हुए उस बाँस के छेद में जोर-जोर से फूंक मारे। ऐसा करने से उखड़ी अथवा अपनी जगह से हटी हुई नाभि अपने स्थान पर वापस आ जाएगी और रोगी ठीक हो जाएगा।

[बहती नाक रोकने का मन्त्र]

ॐ नमो आदेश गुरु का चार आटी चार घाटी नीख नीख है चौरासी घाटी बहै नीर भीजै चीर नाथ नाक थमि हो श्री नरसिंह वीर नाक न थमे तो माता अंजनी का पीया दूध हराम करे मेरी भक्ति, गुरु की शक्ति, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

उक्त मन्त्र का साधक मन्त्रोच्चारण करते हुए थोड़ी-सी रूई को सात बार अभिमन्त्रित करे और नाक बहने वाले रोगी की नाक में लगा दे तो नाक का रोग ठीक हो जाता है।

[दाद रोग नाशक मन्त्र]

हाथ बेगे चलाई आदिनाथ पवनपूत हनुमंत कर मोर कत मेरू चाल मंदिर चाल नवग्रह चाल दोष चाल पिनाई चाल डोरी चाल इंद्रहि चाल चालर चाल हतंत विनासह काल उठि विषि तरूवर चाल हम हनुमंत मुगरे लिंडापरो रौवर्ध छले तरू परि धार परि हियब अष्टोत्तरशत व्याधि लाव रे विशालाव अहरो विश आह दुदु वाले को पाणी पिआइब ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर मन्त्र सिद्ध करने के बाद साधक प्रयोग के समय कटोरी में जल लेकर उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर रोगी के जहाँ-जहाँ दाद हो, उस स्थान पर लगा दे तथा वह जल भी पिला दे। ऐसा करने से दाद रोग खत्म हो जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[पशु रोग नाशक मन्त्र]

ॐ नमो कीड़ा रे तू कुंड कुंडाला लाल पूंछ तेरा मुंह काला मैं तोहि बूझा तू कहाँ से आया तू ही तूने खाया अब तू जाय भस्म होई जाय गुरु गोरख नाथ करै सहाय ।

साधक सबसे पहले उक्त मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर मन्त्र सिद्ध करने के बाद साधक आवश्यकता होने पर उक्त मत्र से सात बार ऐसे किसी भी पशु को झाड़ दे जो घाव में कीड़े पड़ने के कारण पीड़ित हो। साधक के झाड़ा देने से पशु की पीड़ा समाप्त हो जाएगी और पशु ठीक हो जाएगा।

[अंडकोष रोग नाशक मन्त्र]

ॐ नमो आदेश गुरु का जैसे कै लेहु रामचंद्र कबूत औसई करहु राध बिन कबूत पवनपूत धाऊ हर हर रावण कूट मिरावन श्रवई अंड खेतहि श्रवई अंड, अंड विहंड खेतहि श्रवई बाजं गर्भहि श्रवई स्त्री खीलहि श्रवई शाप हर हर जंबीर हर जंबीर हर हर हर ।

साधक उक्त मन्त्र का उच्चारण करते हुए अंडकोष को सहलाते हुए फूंक मारता जाए ऐसा करने से अंडकोष रोग जल्द ही ठीक हो जाता है।

[हिचकी रोग नाशक मन्त्र]

ॐ सुमेरु पर्वत पर लोना चमारी सोने की रांपी सोने की सुतारी हक चूक वाह बिलारी धरणी नालि काटि कूटि समुद्र खारी बहावो लोना चमारी की दुहाई फुरो मंत्र खुदाई ।

साधक उक्त मन्त्र को इक्कीस बार बोलते हुए हिचकी रोग से ग्रस्त रोगी को झाड़ दे तो कुछ ही दिनों में रोगी का यह रोग ठीक हो जाएगा और रोगी स्वस्थ हो जाएगा।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[देह पीड़ा नाशक मन्त्र-१]

वात वात अकाल वात अंध वात कुनकुने वात कुट कुटरे वात आभार प्रतिचक्रे शीघ्र फट् तोमार डांके पवनपुत्र हनुमान कार आज्ञाय राजा श्री रामेर आज्ञाय ।

साधक सर्वप्रथम उक्त बंगला भाषा युक्त शाबर मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर मन्त्र सिद्ध करने के बाद साधक सात बार मन्त्र का उच्चारण कर सरसों के तेल से किसी ऐसे रोगी की मालिश कर दे जो वात प्रभाव के कारण अपनी बगली के दर्द से परेशान है। साधक के मालिश कर देने से रोगी का रोग ठीक हो जाता है।

[देह पीड़ा नाशक मन्त्र-२]

लशकर फराउन हरदी नील गर्क शुद्ध जहां ।

साधक उक्त मन्त्र को दही और पीली मिट्टी के मिश्रण से एक सौ आठ बार भोजपत्र अथवा कोरे कागज पर लिखकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् प्रयोग के समय साधक पीली मिट्टी के भार के बराबर गुड़ लेकर बालकों में वितरित कर दे। साधक के ऐसा करने से कैसी भी देह पीड़ा हो दूर हो जाएगी।

[देह पीड़ा नाशक मन्त्र-३]

चलता जाय उछलता जाय भस्म करंता डह डह जाय सिद्ध गुरु की आन महादेव की शान शब्द सांचा, पिंड कांचा, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर मन्त्र सिद्धि के बाद पहले साधक पीड़ा से ग्रस्त रोगी को उक्त मन्त्र का उच्चारण कर झाड़ा दे। तत्पश्चात् साधक रोगी के सिर से पैर जितना काला धागा लेकर उसे इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर पहनाए। ऐसा करने से रोगी की देह पीड़ा (कमर दर्द इत्यादि) जल्द ही ठीक हो जाती है।

[विषनाशक मन्त्र]

ॐ नमो आदेश गुरु गोरखनाथ को ।
केला अफूली गाछ खाली झूर झुराय ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

देवी की ज्योति से विष डंक मुंहे दिखलाय ।
तू कहां रे विष माया मनसा की दुहाई ।
शिव की आज्ञा हम कहीं जे गाई ।
कि कंपन से करे विष शीघ्र नीचे आय ।
शिव भोला बुलावें और मनसा माय ।
आदेश विष हरि राई ।

सर्वप्रथम साधक उक्त मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर साधक मन्त्र सिद्ध करने के बाद उक्त मन्त्र का इक्कीस बार उच्चारण कर विष से ग्रसित व्यक्ति को झाड़ दे अंथवा उस पर फूंक मार दे। ऐसा करने से विष का असर खत्म हो जाता है।

[सुख प्रसव का मन्त्र-१]

अं ॐ हां नमस्त्रिमूर्त्तये ।

उक्त मन्त्र को गर्भवती स्त्री को स्वयं जपना चाहिए। वह उक्त मन्त्र का जप जितना अधिक बार करेगी, उसे प्रसव के समय होने वाली पीड़ा उतनी ही कम अथवा नहीं सहनी पड़ेगी। यदि स्त्री यह जप करेगी तो उसका प्रसव सुख से हो जाएगा।

[सुख प्रसव का मन्त्र-२]

ॐ मन्मथवाहिनी लंबोदरं मुंच मुंच स्वाहा ।

सर्वप्रथम साधक इस मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर साधक मन्त्र सिद्ध होने के बाद उक्त मन्त्र से इकतीस बार अभिमन्त्रित गरम जल को यदिं गर्भवती को सेवन कराए तो प्रसव सुख से होता है।

[सुख प्रसव का मन्त्र-३]

गंगा तीरे वसेत् काशी चरेतथ हिमालये ।
तस्याः पक्षच्युतं तोयं पापयेत् चैव क्षरणात् ।
ततः प्रसूयते नारी काकरुद्रो वचौ यथा ।।

सर्वप्रथम साधक उक्त मन्त्र को एक ही सांस में जितने बार जप सके, जप ले। तत्पश्चात् साधक उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित गरम दूध अथवा गरम जल फिर गुड़ गर्भवती स्त्री को खिला दे तो प्रसव सुख से होता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[बाझपन दोष निवारक मन्त्र]

ॐ मदन महागणपते रक्षामृतमत्युतं देहि ।

एक रुद्राक्ष और दो तोले सर्पाक्षी को एक रंग की गाय के दूध में कन्या के हाथ से पिसवा कर स्त्री उक्त मन्त्र जप करते हुए ऋतुकाल में सेवन करे। ऐसी करने से अवश्य ही स्त्री का बाझपन दूर जाएगा और उसे पुत्ररत्न की प्राप्ति होगी।

[मृतवत्सा दोष निवारक मन्त्र]

छोटी-मोटी खप्पर तू धरती कितना गुण जियके बल काट कू जान विज्ञान दाहिनी ओर हनुमान रहे बाईं ओर चील चहुं ओर रक्षा करे वीर वानर नील, नील वानर की भक्ति लखि न जाय जेहि कृपा मृतवत्सा दोष न आय आदेश कामरूप कामाख्या माई का आज्ञा हाड़ि दासी चंडी की दुहाई ।

जिस स्त्री को सन्तान तो होती है; परन्तु उसकी सन्तान मर जाय तो उस स्त्री को मृत्वत्सा कहते हैं। उपरोक्त दोष का निवारण करने लिए मछली पकड़ने वाले कांटे को उक्त मन्त्र से साधक सात बार अभिमन्त्रित कर झाड़ा दे। साधक इस बात का ध्यान रखे की वह झाड़ा देते समय उक्त मन्त्र का उच्चारण अवश्य करे। फिर इस मन्त्र से अभिमन्त्रित किए हुए कांटे को ताबीज में भरकर साधक मृतवत्सा स्त्री के कमर में धारण कराये। ऐसा करने से उस स्त्री का मृतवत्सा दोष का निवारण होता है।

[संतान प्राप्ति मन्त्र-१]

ॐ नमो आदेश गुरु को बांझिनी पुत्रिनी एक बांझ मराक्ष जाति दूजी बांझ एक पुत्री तीजी बांझ कन्या दीनी चौथी बांझ गर्भ पातिनी चारि उन्ह एकमत भय चालि चालि कामरू माई कामरू देश कामाख्यान रानी ते इस्माइल जोगी बखानी तुहु जाऊ जोगी के पास पूरहि तोहरि मन के आस इस्माइल के संग उन्ह रति कई आंतर भेट नो नाव मां इनी नोने कहा तहु चारिहु छुछिनारि कोखित निति कीन्हन देह गारि कोखिनीति कुन्ती पांच संग खेली एक द्रोपदी पांच के

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सहेली सूरज देवता साखी होऊ मोरे जिव में भा संताप मोहि तजि लागे पर पुरुष के पाप बूंद निति अकरम कीन्ह तेहि ते है वंशकर चीन्ह शिव वाचा ब्रह्म वाचा लेऊ जमाऊ टोना टामना भूत-प्रेत दोष रोग जो लाख होहि तेहि जग चंडी जाऊ हिर जूं वीर ।

साधक माँ कामाख्या के प्रति श्रद्धाभाव रखकर सबसे पहले इस मन्त्र को सूर्य या चन्द्रग्रहण में जपकर सिद्ध कर ले। ग्रहणकाल खत्म होने पर स्नान करके कन्या को पूजकर उसे भोजन अवश्य कराए। कपड़ा, दक्षिणा आदि देकर खुश करे। मन्त्र सिद्ध होने पर प्रयोग के लिए साधक संतान प्राप्ति की इच्छुक स्त्री कों रजस्वला होने के तीसरे अथवा चौथे दिन इस मन्त्र से शुद्ध जल को अभिमन्त्रित कर पीने के लिए दे। ऐसा चार दिन तक करना है। अथवा तब तक करे जब तक गर्भ न ठहर जाए।

जल के जगह पर अभिमन्त्रित धागा भी दिया जा सकता है। इसके लिए पीले रंग का धागा लेकर उसमें सात गाँठें लगाए। हर गांठ पर यह मन्त्र इक्कीस बार पढ़ना चाहिए। स्त्री को चाहिए कि वह उस धागे को कमर पर बांध ले। यदि एक बार में गर्भ न ठहरे तो यह प्रयोग दो तीन बार करना चाहिए। इससे औरत गर्भवती होकर पुत्र को जन्म देती है।

[सन्तान प्राप्ति मन्त्र-२]

ॐ परब्रह्म परमात्मने अमुकी गृहे दीर्घजीवी सुतं कुरु कुरु स्वाहा ।

सर्वप्रथम षट्कोण यंत्र बनाकर उसमें वाराही, ऐंद्री, ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी एवं वैष्णवी आदि देवियों सात दिन तक निरन्तर पूजन करना चाहिए। साथ ही साथ मन्त्र का जप भी करना चाहिए। तत्पश्चात् आठवें दिन बालक और नौ कुवारी कन्याओं को भोजन व दक्षिणा प्रदान कर देवियों को प्रणाम कर यंत्र को नदी में प्रवाहित करना चाहिए। यदि यह अनुष्ठान कोई स्त्री स्वयं के लिए करती है तो 'अमुकी' के स्थान पर अपने नाम का उच्चारण करे तथा किसी अन्य के लिये करना हो तो 'अमुकी' के स्थान पर उसके नाम का उच्चारण करना चाहिए। इस मन्त्रानुष्ठान के प्रभाववश स्त्री को अवश्य ही पुत्ररत्न की प्राप्ति होगी।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[मासिकधर्म पीड़ा नाशक मन्त्र]

ॐ नमो आदेश मनसा माता का ।
बड़ी बड़ी अदरख ।
पतली पतली रेश ।
बड़े विष के जल फांसी दे ।
शेष गुरु का वचन न जाए खाली ।
पिया पंच मुंड के बाम पद ठेली ।
विषहरी राई की दुहाई ।

सर्वप्रथम साधक उक्त मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर साधक मन्त्र सिद्धि के पश्चात् थोड़ी-सी अदरख को उक्त मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित कर मासिक धर्म पीड़ा से ग्रस्त स्त्री को खिला दे। ऐसी क्रियां विधिवत् करने से उस स्त्री की महावारी पीड़ा दूर हो जाएगी।

[नियमित मासिक-धर्म हेतु मन्त्र-१]

'ॐ नमो आदेश श्री रामचन्द्र सिंह गुरु का। तोडूं गांठ औंगा ठाली। तोड़ दूं लाय। तोड़ दूं सरित। परित देकर पाय। यह देख हनुमन्त दौड़कर आये। अमुक की देह शांति पाये। रोग कूं वीर भगाये। रोग न नसै तो नरसिंह की दुहाई। फुरो हुकुम खुदाई।'

एक सादा पान बनवाकर इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए सात बार अभिमन्त्रित करें और रोगिणी को खिला दें तो उसका अनियमित मासिक धर्म ठीक और नियमित समय पर हो जाएगा।

[नियमित मासिक-धर्म हेतु मन्त्र-२]

'ॐ नमो आदेश मनसा माता का। बड़ी-बड़ी अदरख। पतली पतली रेश। बड़े विष के जल फांसी दे। शेष गुरु का वचन न जाए खाली। पिया पंच मुण्ड के बाम पद ठेली। विषहरी राई की दुहाई।'

थोड़ा-सा अदरक लेकर इस मन्त्र से सात बार फूंककर मासिक धर्म में होने वाली पीड़ाओं से ग्रसित स्त्री को खिलाने से मासिक पीड़ा शांत हो जाती है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[मासिक विकार दूर करने का मन्त्र]

आदेश श्री रामचन्द्र सिंह गुरु को तोड़ू गाठ औंगा ठाली तोड़ दूँ लाय तोड़ि देऊँ सरित परित देकर पाय यह देखि मनुमन्त दौड़ कर आय अमुक का देह शांति वीर भगाय श्री गुरु नरसिंह की दुहाई फिरै।

एक पान का बीड़ा ले तीन बार मन्त्र पढ़ कर खिलाने से समस्त प्रकार के मासिक विकार दूर होते हैं।

[गर्भ धारण का मन्त्र]

ॐ ह्रीं उलजाल्य ठः ठः ॐ ह्रीं ।

स्त्री का जब ऋतुकाल हो तो स्त्री-पुरुष दोनों मृगचर्म के आसन पर बैठें। इसके बाद पुरुष स्त्री के कान में उक्त मन्त्र को एक सौ आठ बार बोले। ऐसा करने के बाद स्त्री-पुरुष दोनों को भगवान श्रीकृष्ण का ध्यान करके समागम करना चाहिए तो निश्चित रूप से गर्भ ठहर जाएगा।

✪✪✪

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❁ विविध दोष निवारक मन्त्र ❁

[दृष्टिदोष (नजर) नाशक मन्त्र]

ओं नमो भगवते श्री पार्श्वनाथाय ह्रीं धरणेंद्र पद्मावति सहिताय आत्मचक्षु प्रेतचक्षु पिशाचचक्षु सर्वग्रह नाशाय सर्व ज्वर नाशाय ह्रीं श्री पार्श्वनाथाय स्वाहा।

मन्त्र को दीपवली के दिन इसकी एक माला फेरकर सिद्ध कर लें। फिर शुद्ध जल को उक्त मन्त्र से सात बार अभिमंत्रित कर रोगी को पिलानेसे कैसी भी नजर लगी हो, तुरन्त उतर जाएगी।

[नजर झाड़ने का मन्त्र-१]

ॐ नमो नजर जहाँ पद पीर न जानो बोले छल सों अमृत बानी कहो नजर कहां ते आई यहां की ठौर तोहि कौन बताई कौन जात तेरी कहां ठाम किसकी बेटी कहा तेरो नाम कहां से उड़ी कहां की जाया अब ही बस कर ले तेरी माया मेरी जात सुनो चितलाय जैसी होय सुनाऊं आय तेलन, तमोलन, चुहड़ी, चमारी, कायथनी, खतरानी, कुम्हारी, महतरानी, राजा की रानी जाको दोष वाहि सिर पड़े जाहर पीर नजर से रक्षा करे, मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

उक्त मन्त्र को पढ़ते हुए रोगी को सिर से पैर तक झाड़ने से नजर दोष का निवारण हो जाता है।

[नजर झाड़ने का मन्त्र-२]

ॐ नमः शिवाय दुष्टिदोषविनाशनाय नमः रुद्राय,
नमः उमामहेश्वराय, कं खं गं घं ङं डिम डिम स्वाहा।

मुर्गे की चोंच के ऊपरी भाग को दूध में धोने के बाद सोने या चांदी के तावीज में भरें। फिर तावीज में काले रंग का रेशमी डोरा पिरोकर उसका मुंह बंद कर दें। सोमवार के दिन प्रातः काल पूर्वाभिमुख बैठकर तावीज को अपने सामने रखकर उक्त मन्त्र का १००८ बार उच्चारण करके उसे अभिमंत्रित करें अर्थात्

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

प्रत्येक बार मन्त्र पढ़ने के बाद तावीज पर एक-एक फूंक मारते चले जाएं। फिर तावीज को बालक के गले में पहना दें। इसके प्रभाव से बालक को किसी की नजर नहीं लगेगी।

एक पूरा नींबू लेकर श्री हनुमानजी का स्मरण करके **'ॐ श्री हनुमते नमः।'** मन्त्र का जप करते हुए नजर से पीड़ित बच्चे के सिर से पैर तक उतारें। फिर उस नीबू को ले जाकर किसी चौराहे पर काटकर प्रत्येक मार्ग पर फेंक दें। छुरी भी चौराहे पर ही छोड़ आएं। बुरी नजर दूर हो जाएगी।

[नजर झाड़ने का मन्त्र-३]

गुरु चरण दिया मन, श्री हरि मोक्ष कारण, देव-दानव-दैत्यादि, खाई नरसिंह वीर आसी सब उड़ाई आलाली पालाली चोटी चोटी हंकारे फूंकारि उड़ाव मारी शलि लेकर पांव पांव टुकरियां जाए, अनुकार आए, डाईनेर दृष्टि, पलायकरा अक्षा वीर नरा सिंह आज्ञा।

सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण, दीपावली, होली में सिद्ध करके उपरोक्त मन्त्र से नजर लगे व्यक्ति को झाड़े तो नजर दोष दूर हो जाता है।

[नजर झाड़ने का मन्त्र-४]

ॐ नमो आदेश गुरु को उलटंत गोरख पलटंत काया भाग भाग जमदूत गोरखनाथ आया लोहे की कोठरी वज्र ताली आगे मेरे हरि बसे पाछे देव अनंत रक्षा हे गोरखनाथ जी की चौकी है हनुमंत की।

साधक इस मन्त्र को होली, दीपावली अथवा चन्द्रग्रहण के समय रात्रि में एक हजार आठ आहुति देकर सिद्ध कर ले। फिर कभी भी आवश्यकता पड़ने पर नजर लगे व्यक्ति को झाड़े तो नजर दोष दूर होता है।

[नजर झाड़ने का मन्त्र-५]

हरि हरि स्मरिके हय मन करुं स्थिर।
चाउर आदि फेक के पाथर आडिवीर।
डायन दूतिन दानवी देवी के आहार।
बलक गण पहिरे हाड़ गला हार।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

राम लखण दूनो भाई धनुष लिए हाथ ।
देखि डायनी भागत छोड़ शिशु माय ।
गई पराय सब डायरी योगिनी ।
सात समुद्र पार में खावे खारी पानी ।
आदेश हाड़ी दासी चण्डी माई ।
आदेश नैना योगिनी के दोहाई।

कई बार बच्चों को नजर आदि लगने की समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे बच्चा बीमार हो जाता हैं, उलटी, दस्त, बुखार, जुकाम आदि समस्या उत्पन्न हो जाती है। निम्न मंत्र से २१ बार झाड़ा देने पर नजर उतर जाती है।

उपरोक्त मंत्र को २१ बार पीड़ित व्यक्ति (जो नजर या टोकार आदि से पीड़ित हो) के सामने पढ़े। पढ़ते समय अगरबत्ती अवश्य ही लगा लेना चाहिए।

[चुड़ैल भगाने का मन्त्र-१]

बैर वर चुड़ैल पिशाचिनी बैर निवासी ।
कहुं तुझे सुनु सर्व नासी मेरी गांसी ।।

साधक उक्त मन्त्र को किसी भी शुभ रात्रि में एक हजार एक बार जप कर सिद्ध कर ले। फिर प्रयोग काल में हाथ में जल लेकर ग्याहर बार मन्त्र पढ़कर उसे जल को चुड़ैल ग्रस्त व्यक्ति के शरीर पर छिड़क दे तो चुड़ैल भाग जाती है और वह व्यक्ति स्वस्थ हो जाता है।

[चुड़ैल भगाने का मन्त्र-२]

ॐ नमो आदेश गुरु का कवलाछरी बावनवीर कलू बैठनो जल के तीर तीन पान का बीड़ा खवाऊं जेठे बैठा जतलाऊं मालीयर तोर गत बहाऊं वाचा चूके तो कंकाली की दुहाई मेरी भक्ति गुरु की शक्ति, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

उक्त मन्त्र को पढ़ते हुए चुड़ैल बाधा से ग्रसित व्यक्ति को झाड़ने से बाधा का निवारण होता है।

[डाकिनी दोष नाशक मन्त्र]

ॐ नमो नारसिंह पार्डहार भस्मना योगिनी बंध डाकिनी बंध

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

चौरासी दोष बंध अष्टोत्तर शत व्याधि बंध खेदी खेदी भेदी भेदी मारे मारे सोखे सोखे ज्वल ज्वल प्रज्वल प्रज्वल नारसिंह वीर की शक्ति फुरो ।

उक्त मन्त्र को एक सौ आठ बार बोलते हुए डाकिनी के प्रभाव से ग्रसित रोगी (स्त्री-पुरुष) को सिर से पैर तक झाड़ने से डाकिनी दोष दूर हो जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[टोने-टोटके नाशक मन्त्र-१]

लोना सलोना योगिनी बांधे टोना आवहु सखि मिलि जादू कवनु, कवनु देश कवनु फिर आदि अफूल फुलवाई ज्यों ज्यों आवै बास त्यों त्यों अमुक आवै हमारे पास कवनु देवी की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मोहिनी ईश्वरो वाचा ।

उक्त मन्त्र का उच्चारण कर झाड़ा देने से अथवा सरसों के दानों को अभिमन्त्रित कर रोगी पर फेंक देने से टोने-टोटकों का असर नष्ट हो जाता है।

[टोने-टोटके नाशक मन्त्र-२]

सोम शनिश्चर भौम अगारी कहां चललि देई अंधारी चारि जटा वज्र के वार दीनहि बांधो सोम दुवार उत्तर बांधो कोइला दानव दक्षिण बांधो क्षेत्रपाल चारि विद्या बांधिके देउ विशेष भवर-भवर दिधिल भवर गए चलु उत्तरापथ योगिनी चलु पाताल से वासुकी चलु रामचन्द्र के पायक अंजनी के चीर लागे ईश्वर महादेव गौरा पार्वती की दुहाई जो टोना रहे एडी पिंड मंत्र पढ़ि फूंकै टोना कइल न रहे ।

उक्त मन्त्र का उच्चारण करते हुए टोने-टोटके से ग्रसित रोगी पर सात बार फूंक मारने से वह ठीक हो जाता है।

[भूत-प्रेत बाधा नाशक मन्त्र-१]

ॐ काला भैरव कपिली जटा।
रात दिन खेले चोपटा।
काला भस्म और मुसान।
डंकिनी शंखिनी पट्ट सिहारी।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

जरख चढ़ती गोरख मारी।
छोड़ि छोड़ि रे पापिनी बालक पराया।
गुरु गोरखनाथ का परवान आया।

साधक को उक्त मन्त्र को सूर्य अथवा चन्द्रग्रहण काल में सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् साधक प्रयोग के समय भूत-प्रेत बाधा से ग्रस्त व्यक्ति को इक्कीस बार उक्त मन्त्र से उच्चारित कर चाकू से झाड़ा दे तथा इक्कीस बार ही जल को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर रोगी को पिला दे तो रोगी का रोग ठीक हो जाता है।

[भूत-प्रेत बाधा नाशक मन्त्र-२]

ॐ ह्रीं श्रीं फट् स्वाहा, परबत हंस परबत स्वामी आत्मरक्षा सदा भवेत्, नौ नाथ चौरासी सिद्धों की दुहाई फुरे।

सर्वप्रथम साधक इस मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर उक्त मन्त्र से उपलों की राख को अभिमन्त्रित कर ताबीज में भरे। तत्पश्चात् उस ताबीज को भूत-प्रेत बाधा से ग्रस्त रोगी गले में काले धागे से धारण करा दे ऐसा करने से रोगी का यह दोष दूर हो जाता है।

[भूत-प्रेत बाधा नाशक मन्त्र-३]

गुजरे कुकाली हाथ मुरली मर्दन केश काली चलल देश विदेश पैसल जो खोखरल आसार पेस माराकर फाड़ल पेड़ भूत पकड़ दुहाई ईश्वर महादेव गौरा पारवती के छीः।

सर्वप्रथम साधक इस मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर साधक इस मन्त्र को सिद्ध करने के बाद उक्त मन्त्र से भूत-प्रेत ग्रस्त रोगी के बाल पकड़कर इकतीस बार झाड़ा दे तो इस प्रकार करने से रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[भूत-प्रेत बाधा नाशक मन्त्र-४]

हल्दी बाण बाण को लिया उठाय ।
हल्दी बाण से नीलगीरी पहाड़ थर्राय ।
यह सब देख बोलत गोरखनाथ ।
डाइन योगिनी भूत-प्रेत मुंड काटोतान ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधक उक्त मन्त्र से भूत-प्रेत बाधा से ग्रसित रोगी का इक्कीस बार कच्ची हल्दी से सिर से पैर तक उतारा करके आग में डाल दे। ऐसा करने से वह व्यक्ति भूत-प्रेत बाधा से मुक्त होकर स्वस्थ हो जाता है।

[भूत-प्रेत बाधा नाशक मन्त्र-५]

ॐ नमो आदेश गुरु को ॐ अपर के या कटमेष खंब प्रति प्रहलाद राखे पाताल राखे पावं देवी जांघ राखे काली का मस्तक राखे महादेव जी कोई या पिंड प्राण छोड़े छोड़े तो देव दानव भूत-प्रेत-डाकिनी-शाकिनी मंडा ताप तिजारी जूड़ी एक पहरू दो पहरू सांझ को सबेरे को किया को कराया को उलट वाही के पिंड परे इस पिंड की रक्षा श्री नरसिंजी करे शब्द सांचा पिंड काचा, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा।

साधक को सर्वप्रथम उक्त मन्त्र दीपावली अथवा सूर्य या चन्द्रग्रहण काल में सिद्ध कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् साधक प्रयोग के लिए भूत-प्रेत बाधा से ग्रस्त व्यक्ति को उक्त मन्त्र का उच्चारण कर सात बार मोरपंख से झाड़ा दे तथा जल मन्त्र से अभिमन्त्रित कर पिला दे तो भूत-प्रेत बाधा का निवारण होता है और रोगी ठीक हो जाता है।

[भूत-प्रेत बाधा नाशक मन्त्र-६]

ॐ चैतन्य गोरक्षनाथाय नमः।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र सिद्ध कर ले। मन्त्र सिद्धि के पश्चात् साधक भूत-प्रेत बाधा ग्रस्त व्यक्ति को उक्त मन्त्र का इक्कीस बार उच्चारण कर चाकू अथवा मयूर पंख से झाड़ा दे, मन्त्र से जल अभिमन्त्रित कर पिला दे तो भूत-प्रेत बाधा का निवारण हो जाता है। झाड़े के अतिरिक्त बिनौला, गोखरु, गोरखमुंडी को गाय के मूत्र में मिलाकर और सुखाकर इसकी धूनी रोगी को देने से भी भूत-प्रेत बाधा से ग्रस्त रोगी का रोग ठीक हो जाता है और रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[भूत-प्रेत बाधा नाशक मन्त्र-७]

नयन नागरी पाय घाघरी नदी।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

च काना च काना पहुंच रे नागरे मसाना।
जात नहीं जतन नहीं दैत्य मसान।
इसी वक्त उतरू न जाय ईश्वर।
गौरा, गोरखनाथ, महादेव की दुहाई।

साधक सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर मन्त्र सिद्धि के बाद साधक भूत-प्रेत बाधा ग्रस्त व्यक्ति को उक्त मन्त्र का एक सौ आठ बार उच्चारण करते हुए झाड़ा दे तो उस व्यक्ति का रोग ठीक होकर रोगी स्वस्थ हो जाता है।

[भूत भय नाशन मन्त्र]

ॐ नमः श्मशान वासिने भूतादीनां पलायनं कुरु कुरु स्वाहा।।

दीपावली की रात्रि को एक हजार आठ मन्त्र जाप कर सिद्धि कर लें फिर जब प्रयोग करना हो तो रविवार को दिन में कुत्ता और घुग्घु का मल (विष्ठा) ऊँट के बाल, सफेद घुघुंची, गन्धक, गोबर, कड़ुवा तेल, सिरस नामक वृक्ष के फल तथा पत्ते लाकर हवन कर उपरोक्त मन्त्र का एक सौ आठ बार जाप करने से भूत-प्रेत-वैताल-राक्षस, डाकिनी, शाकिनी, प्रेतनी, आदि समस्त बाधायें दूर होती हैं।

[भूत-प्रेत आदि निवारण मन्त्र]

ॐ ह्रीं श्रीं कुंथुं अरं च मल्लि, वंदे मुणिसुव्वयं नमि जिणं च, वंदामि रिट्ठनेमि, पासं तह वद्धमाणं च-मम वांछितं पूरय पूरय ह्रीं स्वाहा।

पीले वस्त्र, पीला आसन, पीली माला का उपयोग करते हुए पूर्व की ओर मुंह कर जप शुरू करें। ग्यारह हजार जप करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है।

मन्त्र सिद्ध होने पर भूत-प्रेत आदि के भय के समय एक माला फेरने से संकट टल जाएगा।

अनार की कलम से अष्टगन्ध स्याही से भोजपत्र पर लिखकर गले में बांधने से ज्वर जायेगा। रवि पुष्य नक्षत्र में लिखकर पास में रखने से यात्रा में किसी प्रकार का भय नहीं होगा।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[भूत आदि हटाने का बाग मन्त्र]

तह कुष्ठ इलाही का बान कूडूम की पित्ती चिरावत भाग भाग अमुकं अंग से भूत मारूँ धुनवान कृष्ण वर पूत आज्ञा कामरुकामाख्या हाड़ी दासी चण्डी की दुहाई।।

एक मुट्ठी धूल तीन बार मन्त्र पढ़कर मारने से भूत भय दूर होते हैं।

[भूत-प्रेत व दुष्टभय निवारक मन्त्र]

ॐ ह्रीं अ सि आ उ सा सर्व दुष्टान् स्तंभय स्तंभय मोहय मोहय जंभय जंभय अंधय बधिरय बधिरय मूकवत् कारय-कारय कुरु कुरु ह्रीं दुष्टान् ठः ठः ठः।

किसी को भूत, पिशाच, प्रेत व चुड़ैल की छाया पड़ी हो, मुट्ठी बंद करके इस मन्त्र का १०८ बार उच्चारण करें व झाड़ें तो उपद्रव निश्चय ही शान्त हो। ईशान कोण की तरह मुंह करके आधी रात के समय आठ रात्रि तक इस मन्त्र की साधना करें, धूप-दीप करें, ११०० जप करें तो व्यन्तर-देवका उपद्रव शान्त हो। यही नहीं जिस समय शत्रु सामने आक्रमण करने आए तो मुट्ठी बंद करके इस मन्त्र का १०८ बार जप करें। वह मुट्ठी शत्रु के सामने करें तो शत्रु स्वयं परास्त हो जाएगा।

आप एक सद्गृहस्थ हैं अतः ऊपरी हवाओं से लोगों को बचाने और छुड़ाने का कार्य तो अवश्य करें परन्तु इसे अपना व्यवसाय न बनाएं। दूसरों का भला करने के लिए निःस्वार्थ भाव से जो यह कार्य करता है, उसे समाज में सम्मान और परमपिता परमेश्वर की कृपा से सभी सुख स्वयं ही मिलते रहते हैं। परन्तु जो इस कार्य को पेशा बना लेते हैं, उनका तो लोक और परलोक दोनों ही खराब हो जाते हैं, अतः इस बारे में विशेष सावधान रहें।

[जादू-टोना नाशक मन्त्र]

जय काली कलकत्ते वाली ।
जय हनुमान जय चालीस, तेरा वचन न जाए खाली ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

जो करे सो पाए खाली ।
अपनी चीज अपना मिल जाए ।
धरती खोल सुरपाय नखमा खो अपना ।
सो पाई तेरे गुरु का वचन न सुहाई ।
इसी वक्त जादू-टोना यहाँ से भाग जाई ।
मारूं हांक गुरु गोरखनाथ की हांक ।
ईश्वर गौरा पार्वती महादेव की दुहाई ।

सर्वप्रथम साधक इस मन्त्र को सिद्ध कर ले। फिर साधक मन्त्र सिद्ध करने के बाद उक्त मन्त्र का इकतीस बार मन्त्रोच्चारण करते हुए जादू-टोना ग्रस्त रोगी के ऊपर से उपले की राख का उतारा करे और राख को बहते जल में प्रवाहित कर दे। साधक द्वारा इस प्रकार करने से जादू-टोना से ग्रस्त व्यक्ति के ऊपर से जादू-टोने का प्रभाव समाप्त हो जाएगा और रोगी स्वस्थ हो जाएगा।

[मूठ लौटाने का मन्त्र]

ॐ सी आई को लगाई ।
जट जट गट खट ।
उलट-पुलट लुका झुका ।
को नार नार सिद्धि ।
गोरखनाथ की दुहाई ।
फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

सर्वप्रथम साधक किसी भी शुभ मुहूर्त में उक्त मन्त्र को सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक जिस ओर से मूठ आए, उसी ओर काले उड़द को उक्त मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित कर फें दे ऐसा करने से मूठ जहाँ से आई हो वहीं लौट जाएगी।

[मन्त्र की काट का मन्त्र]

तेली की खोपड़ी चाट-चाट के मैदान ।
ऊपर चढ़ा मुहम्मद सुल्तान ।
मुहम्मद सुल्तान किसका बेटा ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

फातिमा का बेटा ।
सूअर खाय हलाल करे पै दे पांव ।
वज्र की कील काट तो ।
माता के दूध को हराम कह ।

गुरुवार को सारी रात इस मन्त्र का जप करने से यह सिद्ध हो जाता है। इस सिद्ध मन्त्र का उपयोग किसी भी मन्त्र की काट के लिए किया जा सकता है। यह मुस्लिम शाबर मन्त्र है।

[बंगला भाषी शाबरी मन्त्र]

ॐ काली घाटे काली माँ ।
पतित पावनी काली माँ ।
जवा फूले । स्थुरी जले ।
सेई जवा फूल में सीआ बेड़ाए ।
देवीर अनुर्बले ।
एहि होत करिवज्र होइवे ।
ताही काली धर्मेर ।
वले काहार आज्ञे राठे ।
काली का चंडीर आसे ।

उक्त मन्त्र माँ काली का मन्त्र है। इसे तीन बार जपकर दाहिने हाथ पर फूँक मारकर इच्छित काम करने से साधक को उसमें सफलता प्राप्त होती है।

[तंत्र वापसी का मन्त्र]

ॐ एक ठो सरसों ।
सौला राई ।
मोरो पटवल को रोजाई ।
खाय खाय पड़े भार ।
जै करै ते मरे ।
उलट विद्या ताही पर परे ।
शब्द सांचा । पिंड काचा ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

हनुमान का मंत्र सांचा।

फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा।

यदि कोई किसी पर तंत्र प्रयोग करता है, तो थोड़ी-सी राई और नमक मिलाकर इस मन्त्र को जपते हुए सात बार तंत्र बाधा से ग्रस्त व्यक्ति पर उतार करके जलती भट्ठी में फेंक देने से न सिर्फ तंत्र का प्रभाव खत्म होता है बल्कि वह तंत्र, तंत्र करने वाले के पास ही लौट जाता है।

[गृह-बन्धन कालिका का मन्त्र]

ॐ काली-काली जप।
निशा-रात-काली।।
काली की माता।
अढ़ाई आखर के भोर।।
मैं हारौ, परची के घावो।
अण्डा खसै, सवा भरि।।
विय्या सोट, सम्हारि।
सम्हारि क घाव।।
उनठ बान्ह, बनठ बान्ह।
देवता-देवी लकेसरी।।
कासा के पेरी।
तम्बोलक बेड़ी।।
बेड़ी-पर-बेड़ी।
बारह बरस, ३६ युग के।।
भाषा देत छियो।
गुरु खोलो, तब न खुलै राज।।
हम ही खोलीं, तबही खुले।
दोहाई ईश्वर महादेव।।
गौरा-पार्वती कें सत्।
वचन के प्रमाण के।।

उक्त मन्त्र का ग्रहण काल में अनगिनत जप विधि-विधान से करें तो यह

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मन्त्र सिद्ध होगा फिर जरुरत के समय उक्त मन्त्र को जपते हुए घर के चारों ओर सात बार रेखा खींचने से घर अलाओं—बलाओं से सुरक्षित रहेगा।

[सर्व दोष निवारण मन्त्र]

शनि दिन संध्या के समय घर कुम्हार के जाय।
चाक पे चौंसठ दीप की उल्टी चाक फिराय।।

समस्त दीपकों को घी की बात्ति जलाकर रोगी के मुख पर सन्ध्या समय उतारें तथा दूध भात शक्कर रोगी को स्पर्श करा चौराहे पर रखने से सर्व दोष नष्ट होते हैं।

[सर्वसंकट नाशक वन दुर्गा मन्त्र]

ओम् ह्रीं उत्तिष्ट पुरिषि किं स्वपिषि भयं में समुपस्थितम्।
यदि शक्यम शक्य वा तनमेभगवति शमय स्वाहा ह्रीं ओम्।।

उक्त मन्त्र को नवरात्र के अवसर पर पवित्रतापूर्वक प्रतिदिन प्रात: देवी के मन्दिर में दस हजार बार जाप करके सिद्ध कर लेना चाहिये। उक्त मन्त्र का प्रतिदिन एक माला जाप करने से मनुष्य अकाल मृत्यु, मार्ग दुर्घटना भय आदि अनेक विपत्तियों से सुरक्षित रहता है।

[आपत्ति निवारण मन्त्र]

शेष फरिद का कामरी निसि अस अन्धियारी।
तीनों को टालिये अनल ओला जल विष।।

उक्त मन्त्र को पढ़कर ताली बजाने से ओला, अग्नि, जल, विष आदि भय दूर होता है।

[असामयिक मृत्यु भय निवारक मन्त्र]

ॐ अघोरेभ्यो घोर घोर तरेभ्यः स्वाहा।

उक्त मन्त्र को किसी भी शुभ नक्षत्र और शुभ वार में दस सहस्त्र बार जाप कर सिद्धि कर लें और जब प्रयोग करना हो तो जिस रविवार को पुष्य नक्षत्र होवे उस दिन प्रात:काल गुरमा नामक वृक्ष की जड़ लाकर गर्म जल में मसलें और फिर एक सौ आठ बार उपरोक्त मन्त्र पढ़कर आठ माशा नित्य पान करने से अकाल मृत्यु निवारण होती है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[गृहबाधा शमन का मन्त्र]

ॐ शं शं शिं शिं शुं शुं शें शैं शों शौं शं शः स्वः सं स्वाहा ।

२. उक्त मन्त्र पलाश की लकड़ी पर एक हजार बार पढ़कर उस लकड़ी को घर के कोने में गाड़ देने से गृहवासियों को किसी भी प्रकार की बाधा का सामना नहीं करना पड़ता।

[क्रोध दूर करने का मन्त्र]

ॐ नमः शान्ते प्रशान्ते ॐ ह्रीं ह्रां सर्व क्रोध प्रशमनी स्वाहा ।

जिस किसी को भी क्रोध अत्यधिक आता हो वह इस मन्त्र को नित्य सबेरे इक्कीस बार जपे। ऐसा करने से न केवल उसके क्रोध की शान्ति होगी; बल्कि घर-परिवार में भी सुख शान्ति रहेगी। ऐसा व्यक्ति मन्त्र जप करने के बाद सन्ध्या के समय पीपल की जड़ में मीठा जल चढ़ाकर धूप, दीपंक अवश्य जला दे।

[धनवृद्धि मन्त्र]

ॐ नमो भगवती पद्म पद्मावती ॐ ह्रीं ॐ ॐ पूर्वाय दक्षिणाय उत्तराय आष पूरय सर्वजन वश्य कुरु कुरु स्वाहा ।

यह मन्त्र दीपावली को रातभर जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। उसके बाद सवेरे बिस्तर छोड़ने से पहले एक सौ आठ बार जपकर सभी दिशाओं में दस-दस फूंक मारने से साधक को सब दिशाओं से धन की प्राप्ति होने लगती है।

[अचानक धन प्राप्ति का मन्त्र]

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः ध्वः ध्वः ।

साधक एक ऐसे काले हिरण की चर्म का आसन प्राप्त करे जो मृगशिरा नक्षत्र में मारा गया हो। ऐसे आसन पर नदी के किनारे कनकागुदी नाम के वृक्ष के पास बैठकर इस मन्त्र का इक्कीस दिनों में एक लाख जप करने से मन्त्र के प्रभाव से अचानक धन की प्राप्ति का योग बनने लगता है।

[जिन्न भगाने का मन्त्र]

माँ बादशाह सब बादशाहों के सफेद घोड़ा, सफेद पाखर जिस पर चढ़े जिन्नों का बादशाह, बारह कोस अगाड़ी, बारह कोस

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पिछाड़ी, जो कुछ काम कहूं बजा लावे, मेरी भक्ति गुरु की शक्ति, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा।

साधक इस मन्त्र को किसी भी शुभ मुहूर्त्त में दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। इसके बाद जिन्न बाधाग्रस्त व्यक्ति पर अभिमन्त्रित जल छिड़के तो मन्त्र के प्रभाववश जिन्न उस व्यक्ति को छोड़ देता है।

[वीर मुहम्मद मन्त्र]

अंतरकुशी खुदाय तिऊंगा कटोरा लोहे के कोट वज्र का ताला, अल्लाह नबी बैठे रखवाला हाथ की पांव की उरिया धुरिया तैंतीस कोस की बलाय जात रहे वीर मुहम्मद तेरी आन।

वीर मुहम्मद का यह मन्त्र ऊपरी बाधाओं को दूर करने का श्रेष्ठ मन्त्र है। यह स्वत: सिद्ध है। इस मन्त्र के प्रयोग से भूत-प्रेत-जिन्न आदि ऊपरी बाधाओं का निवारण भली प्रकार से किया जा सकता है।

[भूत आदि हटाने का बाग मन्त्र]

तह कुष्ठ इलाही का बान कूडूम की पित्ती चिरावत भाग भाग अमुकं अंग से भूत मारूँ धुनवान कृष्ण वर पूत आज्ञा कामरु-कामाख्या हाड़ी दासी चण्डी की दुहाई।।

एक मुट्ठी धूल तीन बार मन्त्र पढ़कर मारने से भूत भय दूर होते हैं।

[विपदा निवारक मन्त्र]

शेष फरिद का कामरी निसि अस अंधियारी। चारों को टालिये अनल, ओला, जल, विष।।

यह मन्त्र अत्यन्त सरल है। इस मन्त्र केवल पढ़कर ताली बजाने से ओला आग, जल, विष आदि का भय दूर हो जाता है।

[चूहे भगाने का मन्त्र]

पीत पीतांबर मूसा गांधी ले जाइहु गोरख तु बांधी ए गोरख लंका के राउ एहि कोणे पैसेहु सहि कोणे जाऊ।

रविवार को स्नान करके हल्दी की पाँच साबूत गांठें तथा थोड़ें से साबूत

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

चावल लेकर मन्त्र का उच्चारण करते हुए चूहों के बिल में डाल देने से चूहे गायब हो जाते हैं।

[सौभाग्यवर्द्धक मन्त्र]

ॐ ह्रीं कपालिनी कुल कुंडलिनी मे सिद्धि देहि भाग्यं देहि देहि स्वाहा ।

यह मन्त्र कृष्णपक्षीय चतुर्दशी से अगले मास की कृष्णपक्षीय त्रयोदशी तक नित्य एक हजार बार जपने से स्त्रियों के सौभाग्य में वृद्धि होती है' वे परिवार में सभी की प्रिय बन जाती हैं।

[शीघ्र विवाहकारक मन्त्र]

मक्खनो हाथी जर्द अंबारी
उस पर बैठी कमाल खां की सवारी
कमाल खां कमाल खां मुगल पठान
बैठे चबूतरे पढ़े कुरान
हजार काम दुनिया का करे
एक काम मेरा कर
न करे तो तीन लाख तैंतीस हजार वीर
पैगंबरों की दुहाई ।

यह अत्यन्त प्रभावशाली शाबर मन्त्र है। इस मन्त्र का जप जितना अधिक से अधिक किया जायेगा विवाह उतनी ही शीघ्र होता है।

[ऋद्धि-सिद्धिकरण मन्त्र-१]

ॐ नमो आदेश श्री गुरु को ।
गजानन वीर बसे मसान ।
अब दो ऋद्धि का वरदान ।
जो जो मांगू सो सो आन ।
पांच लड्डू शिर सिंदूर हाट बाट की ।
माटी मसान की ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सेष ऋद्धि सिद्धि हमारे साथ ।

शब्द सांचा, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

भण्डारा प्रारम्भ करने से पहले साधक बूँदी के पाँच लड्डू पर कामिया सिन्दूर लगाए। गणपति जी की पूजा करे। तत्पश्चात् कलश के ऊपर एक लड्डू रखकर कुएँ पर से जल भरे और मन्त्रोच्चार कर चार लड्डू कुएँ में डाल दे। फिर कलश स्थापित करके मन्त्र का एक हजार बार जप करके ब्राह्मणों को भोजन कराए। ऐसा करने से भण्डारगृह में अनाज की कमी कभी नहीं होगी।

[ऋद्धि-सिद्धिकरण मन्त्र-२]

ॐ नमो पद्मावती पद्मावती पद्मानने लक्ष्मी दायिनी बाछां भूत-प्रेत विन्ध्यवासिनी सर्वशत्रु संहारिणी दुर्जन मोहिनी सिद्धि ऋद्धि वृद्धिं कुरु कुरु स्वाहा ॐ नमः क्लीं श्री पद्मावत्यै नमः ।

गोरोचन, गुग्गुल, छार-छबीला, कर्पूर, कचरी को बराबर मात्रा में लेकर एक समान गोलियाँ बनाए तथा शनिवार अथवा रविवार की आधी रात से जपना प्रारम्भ करके नित्य बाईस दिन तक एक सौ आठ मन्त्र जपे और हवन करे। साधक पूजा में लाल वस्तुओं का प्रयोग करे तथा लाल कपड़ा ही धारण करे। ऐसा करने से साधक को ऋद्धि-सिद्धि की प्राप्ति होती है।

[जुआ में जीतने का मन्त्र-१]

समुद्र, समुद्र के बीच टापू, टापू में द्वीप, द्वीप पै पाठौ, पाठे पे बैठी चांद कुमारी । तिन या कही-सुनी हो राजा राम, जो कोई या मूठ जीते, हनुमंत करै सहाई, मेरी भगत गुरु की सकत फुरै मंत्र ईश्वरो वाचा । वाचा ते कुवाचा होई तो कुंभी पाक नरक में पड़े । धोबी की सोंधनी चमार की छोहड़ में पड़े ।।

जुआ का खेल आरम्भ होने से पहले साधक उक्त मन्त्र श्रद्धाभाव से इक्कीस बार जपे। इससे उसे जुआ में विजय प्राप्त होगी।

[जुआ में जीतने का मन्त्र-२]

ॐ नमः ठुं ठुं ठुं ठुं क्लीं क्लीं बानरी विजयपति स्वाहा ।

साधक यह मन्त्र दीपावली की अर्द्धरात्रि में अश्वत्थ (पीपल) के पेड़ के

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

नीचे एक सौ आठ बार जपे तथा इतनी ही बार कदम्ब के फूलों से हवन करे। प्रयोग के समय कदम्ब का एक फूल लेकर उस पर सात बार मन्त्र पढ़े और दाहिने हाथ में फूल को बाँधकर जुआ खेले तो साधक निश्चित ही जीतेगा।

[भयनाशक मन्त्र]

या अली मुलख वीर ।

साधक गुरुवार को सूर्यास्त केबाद किसी मजार पर जाए और हिना का इत्र तथा प्रसाद चढ़ाकर गुलाब की अगरबत्ती अथवा धूप लजाकर यह मन्त्र लाल हकीक की माला पर इक्कीस हजार बार जपे। प्रयोगकाल में एक सौ आठ बार जपे। ऐसा करने से किसी भी तरह का भय नहीं रहेगा।

[दंगल (कुश्ती) जीतने का मन्त्र]

ॐ नमो आदेश कामरू कामाक्षा देवी अंग पहरू भुजंगा पहरू लोहे शरीर आवत हाथ तोडूं पांव तोडूं सहाय हनुमंत वीर उठ अब नृसिंह वीर तेरो सोलह सौ श्रृंगार मेरी पीठ लगे नाहीं तो वीर हनुमंत लजाने तू लेहु पूजा पान सुपारी नारियल सिंदूर अपनी देहु सबल मोरी पर देहु भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

साधक उक्त मन्त्र किसी भी मंगलवार से जपना शुरू करके चालीस दिन तक जपे। साधना काल में नित्य गेरू का चौका लगाकर लाल लंगोट धारण करे। हनुमान जी की मूर्ति के समक्ष लड्डू का भोग रखे। तत्पश्चात् एक सौ आठ बार मन्त्र जप कर दंगल में उतरे। ऐसा करने से निश्चय ही विजय प्राप्त होगी।

[मुकद्दमा जीतने का मन्त्र]

ॐ क्रां क्रां क्रां धूम्रसारी बदाक्षं विजयति जयति ॐ स्वाहा ।

उक्त मन्त्र साधक पुनर्वसु नक्षत्र काल की त्रयोदशी में सुरही के चर्म के आसन पर नदी तट के पास मूंगे की मांला जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् प्रयोग काल में सात बार उच्चारण करके जाए तो मुकद्दमें में जीत प्राप्त होती है।

[चोर पकड़ने के लिए हनुमान मन्त्र]

ॐ नमो सत्तर सौ पीर।
चौंसठ सौ यौगिनी।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बावन सौ वीर।
बहत्तर सौ वीर।
बहत्तर सौ भैरों।।
तेरह सौ तन्त्रा।
चौदह सौ मन्त्रा।।
अठारह सौ परबत।
सत्तर सौ पहार।।
नौ सौ नदी।
निन्यानवें सौ नाला।।
यति हनुमन्त।
गोरखनाथ रखवाला।।
काँसे की कटोरी।
चार अंगुर चौड़ी।।
कहौ वीर कहाँ से चलाई?
गिरनार परवत से चलाई।
अठारह भार वनस्पता।।
चल लोना चमारिन।
वाचा फूटे।।
काली कुम्हारी चाक।
ज्यों-ज्यों फिरै।।
कहाँ-कहाँ जाय?
चण्डाल के घर जाय।।
तिहाँ लावे चोर को।
चण्डाल को, गड़ा-धन बताय।।
चल-चल रे हनुमन्त वीर।
जहाँ चले, वहाँ रहे।।
न चले, तो गंगा-जमुना।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

उल्टी बहें, न चले, तो सीता।।
माता की छाती, अंजनी मैय्या।
के सिर पर पैर रखे, सत्-।।
के हनुमान होबे, तो चोर।
के गाड़े धन के पास ठहरबे।।
दुहाई रामचन्द्र के।।

उक्त मन्त्र की साधना इक्कीस दिन की है, साधक श्री रामदूत हनुमान जी विषयक समस्त नियमों अर्थात् ब्रह्मचर्य आदि का पालन करते हुए एक माला का जप व दशांश हवन करें तो यह मन्त्र सिद्ध होगा, फिर प्रयोग करने के पहले ही काँसे की एक छोटी-सी चार अंगुल की कटोरी लेकर दीपावली को कटोरी की विधिवत् पूजनादि करे व एक पाव के लगभग काले उड़द को मन्त्र से शक्तिकृत कर किसी सुरक्षित स्थान पर रख लें, जब किसी का चोरी गया धन या चोर का पता करना हो तो तब उस कटोरी को चौंक में रखकर, अभिमन्त्रित उड़दों को मन्त्र जपते हुए कटोरी पर मारें तो कटोरी चलने लगेगी जब कटोरी रुके तो फिर उड़द मारें इस तरह वह कटोरी वहीं जाकर रुकेगी जहाँ धन होगा।

[चोर पकड़ने का मन्त्र]

ॐ नमो इंद्राग्नि बन्य बांधाय स्वाहा ।

यह मन्त्र भोजपत्र पर लिखकर सफेद मुरगे के गर्दन में बाँधकर मुरगे को बड़े से टोकरे से ढक दे। अब जिस किसी पर भी चोरी करने का संदेह हो उसका हाथ टोकरे पर रखवायें। ऐसा करने से जो चोर होगा, उसके हाथ रखते ही मुरगा बोल पड़ेगा।

[चोर भय निवारण कालिका सिद्ध मन्त्र]

ॐ-काली-करालिनी स्वाहा।
ॐ-काली-कपालिनी स्वाहा।
ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं चोर बंध ठं ठं ठं।

उक्त मन्त्र का ग्रहण-काल में पुस्तक में लिखी विधि विधानुसार अनगिनत

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

जप करने से यह मन्त्र सिद्ध होता है, सिद्ध होने के बाद जब आपको कभी किसी वस्तु की चोरी हो जाने की आशंका हो तो भस्म या सफेद सरसों ग्रहण कर इक्कीस बार अभिमंत्रित कर उक्त मन्त्र जपते हुए उस स्थान को चारों ओर घेर दें तो चोर उस सुरक्षा रेखा को तोड़ कर अन्दर न जा पाएंगे।

[गड़ा धन दीखने का मन्त्र]

ॐ नमो विघ्न विनाशाय निधि दर्शन कुरु कुरु स्वाहा ।

किसी भी शुभकाल व शुभ मुहूर्त में साधक इस मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् जिस स्थान पर धन गड़ा होने की आशंका लगे वहाँ धतूरे के बीज, सफेद घुंघुची, हलाहल, मैनसिल, गन्धक, उल्ली की बीट व शिरीष के पेड़ का पंचांग समान भाग में लेकर सरसों के तेल में पकाये। फिर इसी की धूप देकर मन्त्र का दस हजार बार जप करे। ऐसा करने से उस स्थान से भूत-प्रेत-पितर हट जाते हैं तथा गड़ा धन दिखाई देने लगता है।

[अकाल मृत्यु निवारक मन्त्र]

ॐ अघोरेभ्यो घोर घोर तरेभ्यः स्वाहा ।

साधक उक्त मन्त्र को किसी भी सोम्यवार, नक्षत्र में दस हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। प्रयोगकाल में रविवारीय पुष्य नक्षत्र को सुबह गुरमा वृक्ष कीजड़ लाकर गरम जल में मथ ले तथा उसे एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित कर आठ माशा प्रतिदिन सेवन करे तो अकाल मृत्यु नहीं होती है।

[निर्भीकता का मन्त्र]

ॐ क्षीं क्षीं क्षीं क्षीं क्षीं फट् ।

उक्त मन्त्र को प्रतिदिन पाँच सौ बार जपने से जपकर्त्ता को सभी सुखों की प्राप्ति होने के साथ ही वह निर्भिक भी हो जाता है।

[पशुओं के दुग्ध वृद्धि का मन्त्र]

ॐ नमो हुंकारिणी प्रसव ॐ शीतलाम् ।

उक्त मन्त्र को प्रतिदिन एक सौ आठ बार जपकर पशुओं को चारा खिलाने से गाय-भैंसादि पशुओं के दूध में अतिशय वृद्धि होती है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[अन्न अधिक उपजाने का मन्त्र]

ॐ नमः सुरम्यः बलजः उपरि परिमिलि स्वाहा ।

उक्त मन्त्र को साधक दस जार बार जपकर सिद्ध कर ले। तब प्रयोग काल में पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के दिन बहेड़े वृक्ष का बांदा लाकर उसे एक सौ बाठ बार अभिमन्त्रित कर उस खेत में गाड़ दे जिसकी उपज में वृद्धि करना है।

[बंधन मुक्ति मन्त्र]

ॐ नमोऽतुऽते भगवते पार्श्व चंद्राधरेंद्र पद्मावती सहिताय मेऽभीष्ट सिद्धि दुष्ट ग्रह भस्म भक्ष्यं स्वाहा । स्वामी प्रसादे कुरु कुरु स्वाहा । हिलहिलि मातंगनि स्वाहा । स्वामी प्रसादे कुरु कुरु स्वाहा ।

ग्रह बन्धन या तंत्र बन्धन की अवस्था में यह मन्त्र नवरात्र के दिनों में इक्कीस बार प्रतिदिन जपने से अनिष्ट ग्रह का बन्धन दूर होता है, साथ ही साथ किसी तान्त्रिक द्वारा किया गया बन्धन भी दूर होकर साधक को सुख-शान्ति की अनुभूति होती है।

[सर्व विघ्नहरण मन्त्र]

ॐ नमः शांते प्रशांते ॐ ह्रीं ह्रां सर्व क्रोध प्रशमनी स्वाहा।।

उपरोक्त मन्त्र को प्रति दिन प्रातःकाल इक्कीस बार पाठ कर मुख मार्जन करने से परिवार के समस्त प्राणी सदा शान्त एवं निर्विघ्न जीवन व्यतीत करते हैं। सायंकाल पीपल की जड़ में शर्बत चढ़ा, धूप दीप प्रज्ज्वलित करें।

[क्रोध शान्ति का मन्त्र]

भूल भूल की तोला मूकी ।
उठ मेल की पाताल ।
कूंडे लाग ।
भेल की सभा जुड़े ।
भेल की चले आगे ।
आगि जारि सलाम करि ।
भेल की लागे, तारे बेड़े ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

आंजरे पांजरे लाग, चुके मुके लाग ।
होक सिद्धि गुरुकृपा दुहाई ।
काटर कामिक्षा रमा ।
हाडिर झिर आज्ञा, चंडिरूपा ।

कोई भी व्यक्ति यदि बहुत ज्यादा क्रोधित हो तो इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए तीन फूंक उस व्यक्ति पर मार देने से उसका क्रोध शान्त हो जाता है।

[तन्त्र माया नाशक मन्त्र-१]

ॐ श्री अस्थापन तामें करहु जामें राम भलाई गुणियां के जो गुण काटो तो इसमें नहीं मनाही दुहाई कामरू कामाक्षी नैना योगिनी की शब्द सांचा, पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

कोई व्यक्ति यदि किसी तान्त्रिक के माया जाल से ग्रसित होकर पीड़ित है, तो इस मन्त्र का जप करते हुए झाड़ा देने से रोगी तान्त्रिक के माया जाल से मुक्त हो जाता है।

[तन्त्र माया नाशक मन्त्र-२]

अब पारीस संभ्रम कायवेध ।
छेद का ज्ञान विज्ञान फूटै ।
अमुकार गाय हंका चंडी तो ।
हमारे माशिल पाथर परे ।
अमुकार गासे मारैस समारै मुमारै ।
रोड़ास उल्टा वेधे ।
विरूपाक्ष बिराली ।
उल्टा वेधे पिंडोमानायै ।
मोरे पिंडे करे ।
धा उल्टा वेधे ।
डाँक्तुलखाः फोड़ फोड़ ।
दंडी विरूपाक्षरे आज्ञा ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

यदि कोई व्यक्ति तंत्र के प्रभाव में हो तो इस मन्त्र को जपकर प्रतिदिन सुबह तीन घंट जल पी ले। ऐसा करने से तंत्र का असर नष्ट हो जाता है।

[सर्प उत्कीलन का मन्त्र]

कीलन भाई कुकीलनी ।
वाचा भया कुवाच ।
जाहु सर्प घर आपने ।
चुग फिर चारों मास ।

यदि किसी ने साँप को कील दिया है तो उसके उत्कीलन के लिए उक्त मन्त्र को पढ़कर सात बार फूंक मार देने से साँप पुनः चलने लगता है।

[हिंसक पशु भय निवारण मन्त्र]

'या खालिस या मुखालिस या खल्लास काम अवेरा सहम को मुक्किल तुमको ख्वाजा तुमको मुईउद्दीन लिए मोर कांटा चोहरा नाहर सर्पा बिच्छू अमां चोर चाड़ बंधाय सत्य नाम आदेश गुरू को साँचा ईश्वरो वाचा।'

नौचन्दी जुमेरात को किसी दरिया (नदी) के किनारे बैठकर घी का दीपक जलावें, लोबान की धूनी देवें और उपरोक्त मन्त्र को १११०१ बार जाप करें तो यह मन्त्र सिद्ध हो जाएगा। जब कभी भी विषैले जीव-जन्तु या हिंसक पशु से सामना हो तो उक्त मन्त्र को सात बार पढ़ने से समस्त भय दूर हो जाएगा और वह जीव-जन्तु वापिस लौट जाएगा।

[कार्यसिद्धि मन्त्र-१]

पहले नाम भगवान का दूजे नाम औतार तीजे नाम सत्गुरु का जिनका नाम गोरखनाथ उनकी कृपा और उनकी दया इस ख्वाजा खिदर पूजने के लिए परसाद लेकर आया लोना चमारी दिरंत की दुहाई, वैष्णो शाकुंबरी और औतार पीर-पैगंबर इन सबकी दया के साथ दरिया के किनारे जिससे हमारी आत्मा ठंडी लोना चमारी की दुहाई वस्तम पेरूल युसूफ की तरह भूरे देव की तरह सत्यनारायण

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

की तरह मैंने भी पैर बढ़ाया लोना चमारी की दुहाई हरि हरि शिव शिव जयंती भद्र-काली।

यदि साधक किसी भी महीने के शुक्लपक्ष को शाम के समय एक देसी पान, दो साबुत लौंग, सात बताशे लेकर नदी के तट पर जाए और उक्त मन्त्र को एक सौ आठ बार जपे तथा सभी सामग्री नदी के जल में प्रवाहित कर दे तो साधक के सभी रूके हुए कार्य पूरे हो जाते हैं।

[कार्यसिद्धि मन्त्र-२]

सत्यनाम आदेश गुरु का, ॐ गुरु गोरखनाथाय नमः।

यदि साधक किसी भी कार्य को करने के लिए घर से निकलने के पहले उक्त मन्त्र की तीन माला जप ले तो उस कार्य में साधक को सफलता प्राप्त होती है।

इस प्रकार करने के लिए मन्त्र का जप करने के बाद इक्यावन बार हथेलियों पर फूंक मारकर चेहरे पर फिराकर साधक जिस किसी व्यक्ति के सामने जाता है, वह व्यक्ति साधक का सम्मानपूर्वक कार्य कर देता है अर्थात् साधक का कार्य सिद्ध हो जाता है।

[सर्व-कार्य सिद्धिदाता हनुमान मन्त्र-१]

ॐ पीर बजरंगी।
राम-लक्ष्मण के संगी।।
जहाँ-जहाँ जायें।
फतह के डंके बजायें।।
दुहाई माता।
अंजनी की आन।।

उक्त मन्त्र को ग्रहण-काल में श्री हनुमान विषयक सभी नियमों का पालन करते हुए अनगिनत जप करने से यह मन्त्र सिद्ध होगा, फिर आवश्यकता के समय जब आप को किसी से अपना कोई कार्य करवाना हो तब कार्य प्रारम्भ करने से पहले या अभिलाषित व्यक्ति के पास जाते समय उक्त मन्त्र को जपते हुए जायें तो कार्य की सिद्धि होगी।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[सर्व-कार्य सिद्धि दाता हनुमान मन्त्र-२]

ॐ विनायक कण्ठा बेठो आय।
सबके पहली सिमर सूँ भूल्या।।
राय बताय, अंजनी-पुत्र, पवन-।
पुत्र, सूद-पुत्र, मैं हुंकारु।।
जद ही आओ, मेरा काम।
सिद्ध कर ल्यावो, हनुमान्।
बजर की काया, जद हुँकारुँ।
जद ही धाया, मैं जाणू पारी।।
जातः, तू जलम्यो अमावस।
की रातः लूँग-सुपारी-जायफल-।।
तीनू पूजा लेय, सीध पैरूँ।
बैठ के तीधारा खाण्डा लेय।।
अटक-अटक लंका-सा कोट।
समुद्र-सी खाई, लोह की कील।।
बजर का ताला, आ बैठ हनुमन्त।
वज्र रखवाला, आव हनुमन्त।
जल्दी आव, हमारा काम सिद्ध।
करि ल्याव, शब्द सांचा। पिण्ड कांचा।।
चलो मन्त्र, ईश्वरो वाचा।।

उक्त मन्त्र का अनुष्ठान ४१ दिन का है, साधक श्री हनुमान जी विषयक सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिदिन एक माला का जप व दशांश हवन करें तो यह मन्त्र सिद्ध होगा।

यह अनुष्ठान किसी भी मंगलवार से शुरु कर सकते हैं। अब आप किसी कार्य के शुभारम्भ में या किसी अन्य कार्यों के समय उक्त मन्त्र की एक माला जपें तो समस्त कार्य निर्विघ्न सम्पन्न होंगे।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[सुख-शान्ति का मन्त्र-१]

ॐ नमो आदेश गुरु का धरती में बैठ्या लोहे का पिंड राख लगाता गुरु गोरखनाथ आवंता जावंता हांक देत धार धार मार मार शब्द सांचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा ।

ऐसे कई प्रकार के घर होते हैं जहाँ कभी-कभी किसी कारण से क्लेश, उपद्रव, अज्ञात भय, ऊपरी ताकतों का प्रभाव हो जाता है। ऐसा होने पर यदि साधक घर में शान्ति बनाए रखने के लिए मृग के चमड़े के आसन पर बैठकर उक्त मन्त्र से खीर की एक सौ आठ अहुतियाँ दे तो उस घर में सुख शान्ति स्थापित हो जाएगी।

[सुख-शान्ति का मन्त्र-२]

बलवान बलवते बाबा हनुमान वीर हनुमान, वीर हनुमान आन करो यह कारज मोरो आन हरो सब पीर मोरी, आन हरो तुम इंद्र का कोठा आन धरो तुम वज्र का कोठा दुहाई मच्छिन्दर नाथ की दुहाई गोरखनाथ की ।

साधक किसी भी शुक्रवार की रात्रि को पीला कपड़ा पहन कर, पीले आसन पर बैठकर, पीली ही माला से उक्त मन्त्र का जितना अधिक से अधिक जप कर सके, करे। यदि साधक यह क्रिया करता है तो उसे घर तथा बाहर दोनों ही जगह सुख-शान्ति की अनुभूति होगी।

[व्यापार वृद्धि मन्त्र-१]

भंवर वीर तू चेला मेरा खोल दुकान कहा कर मेरा उठे जो डंडी बिके जो माल भंवर वीर की सौंह नहीं खाली जाय ।

उक्त मन्त्र बिक्री बढ़ाने का अत्यन्त प्रभावशाली मन्त्र है। यदि साधक उक्त मन्त्र का प्रयोग तीन रविवार तक करता है तो साधक को उसकी सफलता मिलती है। साधक को प्रयोग के समय उड़द के कुछ दाने उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर अपने दुकान अथवा व्यापार स्थल पर बिखेर देने चाहिए।

[व्यापार वर्धक मन्त्र-२]

ॐ नमो सात समुद्र के बीच शिला जिस पर सुलेमान पैगंबर

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बैठा, सुलेमान पैगंबर के चार मुवक्किल, पहला पूर्व को धाया देव दानवों कूं बांधि लाया दूसरा मुवक्किल पश्चिम को धाया भूत-प्रेत कूं बांधि लाया तीसरा मुवक्किल उत्तर को धाया अयुत पितर को बांधि लाया चौथा मुवक्किल दक्षिण को धाया डाकिनी शाकिनी को बांधि लाया, चार मुवक्किल चहुं दिशि धावें छल-छिद्र कोऊ रहन न पावे रोग दोष को दूर भगावे शब्द सांचा, पिंड काचा, फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा।

यदि साधक उक्त मन्त्र का प्रयोग विधिपूर्वक करता है तो साधक के व्यापार में जो भी व्यवधान है उसका निवारण हो जाता है और साधक के व्यापार में आश्चर्यजनक ढंग से लाभ होने लगता है। साधक उक्त मन्त्र के प्रयोग के लिए वस्त्र के चार पुतले बनाकर उन्हें मन्त्र से अभिमन्त्रित करे। तत्पश्चात् साधक अपने दुकान या व्यापार स्थल पर चार कोनों में चारों पुतले अलग-अलग दबाकर रोज सुबह उक्त मन्त्र की एक माला जपे। साधक के ऐसा करने से उसके व्यापार में वृद्धि होगी।

[व्यापार वृद्धि मन्त्र-३]

श्री लुल्ले महाशुक्ले कमलदल निवासे महालक्ष्म्यै नमः लक्ष्मी माई सत्य की सवाई आवो माई करो भलाई, ना करो तो समुद्र की दुहाई ऋद्धि-सिद्धि खावोमीट तो नौ नाथ चौरासी सिद्धों की दुहीई।

व्यापार का दैनिक कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यदि इस मन्त्र का १०८ बार उच्चारण करके दुकान खोलें और व्यापार का दैनिक कार्य प्रारम्भ करें तो उस दिन ब्रिकी बढ़ती है और किसी प्रकार का कोई उपद्रव या परेशानी नहीं आती। इस मन्त्र को सिद्ध करने की कोई आवश्यकता नहीं है। नित्य दुकान खोलने से पूर्व एक माला जपना ही पर्याप्त है।

[व्यापार वृद्धि मन्त्र-४]

श्री शुक्ले महाशुक्ले कमलदल निवासिनी महालक्ष्म्यै नमः, लक्ष्मी माई सत्य की सवाई आवो माई करो भलाई, ना करो तो समुद्र की दुहाई, ऋद्धि-सिद्धि खावोमीट तो नौ नाथ चौरासी सिद्धों की दुहाई।

 Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधक कोई भी व्यापार का कार्य शुरु करने से पहले उक्त मन्त्र का एक सौ आठ बार उच्चारण कर ले। यदि साधक ऐसा करता है तो मन्त्र के प्रभाव से उसके व्यापार में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होगी, अपितु साधक के व्यापार में वृद्धि ही होगी। उक्त मन्त्र स्वत: सिद्ध और अतिशीघ्र असर दिखाने वाला है।

[बंधा व्यापार करने का मन्त्र-१]

ॐ नमो आदेश गुरु को बावन बार चौंसठ सातऊ कलवा पांचऊ वड़वा जिन्न भूत परीत देव दानव दुष्ट मुष्ट मैली मसान इन्हीं को कील कील नजर दीठ मूठ टोना टारे लोना चमारी गाजे या धंधे-दुकान की बरकत को बंधन न छुड़ावै तो माता हिंगलाज की दुहाई ।

यदि साधक की दुकान या व्यापार को किसी ने तंत्र-मन्त्र के प्रयोग द्वारा बाँध दिया हो तो नवरात्र में इस मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। सिद्धि के पश्चात् कुंवारी कन्याओं और छोटे बच्चों को भोजन कराए। फिर पाँच नीबू काले धागे में पिरोकर उक्त मन्त्र से इक्कीस बार अभिमन्त्रित कर दुकान में लटका दे। साथ ही सरसों के कुछ दाने भी इक्कीस बार अभिमन्त्रित कर दुकान में बिखेर दे तो तंत्र-मत्र का प्रयोग दूर हो जाता है।

[बंधा व्यापार करने का मन्त्र-२]

ॐ ह्रीं व्यापार बंधं मोचय मोचय ॐ फट् ।

यदि साधक के व्यापार को किसी ने ईर्ष्यावश तंत्र से बांध दिया हो तो साधक को किसी पवित्र पात्र में लक्ष्मी का प्रिय श्रीयंत्र प्रतिष्ठापित कर कुंकुम, चावल अदि से उसका पूजन करना चाहिए, दीप जलाना चाहिए तथा उक्त मन्त्र का इक्कीस दिन तक अनुष्ठानपूर्वक रोज एक सौ आठ बार जप करना चाहिए। साधक के ऐसा करने से उसके व्यापार से तंत्र का प्रभाव दूर हो जाता है और साधक का व्यापार खुल जाता है।

[रोजगार प्राप्ति के लिए माँ कालिका का पंच वाण]

प्रथम वाण—

ॐ नमः काली कंकाली महा-काली मुख सुन्दर जिए ब्याली चास्वीर भैरो-चौरासी बीततो पूजूँ पान-ए-मिठाई अब बोलो काली की दुहाई।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

द्वितीय वाण—

ॐ काली-कंकाली महा-काली, मुख सुन्दर जिए ज्वाला बीर-बीर, भैरू चौरासी बता, तो पूजूँ पान मिठाई।।

तृतीय वाण—

ॐ काली-कंकाली महा-काली सकल सुन्दरी जीहा ब्हालो चार वीर भैरव चौरासी तदा तो पूजूँ पान-मिठाई अब बोलो काली की दुहाई।

चुतर्थ वाण—

ॐ काली-कंकाली महा-काली सर्व-सुन्दरी जिए व्हाली चार-वीर भैरूँ चौरासी तण तो पूँजूँ पान-मिठाई अब राज बोलो काली की दोहाई।

पंचम वाण—

ॐ नमः काली कंकाली-महा-काली मख सुन्दर, जिए काली, चार-बीर भैरूँ चौरासी, तब राज तो पूजूँ पान-मिठाई अब बोलो काली की दोहाई।

इस मन्त्र का, मन एकाग्रचित्त कर नित्य आजीवन ११ बार पूर्व की ओर मुख कर एक नियमित स्थान पर धूप-दीप आदि विधि विधान से जप करें तो रोजगार की अति शीघ्र प्राप्ति होती है।

[धन लाभ मन्त्र]

छिन्नमस्ता ने महल बनाया धन के कारण करम कराया तारा आई बैठकर बोली यह रही दुर्गा मां की टोली गोरखनाथ कहत सुन छिन्नी मैं मछिंदरनाथ की भाषा बोला ।

साधक बृहस्पतिवार को पीले, चमकीले आसन पर बैठकर पीले अकीक की माला से उक्त मन्त्र का जप शुरू करे। साधक को यह जप इकतालीस दिन तक नियमपूर्वक करना चाहिए। साधक के ऐसा करने से उसको धन लाभ होगा।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[महालक्ष्मी मन्त्र]

श्री शुक्ले महा शुक्ले कमल दल निवासे श्री महालक्ष्ये नमो नमः। लक्ष्मी माई सत्य की सवाई आवो माई करो सात समुद्र की दुहाई ऋद्धि खावोगी तो नौनाथ चौरासी की दुहाई।

दीपावली की रात्रि को एकान्त में पवित्रता पूर्वक बैठकर दस हजार बार मन्त्र का जाप कर लें और प्रतिदिन दूकान खोल गद्दी पर बैठ एक सौ आठ बार मन्त्र पढ़ व्यापार करें तो लक्ष्मी वृद्धि होती है।

[प्रगतिकारक मन्त्र]

कालरूप, भैरव सतरूपा कंकड़ बना शंकर देवा जहां जाऊं कामाख्या चौरा बावन वीर चौरासी पूरा गुरु गोरखनाथ कहत सुन बूझा नाम रूप के काम सौ सूझा।

साधक पीला कपड़ा धारण कर पीले आसन पर बैठकर उत्तर की ओर मुख कर उक्त मन्त्र का जप अपनी क्षमतानुसार करे। साधक जप करते समय तेल का दीपक जलाए रखे। साधक अपने सामने एक पात्र में एक नीबू रखकर उस पर सिन्दूर का तिलक लगाकर अक्षत आदि से उसे पूजे तथा उक्त मन्त्र का जप करे। साधक के ऐसा करने से उसके जीवन में प्रगति होगी।

[वाचा सिद्धि मन्त्र]

ॐ अंतरिक्षाय स्वाहा।

साधक कृत्तिका नक्षत्र में सेंहुड़ वृक्ष का बांदा लाकर उक्त मन्त्र से एक सौ आठ बार सिद्ध करके दाहिने हाथ में बाँध ले ऐसा करने से वाचा सिद्धि होती है यानि साधक जो भी कहता है वही सत्य हो जाता है।

[शत्रु शामक यंत्र]

असगंध का जोता गोरखनाथ का चेला गुरु गोरख ने दांव है खेला अछतर बछतर तीन कमंदर तीन मछंदर तीन कमंदर पांच गुरु का पांच ही चेला एक गोरख का यह सब खेला शब्द सांचा, पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

यदि साधक का कोई शत्रु उसको परेशान करता हो तो साधक को उक्त मन्त्र की साधना करनी चाहिए। मन्त्र साधना के लिए साधक एक नीबू अपने समक्ष रखकर काली धोती धारण कर उत्तराभिमुख होकर उक्त मन्त्र का एक हजार बार जप करे। साधक जप करते समय मिट्टी के बड़े पात्र में तेल का दीप जलाए रखे। साधक उक्त मन्त्र का जप रात में ही करे। साधक यदि यह मन्त्र साधना करता है तो इस मन्त्र के प्रभाव से साधक का शत्रु वैरभाव त्यागकर साधक से मित्रता करने के लिए तैयार हो जाएगा।

[दरिद्रता नाशक मन्त्र]

ॐ ऐं क्लीं क्लूं ह्रां ह्रीं हं सः वं आपदुद्धारणाय अजामल बद्धाय लोकेश्वराय स्वर्णाकर्षण भैरवाय मम दारिद्र्य विद्वेषणाय ॐ ह्रीं महाभैरवाय नमः।

उक्त मन्त्र को स्वर्ण आकर्षण भैरव मन्त्र कहा जाता है। साधक को रात में पश्चिमाभिमुख होकर तेल का दीप जलाकर दस हजार बार उक्त मन्त्र का जप करना चाहिए। साधक के ऐसा करने से अवश्य ही उसकी दरिद्रता का नाश हो जाएगा।

[अधिक भूख लगने का मन्त्र]

ॐ नमः सर्वभूताधिपतये हुं फट् स्वाहा ।

यदि साधक भोजन को उक्त मन्त्र से इक्कीस बार अभिमन्त्रित करके भोजन करता है तो वह भीमसेन की तरह अधिक खा सकता है।

[बन्धनकारी मन्त्र-१]

तेल थांभो तेलाई थांभो अग्नि वैसंदर थांभो पांच पुत्र कुंती के पांचों चले केदार अग्नि चलते हम चले अगिया परौ तुषार ।

साधक तेली के कोल्हू के पास खड़ा होकर उक्त मन्त्र का इक्कीस बार उच्चारण करे। यदि साधक उक्त मन्त्र की साधना इस प्रकार करेगा तो कोल्हू से तेल निकलना बन्द हो जाएगा।

[बन्धनकारी मन्त्र-२]

घर बांधौं द्वार बांधौं बांधौं घर के द्वारे सोलहों डाकिनी बांधौं

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

दो लोहे का हारे थाक थाकगे बेटी योगनी मेरे बांधौं परो लरी सहचरी जन भाव चौको बांधौं दोहाय गोरखनाथ महादेव गौरा पारवती की ।

साधक बेर की झाड़ी की टहनी ले और उसकी चार कीलें बनाए और चारों कीलों को चौवन बार उक्त मन्त्र बोलकर अभिमन्त्रित करे। उसके बाद साधक अभिमन्त्रित कीलों में से एक कील हाथ में लेकर उसे इक्कीस बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर आग्नेय कोण में गाड़ दे। ऐसा करने से वह घर बँध जाता है।

[बन्धनकारी मन्त्र-३]

ॐ काली काली महाकाली ब्रह्मा की बेटी इंद्र की साली खावे पान बजावे ताली जा बैठी पीपल की डाली बांध बांध 'अमुक' को बांध परिवार समेत बांध, ना बांधे तो तुझे गोरखनाथ की आन ।

साधक सर्वप्रथम अमावस की रात्रि में काली मन्दिर में महाकाली का पूजन करे। साधक पूजन के समय देसी घी और कच्ची घानी के तेल का दीपक जलाए। तत्पश्चात् साधक काले कम्बल पर बैठकर उक्त मन्त्र को एक हजार बार जपकर सिद्ध कर ले। तत्पश्चात् साधक को जब कभी भी किसी शत्रु अथवा किसी व्यक्ति को बाँधना हो तो साधक अपने हाथ में जरा-सी मिट्टी लेकर इकत्तीस बार उक्त मन्त्र का उच्चारण करके वह मिट्टी एक फूंक में ही उड़ा दे। ऐसा करने से वह व्यक्ति अथवा शत्रु साधक के बंधन में बँध जाता है। साधक 'अमुक' की जगह उस व्यक्ति या शत्रु के नाम का उच्चारण अवश्य करे जिसे साधक बाँधना चाहता है।

[भूत-प्रेत बोलने का मन्त्र]

ॐ धों धों ध्यान करता, अलखयति हांक देते हांकार तथा लत बोल बोल शब्द सांचा ।

साधक के द्वारा भूत-प्रेत बाधा से ग्रस्त किसी भी व्यक्ति को लहसुन के रस में हींग मिलाकर सुंघा देने से व्यक्ति के अन्दर घुसे भूत-प्रेत बोल पड़ते हैं।

✪✪✪

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❁ यंत्र प्रयोग ❁

यन्त्रों के प्रति भारतीय जनमानस में ही नहीं, अपितु विश्वमानव के मन में पूर्ण सम्मान और श्रद्धा है। धर्म और देवता में श्रद्धा न रखने वाले लोग भी यन्त्र के रूप में विकसित आकार-प्रकारों की वस्तुओं को अपने पास रखकर अथवा धारण करके प्रसन्न होते हैं। यन्त्रों की महाप्रभावशालिता से मुग्ध मानव ने अपने उपयोग की समस्त वस्तुओं में उनके रूपों को अंकित किया है।

जितने भी सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठित धार्मिक देवप्रतिमाएँ हैं, जितने भी धार्मिक भवन-मन्दिर है, सभी के मूल में यन्त्रों की स्थापना हुयी है।

यंत्र लिखने के लिये कुछ आवश्यक नियम होते हैं। जिनका यंत्र लेखन के समय पालन करना अतिआवश्यक होता है। इन नियमों का पालन न करने पर यंत्र निष्फल हो जाते हैं।

यंत्र लेखन हेतु एकान्त स्थान, समय का पालन, ब्रह्मचर्य का पालन करना, शुभ तिथि, मुहूर्त्त, वार, आदि बातों का ध्यान रखने से यन्त्र अति शीघ्र सिद्ध होकर व्यक्ति को आशा के अनुरूप फल प्रदान करते हैं।

अब आगे इस अध्याय में हम यन्त्रों को लिखने की कुछ आवश्यक विधियों को बतलाते हैं—

वर्णभेद से वार का निर्णय

उसमें सबसे पहले वर्णभेद से वारभेद के विषय में कहा जाता है—

ब्राह्मणों को बृहस्पतिवार तथा शुक्रवार, क्षत्रियों को मंगलवार और रविवार, वैश्यों को सोमवार और शूद्र को बुधवार तथा म्लेच्छों को शनिवार के दिन यदि यन्त्र लिखकर दिया जाय तो शुभ फलदायक होता है।

हस्त नक्षत्र, पुष्य नक्षत्र, मूल नक्षत्र, श्रवण नक्षत्र आदि युक्त रविवार व्यतिपात आदि अशुभ योगों का वर्णन करते हुए राजा के लिये उत्तम कहा गया है।

वर्ण के अनुसार यंत्र लिखे जाने योग्य पत्र

ब्राह्मण को भोजपत्र पर यंत्र लिखना चाहिये। राजा को ताड़पत्र पर यंत्र लिखना चाहिये। वैश्यों को कागज पर यंत्र लिखना चाहिये। शूद्र को भूमि पर यंत्र लिखना चाहिए।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

कार्य के अनुसार कलम प्रयोग

शान्ति के लिये पीपल और वैश्य के लिये जाती (चमेली) की कलम से यन्त्र को लिखना चाहिये। मोहनकर्म हेतु स्वर्ण और सभी आकर्षणों की सिद्धि के लिये चांदी की कलम से यंत्र को लिखना चाहिये। मोहन के लिये कौवे के पंख से यन्त्र लिखना चाहिए। स्तम्भन के लिये हल्दी, तांबे की कलम से लिखना चाहिये। उच्चाटन तथा विद्वेषण आदि में सदा लोहे की कलम से लिखना चाहिये कलम की लम्बाई आठ अंगुल कही गई है।

जहाँ भी यन्त्र लेखन हेतु किसी विशेष प्रकार की लेखनी का उल्लेख न हो, वहाँ सोने की सलाई से यन्त्र को लिखना चाहिए।

कार्य के अनुसार लेखनी प्रयोग

वशीकरण की सिद्धि के लिये लाल लेखनी से लिखना चाहिये। स्वर्णाकर्षण की सिद्धि के लिये कस्तूरी से लिखना चाहिये।

स्तंभन कार्य में हल्दी की लेखनी से लिखना चाहिये। देवता-दर्शन के लिये केसर की लेखनी से लिखना चाहिये।

धतूरा के रस से मारण के लिये लिखना चाहिये। शत्रु के उच्चाटन के लिये सदा श्मशान के कोयले से लिखना चाहिये।

विद्वेषण में बहेड़े के रस से लिखना चाहिये। शांन्ति के लिये चन्दन से लिखना चाहिये।

जहाँ यन्त्र लेखन हेतु किसी विशेष द्रव्य का विधान न हो, वहाँ उसे गोरोचन, कपूर, केशर, कस्तूरी, चन्दन, अगर अथवा गजमद में से किसी एक द्रव्य से यन्त्र को लिखना चाहिए।

यन्त्र लेखन हेतु शुभ नक्षत्र

साधक को ज्ञान प्राप्ति हेतु शतभिषा नक्षत्र, लक्ष्मी प्राप्ति हेतु उत्तराफाल्गुनि, यश प्राप्ति हेतु रोहिणी नक्षत्र, शुभ फल प्राप्ति हेतु मूल नक्षत्र, दुःख दूर करने हेतु अश्विनी, मृगशिरा नक्षत्र, रोग से मुक्ति हेतु पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र तथा शत्रु मारण के लिए मघा नक्षत्र में यन्त्रों का लेखन कार्य प्रारम्भ करना चाहिए।

यन्त्र लेखन हेतु शुभ तिथियाँ

सप्तमी तिथि को लक्ष्मी प्राप्ति हेतु, द्वादशि तिथि को सर्वसिद्धि के लिए, दशमी तिथि में शत्रु नाश के लिये यंत्र लेखन का कार्य प्रारम्भ करना चाहिए। इसके अतिरिक्त यंत्र को सिद्ध करने के लिये सूर्य अथवा चन्द्रग्रहण, अमावस्या, दीपावली, होली आदि को शुभ माना जाता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❀ सिद्धि प्राप्ति यन्त्र ❀

[सर्वकार्य सिद्धि के लिए यन्त्र-१]

नीचे दिये गये यन्त्र को साधक गंगा तट पर बैठकर सरसों के रस से सवा लाख बार लिखे। इस प्रकार करने से साधक के सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं।

५२	५५	२	४
७	३	५०	६४
१४	५२	५	१
४	९	५४	५१

[सर्वकार्य सिद्धि के लिए यन्त्र-२]

नीचे दिए गए यन्त्र को सफेद कनेर के पेड़ के नीचे बैठकर दो लाख बार लिख ले। ऐसा करने से देवी प्रसन्न होकर साधक को यन्त्र विद्या में सिद्धि होने का आशीर्वाद प्रदान करती हैं।

हं	सं	चं	कं
बं	दं	पं	जं
नं	मं	मं	चं
नं	पं	मं	नं

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[सर्वकार्य सिद्धि के लिए यन्त्र-३]

यदि साधक निम्नलिखित यन्त्र को बांस की लेखनी से लिखने के पश्चात् सवा लाख की गिनती में लिखे तो उसके सभी कार्य अपने आप ही सिद्ध हो जाते हैं।

४	१४	४	४
७	३	१२	११
१४	६	६	१
४	३	१०	३१

[सर्वकार्य सिद्धिदाता यन्त्र]

नीचे दिए गए यन्त्र को अष्टगंध से भोजपत्र या कागज पर सवा लाख की संख्या में लिखे तथा धूप, दीपक आदि से पूजन करे तो साधक के सभी कार्य सिद्ध होते हैं।

८१	१२	२	८
७	३	८५	८४
८७	८४	९	१
४	६	८४	८७

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[मनोरथ सिद्धि के लिए यन्त्र-१]

साधक नीचे दिए गए यन्त्र को सरसों के तेल से लिखकर वन में दबा दे। ऐसा करने से उसका मनोरथ पूर्ण होगा।

५२	५५	२	४
७	३	३६	५४
५४	५२	५	१
४	६	५४	५१

[मनोरथ सिद्धि के लिए यन्त्र-२]

यदि साधक नीचे दिए गए यन्त्र को कुत्ते के नाखून से लिखकर बांधे तो उसके सभी मनोरथ सिद्ध होंगे।

४४	६२	२	७
६	४	६२	१
६४	४	६२	१
४	४	६४	४०

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[मनोरथ सिद्ध करने के लिए यन्त्र-३]

साधक नीचे प्रदर्शित यंत्र को रविवार के दिन कागज पर हल्दी द्वारा लिखकर नीचे अपना उद्देश्य लिख दे तथा फलीता बनाकर कोरे सकोरे में जला दे तथा सात रविवार तक इस क्रिया को करे। साधक यन्त्र लिखते समय इस मन्त्र को पढ़े—'ॐ हरनेक नमः'। इस तरह प्रयोग करने से साधक की मनोकामना जल्द ही पूरी हो जाती है।

१६	१४	२	४
७	३	१४	१४
२७	१२	५	१
४	३	१६	१६

❀ रक्षा यंत्र ❀

[अमोघ बीसा रक्षा यन्त्र]

अग्रलिखित यन्त्र को भोजपत्र पर लिखकर ताबीज बनाकर बालक के गले में पहना दे तो नजर लगना भूत, भूत-प्रेत बाधा और अन्य किसी तरह का डर नहीं रहता है।

७	४	६	३
	४		
१	४	२	५

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[बाल रक्षा के लिए यन्त्र]

यदि साधक नीचे प्रदर्शित यंत्र को चाँदी के पत्र पर लिखकर बालक के गले में पहना दे तो बालक हर बला से सुरक्षित रहेगा।

१४	१०	४१	१
५	७	६	१२
४	११	११	४
१६	२	३	१३

[आत्मरक्षा बीसा यन्त्र]

साधक नीचे दिए गए यन्त्र को शुक्लपक्ष पुष्य नक्षत्र के दिन अष्टगन्ध द्वारा भोजपत्र पर लिखकर धूप-दीपक आदि देकर त्रिलोह के ताबीज में बन्द करके पहन ले। इससे उसकी आत्म रक्षा होती है।



Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❁ आकषर्ण यंत्र ❁

[आकर्षण के लिए यन्त्र-१]

यदि साधक नीचे प्रदर्शित यन्त्र को रास्ते में रेत पर लिखकर चाबुक मारे तो वह जिस व्यक्ति के लिए चाबुक मारेगा तो व्यक्ति कितनी ही दूर क्यों न हो आकर्षित होकर साधक के पास आ जाएगा।

७२	३७	२	७
३	२	६	७४
७४	७३	४	१
४	४	७४	७७

[आकर्षण के लिए यन्त्र-२]

साधक निम्न यंत्र को अपनी बीच वाली अंगुलि से जल में लिखकर उसे ऊपर कोड़ा मारे तो जो व्यक्ति दूर चला गया है वह आकर्षित होकर लौट आएगा।

६२	६५	२	६
६	३	६४	६४
६४	६३	४	१
४	४	६४	६७

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❀ मोहन यन्त्र ❀

[स्त्री मोहन यन्त्र]

नीचे दिए गए यन्त्र को पुष्य नक्षत्र में यदि साधक भोजपत्र पर स्त्री के दूध से लिखकर बाँ ह पर बाँध ले तो स्त्री खुद आकर माफी मांगती है साथ ही वह स्त्री साधक पर मोहित भी हो जाती है।

४४	६६	२	४
७	३	६३	६२
६४	६०	५	१
४	६	६१	६४

[राज्य मोहन यन्त्र]

नीचे दिए गए यन्त्र को साधक अनार की लेखनी से और बारुद की स्याही से लिखे तथा व्याघ्र रोग से बाँध कर पहन ले तो राज्य मोहन होता है।

४	४	४	४
२	२	२	२
दे	व	द	त्त
ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं
४	४	४	४
२	२	२	२

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❀ वशीकरण यन्त्र ❀

[पुरुष वशीकरण यन्त्र-१]

निम्नांकित यन्त्र को स्त्री प्याज के रस से रोटी पर लिखना चाहिए। तत्पश्चात् जिस स्त्री को स्त्री अपने वश में करना चाहती है उस पुरुष को वह रोटी खिला दे तो वह पुरुष उसके वश में हो जाता है।

६३	१	२	४
४	३	६५	३७
३५	३४	५	१
४	६	३४	३४

[पुरुष वशीकरण यन्त्र-२]



ऊपर दिये गये यन्त्र को भोजपत्र पर लिखकर दो मिट्टी के सकोरों में आग जलाकर पकायें। शीतल होने पर सकोरे निकाल कर यन्त्र की भस्म को पान रखकर किसी पुरुष को खिलाने पर वह वशीभूत हो जायेगा।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[पुरुष वशीकरण यन्त्र-३]

ॐ

३	६	२१
११	३१	३
ज	२५	६

ॐ ॐ

स्वा स्वा आ स्वा

इच्छित व्यक्ति का नाम.....पिता का नाम.....

ऊपर दिये यन्त्र को शुद्ध केसर, कस्तूरी और श्वेत कपड़े पर बनाकर उस कपड़े की बत्ती बनाकर लौ में जलाएं। तत्पंश्चात् उसकी भस्म को शहद में मिलाकर इच्छित व्यक्ति को खिला देने से वह व्यक्ति हमेशा आपके वश में रहेगा

[पुरुष वशीकरण यन्त्र-४]

ॐ नमो रूपाय 'अमुक' आकर्षणं कुरु कुरु स्वाहा

१०

ॐ नमो रूपाय 'अमुक' आकर्षणं कुरु कुरु स्वाहा

ऊपर दिये यन्त्र को अष्टगंध से निर्मित स्याही द्वारा छः अंगुल प्रमाण की अनार की कलम से १०८ भोजपत्रों पर किसी माह की पूर्णिमा की रात को अंकित कर पूजा के पश्चात् धूप दिखाकर नदी में प्रवाहित कर दें। ऐसा करने से यह मंत्र सिद्ध हो जाता है। इसके पश्चात् किसी भी दिन इस यंत्र को पुनः कोरे कागज पर लिखकर, ताबीज में भरकर गले में धारण करने से साध्य व्यक्ति साधक के वशीभूत हो जाता है। यन्त्र में ऊपर की ओर अमुक के स्थान पर जिसका वशीकरण करना है उसका नाम लिखें।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[पुरुष वशीकरण यन्त्र-५]



किसी पुरुष को वश में करने की कामना से ऊपर दिये गये यन्त्र को कपूर, कुमकुम, गोरोचन तथा कस्तूरी से भोजपत्र पर लिखकर तीन दिन तक धूप, दीप, पुष्प इत्यादि से पूजा करने के पश्चात् चौथे दिन एक ब्राह्मण को भोजन कराकर सोना या चाँदी से बने हुए ताबीज में भरकर गले या बाँह में धारण से वशीकरण होता है।

[पुरुष वशीकरण यन्त्र-६]

मं	थं	दं	तं
पं	मं	पं	तं
यं	हं	मं	पं
हं	नं	जं	ह्रं

इस यन्त्र को अष्टगन्ध की स्याही द्वारा अनार की कलम से भोज़पत्र पर सवा लाख बार अंकित कर आटे की गोली में बंद करने के पश्चात् कड़ाही में सरसों के तेल में सुर्ख गोलियाँ तल कर बना लें। एक गोली को अपने पास रख बाकी गोलियों को अर्धरात्रि में नदी में प्रवाहित कर, घर आकर उस गोली की धूप से पूजा कर, ताबीज में पहनने से सम्पर्क में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति वशीभूत होता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[पुरुष वशीकरण यन्त्र-७]



उक्त यन्त्र को बृहस्पतिवार को रात में केसर से १०८ बार कोरे कागज पर लिखकर अगले दिन उन्हें सुबह नदी में प्रवाहित कर दें। इक्कीस दिनों तक लगातार यह प्रयोग करने के पश्चात् २२वें दिन रात में एक यंत्र को विधि-पूर्वक केसर की स्याही और अनार की कलम से कोरे कागज पर लिखकर ताबीज में भरकर गले में पहनने से इच्छित व्यक्ति आपके वश में हो जायेगा।

[पुरुष वशीकरण यन्त्र-८]



ऊपर दिये गये यन्त्र को अष्टगंध की स्याही द्वारा भोजपत्र पर लिखकर यन्त्र के मध्य में पहले अमुक के स्थान पर साध्य व्यक्ति का नाम तथा दूसरे अमुक के स्थान पर साधक का नाम लिखना चाहिए। तत्पश्चात् विधिपूर्वक इक्कीस दिनों तक इस यंत्र का पूजन कर यंत्र को मिट्टी की हांडी में उसका मुख बन्द करके किसी सूनसान जगह पर दबा देने से साध्य व्यक्ति वश में हो जायेगा।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[वरवशीकरण यन्त्र]

नीचे दिये गये यन्त्र को हल्दी के रस से भोजपत्र पर अनार की कलम से लिखकर तथा चाँदी के ताबीज में बंद करके कुआरी कन्या के हाथ में बाँध देना चाहिए।

इसके प्रभाव ये कन्या का वैवाहिक सम्बन्ध तय करने अथवा कन्या को देखने जो भी व्यक्ति आयेगा, उसे कन्या पसन्द आएगी तथा वैवाहिक सम्बन्ध तय हो जायेगा।

११५	१५५	१५६	१३२	१५४	१५३	१२७
१३८	११६	१५१	१३१	१५२	१२६	१३७
१३३	१३४	११७	१३०	१२५	१३५	१३६
१३९	१४०	१२४	११८	१४१	१४२	१४३
१४४	१२३	१४५	१२९	११९	१४६	१४७
१२२	१४८	१४९	१२८	१५०	१२०	१२१

[पति वशीकरण यन्त्र-१]

यदि किसी स्त्री का पति किसी दूसरी औरत के रूप पर मोहित है और पत्नी की उपेक्षा करता है तो स्त्री निम्नांकित यंत्र को भोजपत्र पर केसर द्वारा लिखकर धूप दिखाकर धरती में गाड़ दे। ऐसा करने से उसका पति स्त्री के वशीभूत हो जाएगा।

८	३	४	अलहुब बन फलां	६	७	२
१	५	९	अलाहुब फलां	१	५	९
६	७	२	बना फलां	८	३	४

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[पति वशीकरण यन्त्र-२]

साधिका नीचे दिए गए यंत्र को साफ भोजपत्र पर अनामिका उंगली के खून, हाथी के मद, जावक और गोरोचन को मिलकार चमेली की लेखनी से लिख ले। तत्पश्चात् खेत की स्वच्छ काली मिट्टी से गणपति जी की मूर्ति बनाकर मूर्ति के पेट में भोजपत्र को बंद करके धूप-दीया, फल आदि से गणेश जी की मूर्ति का पूजन कर नैवेद्य चढ़ाये। निम्न मंत्र को तीन बार बोले—

देव देव गणाध्यक्षः सुरासुर नमस्कृतः।
देव दक्षे महावश्यं यावज्जीवं कुरु प्रभो।।

साधिका मंत्र को बोलकर मूर्ति को एक हाथ के बराबर गहरे गड्ढे में दबा दे तो गणेश जी की कृपा से उस स्त्री का पति आजीवन उसका दास बना रहता है। यह यंत्र कई बार प्रयोग किया हुआ है।

गं गं गं गं गं गं गं गं गं गं गं	गं	गं	गं	गं	गं	गं	गं	गं	गं	गं
	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं			
	क्लौं	ह्रीं	औं	गं	अमुकः	गं				
	क्लीं	ह्रीं	क्लीं	ह्रीं	क्लीं	ह्रीं				
	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं					
	गं	गं	गं	गं	गं	गं	गं	गं	गं	गं

[पति वशीकरण यन्त्र-३]

यदि किसी स्त्री का पति उससे रूठा रहता हो तो वह स्त्री निम्नांकित यंत्र को केसर से भोजपत्र पर लिखकर धूप दिखाये तथा ताँबे के ताबीज में भरकर अपने कंठ अथवा बांह में पहन ले। ऐसा करने से उसका पति वश में जो जाएगा।

६	७	२
१	५	९
८	३	४

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[पति वशीकरण यन्त्र-४]

यदि किसी औरत का पति उससे नफरत करने लगा हो तो वह स्त्री निम्नांकित यन्त्र को भोजपत्र पर केसर द्वारा लिखकर ताँबे अथवा चाँदी के ताबीज में भरकर कंठ या भुजा में पहन ले। ऐसा करने से स्त्री का पति उसे पहले की तरह चाहने लगेगा।

६	८	५
३	४	१
७	६	५

[पति वशीकरण यन्त्र-५]

पातु कण्ठं च मे सोमः स्कन्धौ जैवातृकस्तथा।
करौ सुधाकरः पातु वक्षः पातु निशाकरः।।४।।
हृदयं पातु मे चन्द्रो नाभिं शङ्करभूषणः।
मध्यं पातु सुरश्रेष्ठः कटिं पातु सुधाकरः।।५।।
ऊरू तारापतिः पातु मृगाङ्को जानुनी सदा।
अब्धिजः पातु मे जंघे पातु पादौ विधुः सदा।।६।।
सर्वाण्यन्यानि चाङ्गानि पातु चन्द्रोऽखिलं वपुः।
एतद्धि कवचं दिव्यं भुक्तिमुक्तिप्रदायकम्।
यः पठेच्छृणुयाद्वापि सर्वत्र विजयी भवेत्।।७।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[मंगल]

दान एवं धारण करने की वस्तुएँ

चन्द्र ग्रह के दुष्प्रभाव को दूर करने के लिएं मूँगा, सोना, ताँबा को धारण को करना चाहिए। मसूर, गुड़, घी, लाल कपड़ा, लाल कनेर का फूल, केशर, कस्तूरी, लाल बैल, लाल चन्दन सबेरे दो घटी तक दान करना चाहिए

इसका धारण रत्न मूँगा है। रत्न धारण करने में असमर्थ होने पर जड़ी-अनन्त मूल, नागजिह्वा की जड़, लाल डोरा व कपड़े में सिलकर धारण करना चाहिये साथ ही नित्य ऋणमोचक मंगल स्तोत्र का पाठ करना चाहिए।

मंगल का यन्त्र-मन्त्रादि



गजग्निदिश्याथ नवाद्रिबाणा पातालरुद्रारससंविलख्य ।
भौमस्य यंत्रं क्रमशो विधार्यमनिष्टनाशं प्रवदन्ति गर्गाः ।।

पुराणोक्तत भौम जप मन्त्र

ह्रीं धरणीगर्भसभूतं विद्युत-कान्तिसमप्रभम् ।
कुमारं शक्तिहस्तं तं मङ्गलं प्रणमाम्यहम् ।।

वैदिक जप मन्त्र

१. ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः रूपोऽङ्गारको गायत्री, अङ्गारक-प्रीत्यर्थ जपे विनियोगः।

२. ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम् अपार्ठ रेतार्ठसि जिन्वसि।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

तन्त्रोक्तत भौम मन्त्र

१. क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः।

२. ॐ हूँ श्रीं मंगलाय नमः।

भौम गायत्री मन्त्र

ॐ अङ्गारकाय विद्महे शक्तिहस्ताय धिमहि तन्नो भौमः प्रचोदयात्।

ऋणमोचन मंगल स्तोत्र

मङ्गलो भूमिपुत्रश्च ऋणहर्ता धनप्रदः।
स्थितसनो महाकायः सर्वकर्मावरोधकः।।
लोहितो लोहिताक्षश्च सामगानां कृपाकरः।
धरात्मजः कुजो भौमो भूतिदो भूमिनन्दनः।।
अङ्गारको यमश्चैव सर्वरोगापहारकः।
वृष्टेः कर्ताऽपहर्ता च सर्वकामफलप्रदः।।
एतानि कुजनामानि नित्यं यः श्रद्धया पठेत्।
ऋणं न जायते तस्य धनं शीघ्रमवाप्नुयात्।।
धरणीगर्भ-संभूतं विद्युत्कान्तिसमप्रभम्।
कुमारं शक्तिहस्तं तं मङ्गलं प्रणमाम्यहम्।।
स्तोत्रमङ्गारकस्यैतत् पठनीयं सदा नृभिः।
न तेषां भौमजा पीडा स्वल्पाऽपि भवति क्वचित्।।
अङ्गारक महाभाग! भगवन्! भक्तवत्सल।
त्वां नमामि ममाशेषमृणमाशु विनाशय।।
ऋण-रोगादि-दारिद्र्यं ये चान्ये ह्यपमृत्यवः।
भय-क्लेश-मनस्तापा नश्यन्तु मम सर्वदा।।
अतिवक्त्र दुराराध्यं भोग-मुक्त-जितात्मनः।
तुष्टो ददासि साम्राज्यं रुष्टो हरसि तत्क्षणात्।।
विरञ्चि शक्र-विष्णूनां मनुष्याणां तु का कथा।
तेन त्वं सर्वसत्त्वेन ग्रहराजो महाबलः।।

 Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पुत्रन् देहि धनं देहि त्वामस्मि शरणं गतः ।
ऋण-दारिद्रय-दुःखेन शत्रूणां च भयात्ततः ।।
एभिर्द्वादशभिः श्लोकैर्यः स्तोति च धरासुतम् ।
महतीं श्रियमाप्नोति ह्यपरो धनो युवा ।।

ऋणमोचकमंगलस्तोत्र

मंगलो भूमिपुत्रश्च ऋणहर्ता धनप्रदः।
स्थिरासनो महाकायो सर्वकर्मावरोधकः।।१।।
लोहितो लोहिताक्षश्च सामगानां कृपाकरः।
धरात्मजः कुजो भौमो भूतिदो भूमिनन्दनः।।२।।
अङ्गारको यमश्चैव सर्वरोगापहारकः।
वृष्टेःकर्ताऽपहर्ता च सर्वकामफलप्रदः।।३।।
एतानि कुजनामानि नित्यं यः श्रद्धया पठेत्।
ऋणं न जायते तस्य धनं शीघ्रमवाप्नुयात्।।४।।
एकविंशति नामानि पठित्वा तु तदन्तिके।
रूपवान् धनवांश्चैव जायते नात्र संशयः।।५।।
एककालं द्विकालं च यः पठेत्सुसमाहितः।
एवं कृते न संदेहो ऋणं हत्वा सुखीं भवेत्।।६।।
धरणीगर्भसम्भूतं विद्युत्कान्तिसमप्रभम्।
कुमारं शक्तिं हस्तं च मङ्गलं प्रणमाम्यहम्।।७।।

[बुध]

दान एवं धारण करने की वस्तुएँ

बुध ग्रह के दुष्प्रभाव को दूर करने के लिए पन्ना, सोना, काँसी, मूँग, खाँड़, घी, हरा कपड़ा, सफेद फूल, हाथी दाँत, कपूर, शस्त्र, फल आदि का दान करना चाहिए।

इसका धारण करने का रत्न पन्ना है। रत्न धारण करने में असमर्थ होने

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पर जड़ी-विधारा (वृद्ध मूल)। हरे रंग के डोरे या कपड़े में दाहिनी भुजा या गले में धारण करने के साथ-साथ नित्य अथ बुधपञ्चविंशतिनाम स्तोत्र और बुधकवच का पाठ करना चाहिए।

बुध का यन्त्र-मन्त्रादि



नवब्धिरुद्रा दशनागषट्का बाणार्कसप्ता नवकोष्ठयंत्रे।
विलिख्य धार्यं गदनाशहेतवे वदंति यंत्रं शशिजस्य धीराः।।

पुराणोक्त बुध जप मन्त्र

ह्रीं प्रियङ्ग कलिकाश्यामं रूपेणाप्रतिमं बुधम्।
सौम्यं सौम्यगुणोपेतं तं बुधं प्रणमाम्यहम्।।

वैदिक बुध मन्त्र

ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टासूर्ते सर्ठं सृजेयायमं च।
अस्मिन्त्सधस्थेऽअद्ष्यत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत।।
ॐ उद्बुध्यध्वं बुधो बुधस्त्रिष्टुप्, बुधप्रीत्यर्थ जपे विनियोगः।
ॐ उद्बुध्यध्वं समनसः सखायः समग्निमिध्वं बहवः सनीलाः।
दधिक्रामग्निमुषसं च देवीमिन्द्रावती वसे निह्वये वः।।

तन्त्रोक्त बुध मन्त्र

१. ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः।
२. ॐ ऐं श्रीं श्री बुधाय नमः।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बुध गायत्री मन्त्र

ॐ सौम्यरूपाय विद्महे बाणेशाय धीमहि तन्नो बुधः प्रचोदयात्।

अथ बुधपञ्चविंशतिनामस्तोत्रम्

विनियोग–

अस्य श्रीबुधपञ्चविंशतिनामस्तोत्रस्य प्रजापतिर्ऋषिः, त्रिष्टुप् छन्दः, बुधो देवता, बुधप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

बुधो बुद्धिमतां श्रेष्ठो बुद्धिदाता धनप्रदः।
प्रियङ्गुकलिकाश्यामः कञ्जनेत्रो मनोहरः।।१।।
ग्रहोपमो रौहिणेयो नक्षत्रेशो दयाकरः।
विरुद्धकार्यहन्ता च सौम्यो बुद्धिविवर्धनः।।२।।
चन्द्रात्मजो विष्णुरूपी ज्ञानी ज्ञो ज्ञानिनायकः।
ग्रहपीडाहरो दारपुत्रधान्यपशुप्रदः।।३।।
लोकप्रियः सौम्यमूर्तिर्गुणदो गुणिवत्सलः।
पञ्चविंशतिनामानि बुधस्यैतानि यः पठेत्।।४।।
स्मृत्वा बुधं सदा तस्य पीडा सर्वा विनश्यति।
तद्दिने वा पठेद्यस्तु लभते स मनोगतम्।।५।।

अथ बुधकवचम्

विनियोग–

अस्य श्रीबुधकवचस्तोत्रमन्त्रस्य कश्यप ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, बुधो देवता, बुधप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

बुधस्तु पुस्तकधरः कुङ्कुमस्य समद्युतिः।
पीताम्बरधरः पातु पीतमाल्यानुलेपनः।।१।।
कटिं च पातु मे सौम्यः शिरोदेशं बुधस्तथा।
नेत्रे ज्ञानमयः पातु श्रोत्रे पातु निशाप्रियः।।२।।
घ्राणं गन्धप्रियः पातु जिह्वां विद्याप्रदो मम।
कण्ठं पातु विधोः पुत्रो भुजौ पुस्तकभूषणः।।३।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

वक्षः पातु वराङ्गश्च हृदयं रोहिणीसुतः।
नाभिं पातु सुराराध्यो मध्यं पातु खगेश्वरः।।४।।
जानुनी रौहिणेयश्च पातु जङ्घेऽखिलप्रदः।
पादौ मे बोधनः पातु पातु सौम्योऽखिलं वपुः।।५।।
एतद्धि कवचं दिव्यं सर्वपापप्रणाशनम्।
सर्वरोगप्रशमनं सर्वदुःखनिवारणम्।।६।।
आयुरारोग्यशुभदं पुत्रपौत्रप्रवर्धनम्।
यः पठेच्छृणुयाद्वापि सर्वत्र विजयी भवेत्।।७।।

[गुरु]

दान एवं धारण करने की वस्तुएँ

बृहस्पति ग्रह के दुष्प्रभाव को दूर करने के लिए पुखराज, सोना, काँसी, चने की दाल, खाँड़ घी, पीला फूल, पीला कपड़ा, हल्दी, पुस्तक, घोड़ा, पीला फल आदि का दान सन्ध्या के समय करना चाहिए।

इसके धारण करने का रत्न पुरखराज है। पुखराज नग धारण करने में असमर्थ हों तो भारंगी की जड़ को पीले धागे अथवा कपड़े में दाहिनी भुजा अथवा कण्ठ में धारण करने के साथ नित्य बृहस्पति स्तोत्र का पाठ करना चाहिए।



Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बृहस्पति का यन्त्र-मन्त्रादि

दिग्बाणसूर्या शिवनन्दसप्ता षड्विश्वनागाः क्रमतोंऽककोष्ठे ।
विलिख्य धार्य गुरुयंत्रमीरितं रुजाविनाशाय वदंति तद्बहुधाः ।।

पुराणोक्त गुरु जप मन्त्र

ह्रीं देवानां च ऋषीणां च गुरुं काञ्चनसन्निभम् ।
बुद्धिभूतं त्रिलोकेशं तं नमामि बृहस्पतिम् ।।

वेदोक्त गुरु मन्त्र

ॐ बृहस्पते अतीत्यस्य गृत्समदो बृहस्पतिस्त्रिष्टुप्,
बृहस्पतिप्रीत्यर्थ जपे विनियोगः ।
ॐ बृहस्पति अतियदर्यो अहर्द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु ।
यद्दीदयच्छवस ऽऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम् ।।

तन्त्रोक्त गुरु मन्त्र

१. ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः।
२. ॐ ऐं क्लीं बृहस्पतये नमः।

गुरु गायत्री मन्त्र

ॐ अङ्गिरसाय विद्महे दिव्यदेहाय धीमहि, तन्नो जीवः प्रचोदयात्।

अथ बृहस्पतिस्तोत्रम्

विनियोगः–

अस्य श्रीबृहस्पतिस्तोत्रस्य गृत्समद ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, बृहस्पतिर्देवता, बृहस्पतिप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

गुरुबृहस्पतिर्जीवः सुराचार्यो विदांबरः।
वागीशो धिषणो दीर्घश्मश्रुः पीताम्बरो युवा।।१।।
सुधादृष्टिर्ग्रहाधीशो ग्रहपीडापहारकः दयाकरः।
सौम्यमूर्तिः सुरार्च्यः कुड्मलद्युतिः।।२।।
लोकपूज्यो लोकगुरुर्नीतिज्ञो नीतिकारकः।
तारापतिश्चाङ्गिरसो वेदवैद्यपितामहः।।३।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

भक्त्या बृहस्पतिं स्मृत्वा नामान्येतानि यः पठेत्।
अरोगी बलवान् श्रीमान् पुत्रवान् स भवेन्नरः।।४।।
जीवेद्वर्षशतं मर्त्यः पापं नश्यति तत्क्षणात्।
यः पूजयेद् गुरुदिने पीतगन्धाक्षताम्बरैः।।५।।
पुष्पदीपोपहारैश्च पूजयित्वा बृहस्पतिम्।
ब्राह्मणान् भोजयित्वा च पीडाशान्तिर्भवेद् गुरोः।।६।।

[शुक्र]

दान एवं धारण करने की वस्तुएँ

शुक्र ग्रह के दुष्प्रभाव को दूर करने के लिए हीरा, सोना, चाँदी, चावल, मिश्री, दूध, सफेद कपड़ा, सफेद फूल, सुगन्ध, दही, सफेद घोड़ा, सफेद चन्दन का सूर्योदय काल में दान करना चाहिए।

इसके धारण करने का रत्न हीरा है। रत्न के अभाव में मंजीठ की जड़ को सफेद कपड़े अथवा धागे में दाहिनी बाँह या कण्ठ में धारण करने के साथ नित्य शुक्रस्तोत्र और शुक्रकवच का पाठ करना चाहिए।

शुक्र का यन्त्र-मन्त्रादि



रुद्रांगविश्वा रविदिग्गजाख्या नगामनुश्वांकक्रमाद्विलेख्या ।
भृगोः कृतरिष्टनिवारणाय धार्यं हि यंत्रं मुनिना प्रकीर्तिता ।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पुराणोक्त शुक्र मन्त्र

ह्रीं हिमकुन्द-मृणालाभं दैत्यानां परमं गुरुम् ।
सर्वशास्त्रप्रवक्तारं भार्गवं प्रणमाम्यहम् ।।

वेदोक्त शुक्र मन्त्र

ॐ शुक्रं त इत्यस्य मन्त्रस्य भरद्वाज ऋषिः शुक्रो देवतास्त्रिष्टु, छन्दः, शुक्रप्रीत्यर्थ जपे विनियोगः।

ॐ शुक्र ते अन्यद्यजनं ते अन्यद्विषुरुपे अहनीद्यौरिवासि। विश्वादि माया अवसिस्वधावोघद्रा ते पूषन्निहरातिरस्तु।

तन्त्रोक्त शुक्र मन्त्र

१. द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः।
२. ॐ ह्रीं श्रीं शुक्राय नमः।

शुक्र गायत्री मन्त्र

ॐ भृगुजाय विद्महे दिव्येदेहाय धीमहि तन्नः शुक्रः प्रचोदयात्।

अथ शुक्रस्तोत्रम्

शुक्रः काव्यः शुक्ररेता शुक्लाम्बरधरः सुधीः।
हिमाभः कुन्दधवलः शुभ्रांशुः शुक्लभूषणः।।१।।
नीतिज्ञो नीतिकृत् नीतिर्मार्गगामी ग्राहाधिपः।
उशना वेदवेदाङ्गपारगः कविरात्मवित्।।२।।
भार्गवः करुणासिन्धुर्ज्ञानस्यगम्यः सुतप्रदः।
शुक्रस्यैतानि नामानि शुक्रं स्मृत्वा तु यः पठेत्।।३।।
आयुर्धनं सुखं पुत्रं लक्ष्मीं वसतिमुत्तमाम्।
विद्यां चैव स्वयं तस्मै शुक्रस्तुष्टो ददाति च।।४।।

अथ शुक्रकवचस्तोत्रम्

विनियोगः–

अस्य श्रीशुक्रकवचस्तोत्रमन्त्रस्य भारद्वाज ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः,

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

शुक्रो देवता, शुक्रप्रीत्यर्थे पाठे विनियोगः।

मृणालकुन्देन्दुपयोजसुप्रभं पीताम्बरं प्रसृतमक्षमालिनम्।
समस्तशास्त्रार्थनिधिं महान्तं ध्यायेत्कविं तु वाञ्छितमर्थसिद्धये।।१।।
ॐ शिरो मे भार्गवः पातु भालं पातु ग्रहाधिपः।
नेत्रे दैत्यगुरुः पातु श्रोत्रे मे चन्दनद्युतिः।।२।।
पातु मे नासिकां काव्यो वदनं दैत्यवन्दितः।
वचनं चोशनाः पातु कण्ठं श्रीकण्ठभक्तिमान्।।३।।
भुजौ तेजोनिधिः पातु कुक्षिं पातु मनोव्रजः।
नाभिं भृगुसुतः पातु मध्यं पातु महीप्रियः।।४।।
कटिं मे पातु विश्वात्मा ऊरू मे सुरपूजितः।
जानुं जाड्यहरः पातु जङ्घे ज्ञानवतां वरः।।५।।
गुल्फौ गुणनिधिः पातु पातु पादौ वाराम्बरः।
सर्वाण्यङ्गानि मे पातु स्वर्णमालापरिष्कृतः।।६।।
य इदं कवचं दिव्यं पठति श्रद्धयान्वितः।
न तस्य जायते पीडा भार्गवस्य प्रसादतः।।७।।

[शनि]

दान एवं धारण करने की वस्तुएँ

शुक्र ग्रह के दुष्प्रभाव को दूर करने के लिए नीलम, सोना, लोहा, उड़द, कुलथी, तेल, काला कपड़ा, काला फल, कस्तूरी, काली गौ, भैंस, खड़ाऊँ का दान मध्याह्न काल में करना चाहिए।

इसके धारण करने का रत्न नीलम अथवा काले घोड़े के पैर की नाल की अँगूठी है। इसे शनिवार के दिन उँगली में धारण करना चाहिये। रत्न के अभाव में अम्लवेत की जड़ को काले कपड़े या धागे में लपेट कर दाहिनी भुजा या कण्ठ में धारण करने के साथ नित्य शनैश्चरस्तोत्र का पाठ करना चाहिए।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

शनि का यन्त्र-मन्त्रादि



अर्काद्रिमन्वास्मररुद्रअंका नगाख्य-तिथ्या दश मन्दयन्त्रम् ।
विलिख्य भूर्जोपरि धार्य-विद्वच्छनेः कृ तारिष्टनिवारणाय ।।

पुराणोक्त शनि जप मन्त्र

ह्रीं नीलञ्जनसमाभासं रविपुत्रं यामग्रजम् ।
छायामार्ताण्ड-संभूतं तं नमामि शनश्चरम् ।।

वैदिक शनि मन्त्र

ॐ शमग्निरित्यस्यरिंविठिः ऋषिः, शनैश्चरप्रीत्यर्थं जपे विनियोगः। ॐ शमग्निरग्निभिः करच्छं नस्तपतु सूर्यः। शं वातो वात्वरपा अपस्त्रिधः।

तन्त्रोक्त शनि मन्त्र

१. प्रां प्रीं प्रौं शनये नमः।

२. ॐ ऐं ह्रीं श्रीं शनैश्चराय नमः।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

शनि गायत्री मन्त्र

ॐ भगभवाय विद्महे मृत्युरूपाय धीमहि तन्नः शौरिः प्रचोदयात्।

अथ शनैश्चरस्तोत्रम्

विनियोगः-

ॐ अस्य श्रीशनैश्चरस्तोत्रस्य दशरथ ऋषिः शनैश्चरोदेवता त्रिष्टुप् छन्दः शनैश्चरप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

कोणोऽन्तको रौद्रयमोऽथ बभ्रुः कृष्णः शनिः पिङ्गल मन्दसौरिः।
नित्यं स्मृतो यो हरते च पीडां तस्मै नमः श्रीरविनन्दनाय।।१।।
सुरासुराः किंपुरुषोरगेन्द्रा गन्धर्वविद्याधरपन्नगाश्च।
पीड्यन्ति सर्वे विषमस्थितेन तस्मै नमः श्रीरविनन्दनाय।।२।।
नरा नरेन्द्राः पशवो मृगेन्द्रा वन्याश्च ये कीटपतङ्गभृङ्गा।
पीड्यन्ति सर्वे विषमस्थितेन तस्मै नमः श्रीरविनन्दनाय।।३।।
देशाश्च दुर्गाणि वनानि यत्र सेनानिवेशाः पुरपत्तनानि।
पीड्ययन्ति सर्वे विषमस्थितेन तस्मैः।।४।।
तिलैर्यवैर्माषगुडान्नदानैर्लोहिन नीलाम्बरदानतो वा।
प्रीणाति मन्त्रैर्निजवासरे च तस्मै नमः श्रीरविनन्दनाय।।५।।
प्रयागकूले यमुनातटे च सरस्वतीपुपयजले गुहायाम्।
यो योगिनां ध्यानगतोऽपि सूक्ष्मस्तस्मै नमः श्रीरविनन्दनाय।।६।।
अन्यप्रदेशात्स्वगृहं प्रविष्टस्तदीयवारे स नरः सुखी स्यात्।
गृहाद्गतो यो न पुनः प्रयाति तस्मै नमः श्रीरविनन्दनाय।।७।।
स्रष्टा स्वयम्भूर्भुवनत्रयस्य त्राता हरीशो हरते पिनाकी।
एकस्त्रिधा ऋग्यजुःसाममूर्तिस्तस्मै नमः श्रीरविनन्दनाय।।८।।
शन्यष्टके यः प्रयतः प्रभाते नित्यं सुपुत्रैः पशुबान्धवैश्च।
पठेत्तु सौख्यं भुवि भोगयुक्तः प्राप्नोति निर्वाणपदं तदन्ते।।९।।
कोणस्थः पिङ्गलो बभ्रुः कृष्णो रौद्रोऽन्तको यमः।
सौरिः शनैश्चरो मन्दः पिप्पलादेन संस्तुतः।।१०।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

एतानि दशनामानि प्रातरूत्थाय यः पठेत्।
शनैश्चरकृता पीड़ा न कदाचिद्भविष्यति।।११।।

[राहु]

दान एवं धारण करने की वस्तुएँ

राहु ग्रह के दुष्प्रभाव को दूर करने के लिए गोमेद, सोना, सीसा, तिल, सरसों का तेल, नीला कपड़ा, काला फूल, तलवार, कम्बल, घोड़ा, सूप का रात के समय दान करना चाहिए।

इसके धारण करने का रत्नं गोमेद है। रत्न के अभाव में सफेद चन्दन को धारण करने के साथ नित्य राहुस्तोत्र का पाठ करना चाहिए।

राहु का यन्त्र-मन्त्रादि



विश्वाष्टतिथ्या मनुसूर्यदिश्या खगमहीद्रैकदशांककोष्ठे ।
विलिख्य यंत्रं सततं विधार्य राहोः कृतरिष्टनिवारणाय ।।

पुराणोक्त राहु मन्त्र

ह्रीं अर्धकायं महावीर्यं चन्द्रादित्यविमर्दनम् ।
सिंहिकागर्भसंभूतं तं राहूं प्रणामाम्यहम् ।।

वैदिक राहु मन्त्र

ॐ कयान इत्यस्य मन्त्रस्य वामदेवो राहु गायत्री, राहुप्रीत्यर्थ जपे विनियोगः।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ॐ कयानश्चित्र आभुव दूती सदसावृधः सखा। कया शचिष्ठयावृता।।

तंत्रोक्त मन्त्र

१. भ्रां भ्रीं सौं सः राहवे नमः।

२. ॐ ऐं ह्रीं राहवे नमः।

राहु गायत्री मन्त्र

ॐ शिरो रूपाय विद्महे, अमृतेशाय धीमहि तन्नो राहुः प्रचोदयात्।।

अथ राहुस्तोत्रम्

राहुर्दानवमन्त्री च सिंहिकाचित्तनन्दनः।
अर्धकायः सदा क्रोधी चन्द्रादित्यविमर्दनः।।१।।
रौद्रो रुद्रप्रियो दैत्यः स्वर्भानुर्भानुभीतिदः।
ग्रहराजः सुधापायी राकातिथ्यभिलाषुकः।।२।।
कालदृष्टिः कालरूपः श्रीकण्ठहृदयाश्रयः।
विधुंतुदः सैंहिकेयो धोररूपो महाबलः।।३।।
ग्रहपीडाकरो दंष्ट्री रक्तनेत्रो महोदरः।
पञ्चविंशतिनामानि स्मृत्वा राहुं सदा नरः।।४।।
यः पठेन्महती पीडा तस्य नश्यति केवलम्।
आरोग्यं पुत्रमतुलां श्रिय धान्यं पशूंस्तथा।।५।।
ददाति राहुस्तस्मै यः पठते स्तोत्रमुत्तमम्।
सततं पठते यस्तु जीवेद्वर्षशतं नरः।।६।।

[केतु]

दान एवं धारण करने की वस्तुएँ

ग्रह के दुष्प्रभाव को दूर करने के लिए लहसुनियाँ, सोना, लोहा, तिल, सप्तधान्य, तेल, धूमिल कपड़ा, धूमिल फूल, नारियल, कम्बल, बकरा, शस्त्र का दान रात्रि के समय करना चाहिए।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

इसके धारण करने का रत्न लहसुनियाँ नग या लाजवर्त नग है। रत्न के अभाव में असगन्ध की जड़ को काले कपड़े या धागे में गले अथवा दाहिनी बाँह में धारण करने के साथ नित्य केतुकवचस्तोत्र का पाठ करना चाहिए

केतु का यन्त्र-मन्त्रादि



मनुखेचर-भूपातिथि-विश्व-शिवा दिग्सप्तादशसूर्यमिता ।
क्रमतो विलिखेन्नवकोष्ठमिते परिधार्य नरा दुःखनाशकराः ।।

पुराणोक्त केतु मन्त्र

ह्रीं पलाशपुष्पसंकाशं तारकाग्रह-मस्तकम् ।
रौद्रं रौद्रात्मकं घोरं तं केतुं प्रणमाम्यहम् ।।

वैदिक केतु मन्त्र

ॐ केतु कृण्वन्नित्यस्य मन्त्रस्य मधुच्छन्दा ऋषिः, केतुर्देवता गायत्रीछन्दः, केतुप्रीत्यर्थ जपे विनियोगः।

ॐ केतुं कृण्वन्न केतवे पेशोमर्या अपेशसे। समुषद्भिर-जायथाः।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

तन्त्रोक्त मन्त्र

१. स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः।

२. ॐ ह्रीं केतवे नमः।

केतु गायत्री मन्त्र

ॐ पद्मपुत्राय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नः केतुः प्रचोदयात्।

अथ केतुकवच स्तोत्रम्

विनियोगः–

अस्य श्रीकेतुकवचस्तोत्रमन्त्रस्य त्र्यम्बकः ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, केतुर्देवता, कं बीजम्, नमः शक्तिः, केतुरिति कीलकम् केतुप्रीत्यर्थे जये विनियोगः।

केतुं करालवदनं चित्रवर्णं किरीटिनम्।
प्रणमामि सदा केतुं ध्वजाकारं ग्रहेश्वरम्।।१।।
चित्रवर्णः शिरः पातु भालं धूम्रसमद्युतिः।
पातु नेत्रे पिङ्गलाक्षः श्रुती मे रक्तलोचनः।।२।।
घ्राणं पातु सुवर्णाभश्चिबुकं सिंहिकासुतः।
पातु कण्ठं च मे केतुः स्कन्धौ पातु ग्रहाधिपः।।३।।
हस्तौ पातु सुरश्रेष्ठः कुक्षिं पातु महाग्रहः।
सिंहासनः कटिं पातु मध्यं पातु महासुरः।।४।।
ऊरू पातु महाशीर्षो जानुनी मेऽतिकोपनः।
पातु पादौ च मे क्रूरः सर्वाङ्गं नरपिङ्गलः।।५।।
य इदं कवचं दिव्यं सर्वरोगविनाशनम्।
सर्वशत्रुविनाशं च धारणाद्विजयी भवेत्।।६।।

अथ सर्वग्रहशान्तिकरं नवग्रहस्तोत्रम्

जपाकुसुमसंकाशं काश्यपेयं महाद्युतिम्।
तमोऽरिं सर्वपापघ्नं प्रणतोऽस्मि दिवाकरम्।।१।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

दधिशङ्खतुषाराभं क्षीरोदार्णवसम्भवम्।
नमामि शशिनं सोमं शम्भोर्मुकुटभूषणम्।।२।।
धरणीगर्भसम्भूतं विद्युत्कान्तिसमप्रभम्।
कुमारं शक्तिहस्तं तं मङ्गलं प्रणमाम्यहम्।।३।।
प्रियंगुकलिकाश्यामं रूपेणाप्रतिमं बुधम्।
सौम्यं सौम्यगुणोपेतं तं बुधं प्रणमाम्यहम्।।४।।
देवानां च ऋषीणां च गुरुं काञ्चनसन्निभम्।
बुद्धिभूतं त्रिलोकेशं तं नमामि बृहस्पतिम्।।५।।
हिमकुन्दमृणालाभं दैत्यानां परमं गुरुम्।
सर्वशास्त्रप्रवक्तारं भार्गवं प्रणमाम्यहम्।।६।।
नीलाञ्जनसमाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम्।
छायामार्तण्डसम्भूतं तं नमामि शनैश्चरम्।।७।।
अर्धकायं महावीर्यं चन्द्रादित्यविमर्दनम्।
सिंहिकागर्भसम्भूतं तं राहुं प्रणमाम्यहम्।।८।।
पलाशपुष्पसङ्काशं तारकाग्रहमस्तकम्।
रौद्रं रौद्रात्मकं घोरं तं केतुं प्रणमाम्यहम्।।९।।
इति व्यासमुखोद्गीतं पठेत् सुसमाहितः।
दिवा वा यदि वा रात्रौ विघ्नशान्तिर्भविष्यति।।१०।।
नरनारीनृपाणां च भवेद् दुःस्वप्ननाशनम्।
ऐश्वर्यमतुलं तेषामारोग्यं पुष्टिवर्धनम्।।११।।
ग्रहनक्षत्रजाः पीडास्तस्कराग्निसमुद्भवाः।
ताः सर्वाः प्रशमं यान्ति व्यासो ब्रूते न संशयः।।१२।।

✪✪✪

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❀ विविध रोग दोषादि निवारक तन्त्र ❀

[ज्वर नाशक तन्त्र]

○ शनिवार को प्रातःकाल बबूल की सफेद जड़ को सफेद धागे में लपेट कर हाथ पर बाँधने से ज्वर उतर जाता है।

○ मकोय की जड़ को कान में बाँधने से भी ज्वर में आराम मिलता है।

○ जिस व्यक्ति को केवल रात्रि में ही ज्वर होता हो उसके सिर पर कमल की जड़ रख देने से शीघ्र आराम मिलता है।

○ सफेद जयंती की जड़ को सिर पर धारण करने से किसी भी प्रकार का ज्वर नष्ट हो जाता है।

○ सात दिनों तक काली तुलसी की पत्तियों की माला गले में धारण करने से ज्वर उतर जाता है।

○ रोगी के पैर के नाखून से सिर बराबर लाल सूती धागा नाप कर उसमें नील की जड़ लपेट कर कमर में बाँधने से तिजारी ज्वर उतर जाता है।

○ ऐसी कन्या जिसको माहवारी प्रारम्भ न हुई हो यदि रोगी के दाहिने हाथ में सफेद सूत में लिपटी सहदेई की जड़ बाँध दें तो भूत के भय से उत्पन्न ज्वर नष्ट हो जाता है।

○ लहसुन की एक गाँठ को पीसकर काले कपड़े में बाँध लें। वह कपड़ा रोगी के बाएँ पैर के अंगूठे में बाँध दें। इससे ज्वर उतर जाता है। ज्वर उतरने के बाद लहसुन बँधा कपड़ा खोलकर किसी चौराहे पर फेंक देना चाहिए।

○ कमल की टहनी के छोटे-छोटे टुकड़े करके किसी धागे में पिरो लें। उसे माला की तरह गले में पहनने से सन्निपात ज्वर ठीक हो जाता है।

[सिर दर्द निवारक तन्त्र]

○ रविवार को कच्चे नारियल का पानी निकालकर खड़े होकर मात्र चार घूँट पीयें। नारियल का थोड़ा पानी चुल्लू में लेकर अपने सिर पर डालें।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बचे हुए नारियल पानी को नाक के दोनों नथुनों से ऊपर खीचें। किसी भी तरह का सिरदर्द हो ठीक हो जाएगा।

○ देशी घी में निर्मित गरम जलेबियाँ और उसकी चाशनी प्रतिदिन प्रात:काल कुछ दिन खाने से आधासीसी का दर्द ठीक हो जाता है।

○ प्रात:काल किसी चौराहे पर दक्षिण दिशा की ओर मुँह करके गुड़ की डली दाँतों से काटकर फेंकने से आधासीसी का दर्द ठीक हो जाता है।

○ संगे-पन्ना रत्न को चाँदी की अँगूठी में बनाकर दाएँ हाथ की कनिष्ठिका में पहनने से आधासीसी का दर्द ठीक हो जाता है।

○ बुधवार के दिन गाय को हरी सब्जी खिलाएं। इससे आधासीसी का दर्द ठीक हो जाता है।

○ घुंघची (सफेद चिरमिटी) की जड़ को रोगी के कान में बाँध दें। उसे ताजे पानी में पीसकर सुंघाए। इससे सिरदर्द में आराम मिलता है।

[हिचकी आना]

○ रीठे के फल को धागे में गूँथकर बच्चे के गले में बाँध देने से बच्चे को हिचकी नहीं आती और उसे नजर भी नहीं लगती।

○ दूध पिलाने वाली माँ या धाय के कपड़े में से एक टुकड़ा काटकर पानी में भिगोकर बालक के सिर पर रख देने से हिचकी दूर हो जाती है।

[पतले दस्त अर्थात् अतिसार]

○ गुरु यन्त्र के समक्ष गुरु के मन्त्र का जप करें। इससे अतिसार ठीक हो जाता है।

○ काले अकीक को चाँदी की अँगूठी में जड़वाकर मध्यमा में पहनें। इससे अतिसार ठीक हो जाता है।

[चेचक का इलाज एवं सुरक्षा]

○ साफ कोरे सूत में बहेड़े की गुठली बाँधकर भुजा में धारण करने से शीतला के प्रकोप का भय नहीं रहता।

○ शाम के समय नीम के सूखे पत्तों को कण्डों की आग पर डालकर उसकी धूनी पूरे घर में दें।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

○ नीम की टहनियों को कलावे में बाँधकर बन्दनवार बनाएं और उन्हें घर के सभी दरवाजों पर बाँध दें।

[चर्म रोग निवारक तन्त्र]

○ लाल चन्दन की माला पर सूर्य मन्त्र का जप करने से चर्म रोग ठीक हो जाता है।

○ ताँबे की अँगूठी में गारनेट पहनने से भी चर्म रोग ठीक हो जाता है।

[बवासीर नाशक तन्त्र]

○ शनिवार को बबूल के पेड़ पर उगे बंदा बूटी को निमन्त्रण देकर रविवार को प्रातः ले आएं। एक काले कपड़े में बूटी को सिलकर लाल धागे में रोगी के कमर में बाँध दें। इसके बंधे रहने से पुरानी बवासीर ठीक होगी और फिर कभी नहीं होगी।

○ काले धतूरे की जड़ (लगभग छह माशा) कमर में बाँधने बवासीर ठीक हो जाता है।

○ जवासे के काँटों का आसन बनाकर उस पर सफेद सूती वस्त्र बिछा दें। उन काँटों को पत्थर के टुकड़े से दबा दें जिससे बैठने पर काँटे चुभे नहीं। उस आसन पर कुछ देर रोगी को रोज बैठाने से बवासीर ठीक हो जाता है।

○ सीसे (रांगा) की अँगूठी पैर के अंगूठे में पहनने से बवासीर रोग में आराम मिलता है।

[मिरगी रोग निवारक तन्त्र]

○ रेशम के धागे में जायफल को पिरोकर बनाई गई माला पहनाने से मिरगी रोग ठीक हो जाता है।

○ ब्रह्मबूटी जड़ी को उखाड़ कर उसे कच्चे सूत में बाँध लें। उसकी माला गले में धारण करने से मिरगी का दौरा ठीक हो जाएगा।

○ एक जायफल को लाल धागे में गले में पहनने से मिरगी रोग ठीक हो जाता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

○ सूर्ययन्त्र धारण करने से भी मिरगी रोग ठीक हो जाता है।

○ जूता सुंघाने से भी मिरगी का दौरा शान्त हो जाता है।

○ एक तोले असली हींग को कपड़े में बाँधकर गले में पहनाने से मिरगी का रोग ठीक हो जाता है।

[जिगर-तिल्ली और अफारा]

○ नागफनी की जड़ को गले में गंडे या ताबीज के रूप में पहनाने से अफारा, जिगर एवं तिल्ली का रोग ठीक हो जाएगा।

[फोते छिटकना]

○ पूर्व दिशा में उत्पन्न संभालू की जड़ को बच्चे के गले में पहनाने से फोते अपने स्थान पर बैठ जाते हैं और किसी प्रकार की पीड़ा भी नहीं होती है।

[हृदय रोग निवारक तन्त्र]

○ सायंकाल किसी ताम्रपात्र में जल भरकर उसमें एक पंचमुखी रुद्राक्ष डाल कर रख दें। सुबह खाली पेट उस जल को पी लें। यह कार्य प्रतिदिन करें। इससे हृदय रोग में आराम मिलता है।

○ प्रत्येक शनिवार को गाय को गेहूँ और गुड़ खिलाएं। इससे हृदय रोग में लाभ मिलता है।

○ नियमित रूप से ४३ दिन ताँबे के चौकोर टुकड़े को नदी में प्रवाहित करें। इससे किसी भी तरह के हृदय रोग में आराम होता है।

○ पंचमुखी रुद्राक्ष को इतने लंबे धागे में पिरोकर पहनें कि वह हृदय तक पहुँच जाए। इससे हृदय रोग ठीक हो जाता है।

[दमा रोग निवारक तन्त्र]

○ शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार से तीन सोमवार तक लगातार सफेद रुमाल में मिश्री और एक चाँदी का टुकड़ा बाँध कर किसी नदी में प्रवाहित करें। शिवजी के समक्ष के आटे का दीपक कपूर मिश्रित घी में जलाएं। ऐसा करने से दमा एवं समस्त श्वास सम्बन्धी रोग ठीक हो जाएंगे।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

○ रविवार को एक पात्र में जल भरकर उसमें एक चाँदी की अँगूठी डाल दें। सोमवार को उस जल को खाली पेट पियें। इससे दमा ठीक हो जाता है।

[पथरी रोग निवारक तन्त्र]

○ केले के वृक्ष की छाल का रस निकाल लें। इसका गाय के दूध के घी के साथ सेवन करें। इससे पथरी रोग में आराम मिलता है।

○ वरुण वृक्ष के नीचे दिन में सोने से पथरी धीरे-धीरे गल जाती है।

[पीलिया निवारक तन्त्र]

○ रविवार से शनिवार तक एक सप्ताह दिन में तीन बार एक बड़ी तोरई के छोटे-छोटे टुकड़े करके उसे सूँघे और सिर के ऊपर से पीछे फेंक दें। बाद में ये टुकड़े किसी तालाब के किनारे फेंक दें। इससे पीलिया ठीक हो जाता है।

○ पीलिया के साथ तपेदिक और संग्रहणी के लक्षण भी प्रकट हो गये हों तो लोहे की कड़ाही में उपले की आग से धीरे-धीरे औटाया हुआ बकरी का दूध रोगी को पिलायें। इससे उसके स्वास्थ्य में सुधार होता है।

○ कच्ची लाल प्याज की माला को पहनने से पीलिया रोग ठीक हो जाता है।

○ रविवार को बाँस के ककौड़े की गाँठ को रोगी के समीप जलते चूल्हे पर बाँध दें। जैसे-जैसे गाँठ सूखती जाएगी रोगी को आराम मिलेगा।

[रक्तचाप निवारक तन्त्र]

○ रुद्राक्ष के पाँच दाने लाल धागे में गले में पहनने से रक्तचाप ठीक रहता है।

○ सोने से पहले फिटकिरी से दाँत साफ करने से रक्तचाप में अराम मिलता है।

○ चाँदी की अँगूठी में पन्ना जड़वाकर कनिष्ठिका अंगुली में पहनें। इससे रक्तचाप में आराम मिलता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[कामशक्ति वर्धक तन्त्र]

○ कमलगट्टे को पीसकर नाभि के ऊपर लेप करके सहवास करें तो जब तक लेप रहेगा तब तक वीर्य स्खलित नहीं होगा।

○ फिटकिरी की डली को सफेद सूत में कमर में बाँधकर सहवास करने से अधिक देर तक स्तम्भन होता है।

○ सफेद आम के वृक्ष की जड़ को कमर में बाँधकर सहवास करने से बहुत देर तक स्तम्भन होता है।

○ तुलसी के बीज का चूर्ण पान रखकर खाने के बाद सहवास करने से सात घड़ी तक वीर्य स्खलित नहीं होता है।

[लकवा रोग निवारक तन्त्र]

○ नीलम को लोहे की अँगूठी में मध्यमा में एवं लहसुनिया को चाँदी की अँगूठी में कनिष्ठिका में पहनें। इससे लकवा के रोग में आराम मिलता है।

○ पीपल की जड़ के टुकड़े को काले कपड़े में बाँधकर लकवा पीड़ित व्यक्ति के सिर के नीचे रख दें। इससे लकवा रोग से आसानी से मुक्ति मिल जाती है।

[दाँत दर्द निवारक तन्त्र]

○ किसी छोटे लड़के का दूध का दाँत टूटे तो उसे ताबीज में भर लें। उसे गले में पहनने से दाँत का दर्द ठीक हो जाता है।

○ गाय के सूखे गोबर को दाँतों और मसूड़ों पर मलने से दाँत दर्द ठीक हो जाता है।

○ हरड़ के चूर्ण को शहद में मिलाकर भूनें। इसे गुटके की तरह दाँतों के नीचे रखने से दाँतों के कीड़े नष्ट हो जाते हैं।

○ दाँतला नामक रत्न को चाँदी की अँगूठी में जड़वाकर अनामिका में धारण करें। इससे दाँत का दर्द ठीक हो जाता है।

[सर्प विषनाशक तन्त्र]

○ हीरा अथवा फिरोजा पहनने वाले व्यक्तियों को विषैले जन्तुओं से खतरा नहीं होता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

○ घर में निर्गुण्डी की जड़ रखने से सर्प का भय नहीं होता।

○ रात को सोने से पहले 'आस्तीक' नामक सर्प को नित्य प्रणाम करने से सर्प का भय नहीं रहता।

○ मोर के पंखों को घर में रखें। इससे सर्प का भय समाप्त हो जाता है।

○ नीम के पत्तों को बिछाकर उस पर साँप काटे व्यक्ति को सुला देने से विष उतर जाता है।

[मधुमेह नाशक तन्त्र]

○ रात्रि में कुश की चटाई पर सोने से मधुमेह रोग में आराम मिलता है।

○ पिसी हल्दी में आँवले का रस और शहद मिलाकर चाटने से मधुमेह रोग में लाभ मिलता है।

○ अनामिका में सफेद मूँगा और तर्जनी में सफेद पुखराज पहनने से मधुमेह ठीक हो जाता है।

[कुष्ठ रोग निवारक तन्त्र]

○ शनि के यन्त्र को धारण करने से भी कुष्ठ रोग में आराम मिलता है।

○ शनिवार को पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर शनि स्तवराज का पाठ करें। इससे कुष्ठ रोग में आराम मिलता है।

[सन्तान प्राप्ति के तन्त्र]

○ यदि कन्या के बाद पुत्र की कामना हो तो उत्पन्न हुई कन्या की विधिवत् पूजा करें। उसे नमस्कार करके बन्धु-बान्धवों को खीर, जलेबी का भोजन करायें। इससे पुत्र अवश्य प्राप्त होता है।

○ नीबू की जड़ को दूध में पीसकर उसमें शुद्ध देसी घी मिला लें। इसके सेवन से पुत्र प्राप्ति होती है।

○ काली अपराजिता की जड़ को बछड़े वाली गाय के दूध में पीस लें और रजोधर्म के पश्चात् निरन्तर तीन दिन तक पियें तो गर्भधारण होता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

○ जिस स्त्री के पहली सन्तान लड़का हो, उस लड़के की नाल जो नि:सन्तान स्त्री खोलेगी उसे सन्तान की प्राप्ति अवश्य होगी।

[पीड़ा रहित प्रसव कराने के तन्त्र]

○ चकमक पत्थर को कपड़े में लपेट कर गर्भवती स्त्री की जंघा पर बाँध दें। इससे सुखपूर्वक प्रसव हो जाता है।

○ केले की जड़ या हुलहुल की जड़ को गर्भिणी स्त्री की बाँह में बाँध देने से उसे प्रसव के समय कष्ट नहीं होता है।

○ सूर्यमुखी और पाटल की जड़ में सूती धागे की पाँच गाँठ देकर निर्मित गंडे को स्त्री के गले में पहनाने से उसे बिना कष्ट के प्रसव होता है।

○ स्त्री की कमर में नीम या बाँस की जड़ बाँध देने से प्रसव सुख से हो जाएगा।

[हिचकी रोकने के तन्त्र]

○ कोई तनाव देने वाली झूठी बात बताने से भी हिचकी ठीक हो जाती है।

○ रोगी के मुँह पर अचानक ठंडे पानी का छींटा मारे। इससे हिचकी ठीक हो जाती है।

○ अचानक डराने से भी हिचकी ठीक हो जाती है।

[पेट के विविध रोग निवारक तन्त्र]

○ लगातार ४३ दिनों तक किसी नदी में गुड़ प्रवाहित करें। इससे अजीर्ण एवं अम्लता रोग से मुक्ति मिलती है।

○ ताँबे में लाल जैस्पर मंगलवार को अनामिका में पहनें। इससे अजीर्ण एवं अम्लता रोग में लाभ मिलता है।

[घबराहट रोकने का तन्त्र]

○ यशव का ताबीज गले में पहनें। इससे भ्रम, बैचेनी और घबराहट ठीक हो जाती है।

[गर्भ न ठहरने के तन्त्र]

○ राई के दाने बराबर पुरुष के कान का मैल और बाकले का एक

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

दाना छोटे पश्मीने के टुकड़े में डालकर गले में पहनने पर स्त्री के गर्भ नहीं ठहरेगा।

○ बच्चे का दूध का टूटा हुआ दाँत जमीन पर गिरने से पहले ही ताबीज में धारण करने वाली स्त्री कभी गर्भवती नहीं होगी।

○ मासिक धर्म के पश्चात् पाँच दिनों तक लगातार पान की जड़ का रस पीने से गर्भ नहीं ठहरता।

[मूत्र बंदी निवारक तन्त्र]

○ यदि किसी का मूत्र रुक जाए तो हत्थाजोड़ी को पानी के साथ घिसकर वस्ति पर लेप करें। इससे शीघ्र ही मूत्र हो जाएगा।

○ सेंधा नमक मलमार्ग पर रखकर कसकर लंगोट से बाँधें। इससे मूत्र रुकना ठीक हो जाता है।

[गर्भपात रोकने के तन्त्र]

○ जिस स्त्री का बार-बार गर्भपात हो जाता है उसे कुसुम के पुष्प में रंगे सूती कपड़े में एक साबूत करंजवे को बाँधकर सुखपूर्वक प्रसव होने तक धारण करना चाहिए। तत्पश्चात् इस गंडे को किसी जलाशय के किनारे छोड़ आना चाहिए।

○ जिस स्त्री का गर्भ बार-बार समय से पूर्व गिर जाता है उसे गर्भवती होने पर ढाक के सात नए और साफ पत्ते प्रतिमाह के क्रम से (प्रथम माह सात पत्ते, दूसरे माह छह पत्ते, तीसरे माह पाँच पत्ते, चौथे माह चार पत्ते, पाँचवे माह ३ पत्ते, इसी प्रकार हर माह एक पत्ता घटाकर) गाय के दूध के साथ सेवन करने से गर्भपात नहीं होगा।

[मोटापा बढ़ाने के तन्त्र]

○ सम्हालू की जड़ को पीसकर शुद्ध घी के साथ नित्य सेवन करें। इससे दुबला व्यक्ति शीघ्र मोटा और स्वस्थ हो जाता है।

○ चार जौ के बराबर गोरोचन बादाम के साथ खायें। इससे शीघ्र ही मोटापा बढ़ता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[आँख का जाला ठीक करने का तन्त्र]

○ काली कौड़ी को गुलाबजल में घिसकर आँखों में लगाने से आँखों का जाला ठीक हो जाता है। इससे आँखों की रोशनी भी ठीक हो जाती है।

[घाव ठीक करने का तन्त्र]

○ हुक्के के बासी पानी से नासूर को एक सप्ताह तक धोयें। घाव धोया हुआ पानी किसी चौराहे पर छोड़ आयें। इससे नासूर सूख जाता है।

○ काली कौड़ी को पीसकर घाव पर लगाने से घाव ठीक हो जाता है।

[बालक का कम बोलना ठीक करने वाला तन्त्र]

○ कौए की जूठन खिलाने से कम बोलने वाला बालक धाराप्रवाह बोलने लगता है।

[बिच्छू विषनाशक तन्त्र]

○ बेर, पलाश और पावड़ा को महीन पीस लें। इनको आक के दूध में मिलाकर छोटी-छोटी गोली बना लें। बिच्छू के काटे हुए स्थान पर गोली घिसकर लगाने से विष उतर जाता है।

○ कड़वे नीम के पत्तों या कसोंदी के पत्तों को चबाकर कान में फूँकने से बिच्छू का विष उतर जाता है।

[चोर भय से मुक्ति के तन्त्र]

○ भरणी नक्षत्र काल में पान का पत्ता लाएं। सुपारी एवं कत्था डालकर बीड़ा बनायें। बीड़े को चोरी वाले स्थान पर रख दें। इससे चोरी की गई वस्तु मिल जाती है।

○ शुक्ल पक्ष में पुष्य नक्षत्र काल में श्वेत गुंजा की जड़ लाकर बिस्तर पर रख दें। इससे चोर का भय नहीं रहता।

[दुर्घटना से रक्षा करने वाले तन्त्र]

○ शनिवार को काले रंग की पोटली में काले तिल, उड़द, सुपारी एवं सिंदूर रखकर उसे अपने वाहन के आगे बाँध दें। इससे दुर्घटना से रक्षा होती है।

○ कटैला से निर्मित कुत्ते को वाहन में रखने से दुर्घटना से बचाव होता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[विपत्ति नाशक तन्त्र]

○ एक भोजपत्र पर 'टं' बीज मन्त्र लिखकर उसे ताबीज में भर लें। उसे दाहिने हाथ में बाँधें। यह सभी विघ्नों एवं विपत्तियों को समाप्त करता है।

○ घर या ऑफिस में नौ मोरपंख लगायें। ये विपत्तियों से रक्षा करते हैं।

[भूत बाधा एवं जादू टोना नाशक तन्त्र]

○ पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र काल में बहेड़े का पत्ता लाकर घर में रखें। इससे किसी भी प्रकार के टोटके का असर नहीं होता।

○ लहसुन के रस में हींग घोलकर सुंघाने से भूत-प्रेत का प्रकोप समाप्त हो जाता है।

[शस्त्राघात से बचाने वाला तन्त्र]

○ सुदर्शन की जड़ अथवा सफेद घुंघची की जड़ अथवा अपामार्ग की जड़ को धागे से बाँधकर हाथ में पहनें। इससे शस्त्राघात से रक्षा होती है।

[आयुवर्धक तन्त्र]

○ घर में बाँस का पौधा लगाने से परिवार के सदस्यों की आयु बढ़ती है।

○ काले धतूरे के पौधे पर जल चढ़ाने से अकाल मृत्यु नहीं होती है और आयु बढ़ती है।

[धन लाभ के तन्त्र]

○ पुष्यार्क योग में सफेद मदार (आक) की जड़ को ले आएं। उसे द्रव्य के साथ पूजाघर में रखने से लाभ होता है।

○ त्रिगुण्डी और सफेद सरसों घर या दुकान के मुख्य द्वार पर रखने से व्यापार में लाभ होता है।

[कुत्ता काटने पर तन्त्र]

○ कुत्ता काटने पर काटने वाले कुत्ते के बाल जलाकर घाव पर लगा देने से विष का प्रभाव कम हो जाता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[भोजन को नजर से बचाने का तन्त्र]

○ खाना खाने से पहले भूमि, मेज या चौकी पर जल से त्रिकोण बनाकर उस पर थाली रखें। ऐसा करने से किसी के सामने भोजन करने पर नजर नहीं लगती।

[खाना कम न पड़ने का तन्त्र]

○ खाना बनाने के बाद भोजन को कपड़े से ढककर रख दिया जाए और अंत तक कपड़ा न हटाया जाए तो भोजन कम नहीं पड़ता।

[बर्रे, मधुमक्खी काटने पर तन्त्र]

○ बर्रे या मधुमक्खी काटने पर चूने का पानी लगाने से जलन, सूजन और विष का प्रभाव नहीं रहता।

○ बर्रे काटने पर पीड़ित व्यक्ति को शहद खिलाएं। इससे जलन, सूजन और विष का प्रभाव समाप्त हो जाता है।

[अफीम एवं शराब का नशा उतारने के तन्त्र]

○ नारियल की गिरी खिलाकर दूध पिलाने से शराब का नशा उतर जाता है।

○ मूली और फिटकरी को पानी में घिसकर पिलाने से शराब का नशा उतर जाता है।

○ सीताफल के पत्तों का रस पिलाने से अफीम का नशा उतर जाता है।

[गंजापन दूर करने के तन्त्र]

○ शहद और चिरचिटी के बीजों को पीसकर सात दिन तक लगायें। इससे गंजापन दूर हो जाता है।

○ खुरासानी, अफीम और अजवाइन आधा ग्राम लेकर सिरके में पीस लें। इसे पाँच-सात बार लगायें। इससे गंजापन दूर हो जाता है।

[स्त्री रोग संबंधी तन्त्र]

○ शुक्रवार को एरंड की जड़ सफेद धागे में बाँधकर कमर में पहनें। इससे प्रदर रोग ठीक होता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

○ उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में व्याघ्रनखी की जड़ उखाड़ लें। इसे सफेद धागे से बाँधकर प्रदर रोग से पीड़ित स्त्री की कमर में बाँध दें। इससे प्रदर रोग ठीक हो जाता है।

○ चाँदी की अँगूठी में हीरा जड़वा कर पहनें। इससे भी प्रदर रोग में आराम होता है।

[मिचली रोकने के तन्त्र]

○ बुध यन्त्र को धारण करें। बुध के मन्त्र का जप करें। इससे भी मिचली ठीक हो जाती है।

○ बड़ी सुपारी के बराबर सोनाग्रेस्न के सात टुकड़ों को कंडों पर तपाकर सात कटोरी पानी में बुझाकर पीने से लाभ होता है।

[खांसी ठीक करने का तन्त्र]

○ लोबान के पौधे की जड़ को धागे में बाँधकर गले में धारण करें। इससे खांसी ठीक हो जाती है।

○ सफेद सरसों (शरपुंखा) की जड़ को चिलम में रखकर पीने से खांसी ठीक हो जाती है।

[रक्तदोष निवारक तन्त्र]

○ प्रतिदिन स्नान करने के बाद कटसरैया (पियावांसा) के पीले फूलों की माला रोगी गले में धारण करें। इससे रक्तदोष दूर हो जाता है।

○ सम्हालू की जड़ को पीसकर उसमें शहद मिला लें। उसका सेवन करने से रक्तदोष ठीक हो जाता है।

[अनिद्रा रोग निवारक तन्त्र]

○ बकरी का दूध हाथ पैर पर मलें। इससे अनिद्रा रोग ठीक हो जाता है।

○ कौंच की जड़ पीसकर माथे पर लेप करने से अनिद्रा रोग ठीक हो जाता है।

○ श्वेत गुंजा की जड़ को सिरहाने रखकर सोयें। इससे अच्छी नींद आती है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[कमर दर्द निवारक तन्त्र]

○ तकिये के नीचे काले कपड़े में लपेटकर पीपल की जड़ रख लें। इससे कमरदर्द ठीक होता है।

○ उल्टी पैदा होने वाली स्त्री दर्द वाले स्थान पर हाथ या पैर से ७बार मार दे तो दर्द ठीक हो जाता है।

[स्वप्नदोष निवारक तन्त्र]

○ शुक्र यन्त्र का नियमित दर्शन करें और शुक्र मन्त्र का जप करें। फिरोजा धारण करें। इससे स्वप्नदोष नहीं होता।

○ काले धतूरे की जड़ को ताबीज में भरकर धागे से कमर में बाँधने से स्वप्नदोष ठीक हो जाता है।

[कान दर्द निवारक तन्त्र]

○ मंडूर के टुकड़े को कमल की डंठल से बाँधकर कान पर लटका दें। इससे कान दर्द ठीक हो जाता है।

[होंठों के रोगनाशक तन्त्र]

○ लोबान, गुग्गुल, मुलहठी और देवदारु को पीसकर होंठों पर लगायें। इससे वायु के कारण होने वाले होंठों के रोग ठीक हो जायेंगे।

[सभी प्रकार के रोगों से मुक्ति के तन्त्र]

○ रोगी के पलंग के पाये में अभिमन्त्रित गोमती चक्र को चाँदी के तार से बाँध दें। इससे सभी प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है।

○ कोई भी रोग हो उसकी दवा को पहले शिव मंदिर में चढ़ाकर भगवान से शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करें। इसके बाद उस औषधि का सेवन करें। इससे औषधि रामबाण का कार्य करती है।

○ रोगी के पीने वाले जल में थोड़ा-सा गंगाजल मिला लें। इस जल को पीने से उसके सभी रोग ठीक हो जायेंगे।

○ चुटकी भर हींग अपने ऊपर से ७बार उतारकर उत्तर दिशा में फेंकें। इससे सभी प्रकार के रोग ठीक हो जाते हैं।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

○ श्वेत आक की जड़ को गले में पहनने से सभी प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है।

[डर समाप्त करने का तन्त्र]

○ ताँबे के लोटे में जल भरकर उसमें गुड़हल का पुष्प डाल दें। इस लोटे को ढककर सिरहाने चारपाई के नीचे रख दें। प्रातः उठकर गुड़हल का पुष्प सूर्य देवता को चढ़ायें। इससे डर लगना बंद हो जाता है।

○ सात सफेद धागे को मिलाकर बटें। उसे धागे में चन्द्रमा डालकर गले में धारण करें। इससे डर नहीं लगता।

○ कभी-कभी अकारण ही भय लगने लगता है। ऐसा हो तो शनिवार को सवा पाव काला तिल काले कपड़े में बाँधकर सात बार पीड़ित व्यक्ति के ऊपर से उतार लें। इसे किसी नदी में प्रवाहित करें। इससे डर लगना बंद हो जाएगा।

[दुर्भाग्य को दूर करने का तन्त्र]

○ शनिवार को कटोरी में सरसों का तेल और सिक्का डालकर उसमें अपनी परछाई देखें और तेल दान कर दें।

○ चीटियों को भुने हुए आटे में चीनी का बूरा मिलाकर बनाई गयी पंजीरी खिलाएं।

○ भगवान शिव पर नित्य प्रातः जल चढ़ाने, प्रत्येक सोमवार को दीपक जलाने और प्रदोष का व्रत करने से ऋण से शीघ्र मुक्ति मिल जाती है।

○ प्रत्येक शुक्रवार को निर्धनों में चना एवं गुड़ बाँटने से रोजगार की बाधा दूर होगी।

○ घर, दुकान अथवा कार्यालय में गाय के आगे खड़े होकर वंशी बजाते हुए भगवान् कृष्ण का चित्र रखने पर कर्जा नहीं चढ़ता और धन डूबने की सम्भावना भी कम रहती है।

[व्यवसायिक सफलता का तन्त्र]

○ दुकान खोलने से पहले मुख्य द्वार पर गंगाजल छिड़कें। इससे व्यवसाय में लाभ मिलता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

○ कपूर और रोली को जलाएं। उसकी राख को गल्ले में रखें। इससे व्यापार में दिनोदिन उन्नति होती है।

○ नारियल को लाल वस्त्र में लपेट कर दुकान में रखें। इससे व्यवसाय में प्रगति होती है।

○ काले तिल और सफेद सरसों को दुकान के मुख्य द्वार पर रखने से व्यवसाय में सफलता मिलती है।

○ श्रीयन्त्र को कमलगट्टे की माला पर रखने से व्यवसाय में उन्नति होती है।

[पारिवारिक सुख-शान्ति के लिए तन्त्र]

○ शनिवार को उड़द, सरसों का तेल, लोहे का बर्तन एवं काला वस्त्र दान करें। इससे दाम्पत्य जीवन का तनाव समाप्त हो जाएगा।

○ बुधवार को कुछ देर मौन व्रत रहने से पति-पत्नी में विवाद नहीं होता है।

○ शयन कक्ष में मोर पंख लगाने से पति पत्नी के मन में एक-दूसरे के लिए शंका नहीं होती है।

○ घर में इत्र की शीशी खरीद कर रखने से पति पत्नी में विवाद नहीं होता है।

○ डबल बेड पर कभी दो गद्दे न बिछाएं। एक ही बड़ा गद्दा बिछाएं। इससे दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा।

[अभिचार कर्म निवारक तन्त्र]

○ श्वेत अपामार्ग की जड़ को पीस कर उससे माथे पर तिलक करें। इससे सम्मोहन का असर समाप्त हो जाता है।

○ महीने के प्रथम शनिवार को काले कपड़े में चावल बाँधकर घर के चारों कोनों में रखने से किसी भी तांत्रिक क्रिया का असर नहीं होता।

○ पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में बहेड़े का पत्ता लाकर अपने घर में रखें। इससे अभिचार कर्मों का कोई असर नहीं होता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

[मनोकामना पूर्ति के तन्त्र]

○ प्रात:काल किसी मन्दिर में पाँच लाल फूल हनुमानजी को चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं।

○ प्रात:काल पीपल के वृक्ष में जल चढ़ाकर प्रार्थना करने से मनोकामना शीघ्र पूर्ण होती है।

○ बरगद के पत्ते पर अपनी मनोकामना लिखकर किसी नदी में प्रवाहित करें। इससे मनोकामना शीघ्र पूर्ण हो जाती है।

○ तुलसी के पौधे में जल अर्पित करने से मनोकामना पूर्ण हो जाती है।

[भयनाशक तन्त्र]

○ सूर्य की पूजा करके सूर्य को जल चढ़ाएं। इससे सभी प्रकार के अनिष्टों का भय समाप्त हो जाता है।

○ रविवार को पुष्य नक्षत्र काल में काले धतूरे की जड़ उखाड़े लें। उसे गले में पहनने से अनिष्ट का भय समाप्त हो जाता है।

○ प्रात:काल लौंग डालकर सरसों के तेल का दीपक जलाएं। उसे किसी निर्जन स्थान में रख दें। इससे सभी प्रकार के भय दूर हो जाएंगे।

○ नियमित रूप से ७ शनिवार सायंकाल पीपल की जड़ में जल चढ़ाएं। इससे अस्त्र-शस्त्र का भय नहीं रहता है।

○ आश्लेषा नक्षत्र में आँवले की जड़ उखाड़ लें। उसे दाहिने हाथ में पहनें। इससे सभी प्रकार का भय समाप्त हो जाता है।

[बुरी नजर से बचाने वाले तन्त्र]

○ काले भांगरे की जड़ को बच्चे के गले में पहनाने से भी बुरी नजर से बच्चे की रक्षा होती है।

○ लहसुन, बाक, राई, नमक, प्याज के छिलके एवं सूखी लाल मिर्च को नजर लगे व्यक्ति पर से सात बार उतारकर अंगारों में डाल दें। जलने पर बदबू न आए तो समझें नजर लगी है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

○ बच्चे को नजर लगने से बचाने के लिए उसके पालने के किसी भाग में एक साबूत लालमिर्च, सिन्दूर, लोहे की एक नुकीली कील तथा साबूत उड़द के कुछ दानें, इन सबको सफेद सूती कपड़े में पोटली बनाकर बाँध देना चाहिए। फिर किसी की कुदृष्टि उसे परेशान न कर पाएगी।

○ रविवार के दिन बच्चे के सिर से तीन बार दूध उतारकर मिट्टी के पात्र में भर दें और दूध कुत्ते को पिला दें।

○ बच्चे को सफेद मदार के फूलों की माला पहनाने से भी नजर लगने का भय समाप्त हो जाता है।

○ एक साबुत नीबू लें। हनुमानजी का स्मरण करते हुए उसे नजर लगे व्यक्ति के सिर से पैर तक उतार लें। फिर किसी चौराहे पर उस नीबू को काटकर चारों ओर फेंक दें। छुरी भी चौराहे पर ही छोड़ दें। इससे किसी भी प्रकार की नजर लगी हो उतर जाएगी।

○ नये वाहन या मशीन पर काले रंग का फीता या चुटिया बाँध देना चाहिए। इससे नजर नहीं लगती।

○ शनिवार के दिन हनुमानजी के मन्दिर से हनुमानजी के कंधों का सिन्दूर लाकर नजर लगे व्यक्ति के मस्तक पर लगा देना चाहिए।

○ दुकान को नजर लगी हो तो रविवार अथवा मंगलवार के दिन सात लाल मिर्च धागे में पिरोएं और बीच में नीबू पिरो दें। इन्हें दुकान के प्रवेश द्वार पर माला की तरह बाँध दें। इससे नजर उतर जाएगी।

○ नजर लगे व्यक्ति के ऊपर से फिटकिरी उतार कर उसे बाएँ हाथ से कूट लें। उस चूर्ण को कुएँ में डाल दें। नजर उतर जाएगी।

[घर के वास्तुदोष निवारक तन्त्र]

○ टायलेट के दरवाजे हमेशा बंद रखने चाहिये।

○ कैक्टस के पौधे घर अथवा ऑफिस में नहीं लगाना चाहिये। इससे रोग, दुर्भाग्य और हानि की संभावना बढ़ती है। कैक्टस के पौधे हमेशा घर एवं ऑफिस के बाहर लॉन में लगाने चाहिये। यह रक्षक की भूमिका निभाता है और बुरी बलाओं से रक्षा करता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

○ विवाह के प्रारंभिक वर्षों में शयनकक्ष की दीवारों को गुलाबी अथवा पीच रंग से सजायें।

○ विवाहित जोड़ों को कमरे में रसदार फलों एवं बच्चों के चित्र टाँगने चाहिये।

○ बेडरूम में दर्पण नहीं लगाना चाहिये। यहाँ दर्पण की मौजूदगी विवाहित जोड़े के विवाह और प्रेम को बाधित कर देती है। यदि बेडरूम में दर्पण रखना ही है तो उसे सोते समय ढक देना चाहिये।

○ बैठने के स्थान के पीछे दीवार हो तो इससे स्थायित्व का वातावरण निर्मित होता है।

○ शयनकक्ष में नीले रंग की चादर, वालपेपर अथवा कालीन का प्रयोग कभी न करें।

○ बेडरूम के सामने ही ड्राइंग रूम हो तो ध्यान दें कि फर्नीचर के कोने एक दूसरे के सामने बैठे लोगों की तरफ न हों।

○ शयनकक्ष में डबलबेड का एक ही बड़ा गद्दा बिछाना चाहिये। दो गद्दे बिछाना अनुचित है। इसका दुष्प्रभाव इस पर सोने वाले युगल पर पड़ता है और उनके मधुर संबंधों में कटुता आ जाती है।

✪✪✪

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh